आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024
वर्ष 5, अंक 309, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 14

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 13

सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी मुठभेड़ में ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम

अमृत विचार : सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ रविवार देर रात बदमाशों की घेराबंदी की। बाइक से भाग रहे बदमाशों का उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में पुलिस से सामना हो गया। बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया, जवाबी फायरिंग में एक बदमाश मारा गया।

ऑस्कर के लिए नामित हुई फिल्म लापता लेडीज

चेन्नई। किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

एक नजर

विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्याखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं, सामूहिक शक्ति में निहित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन को किया संबोधित
- मानव केंद्रित दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन में कहा कि मानवता की सफलता युद्ध के मैदान में नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति में निहित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा हॉल के प्रतिष्ठित मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करते हुए मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत नमस्कार से की और कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र में 1.4 अरब भारतीयों या मानवता के छठे हिस्से की आवाज लेकर आए हैं।

भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जब अंतर्राष्ट्रीय समुदाय विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहा है, तो सर्वोच्च प्राथमिकता मानव-केंद्रित दृष्टिकोण को दी जानी चाहिए। इससे पहले 'भविष्य के शिखर सम्मेलन' के पहले दिन विश्व नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से 'भविष्य का समझौता' को मंजूरी दे दी थी। साथ ही 'ग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्ट' और 'भविष्य की पीढ़ियों पर घोषणा पत्र' को भी स्वीकार कर लिया गया था। अपने पांच मिनट के संबोधन में मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि मानवता की सफलता हमारी सामूहिक शक्ति में निहित है, युद्ध के मैदान में नहीं।

'भविष्य का शिखर सम्मेलन' और उसके बाद वार्षिक महासभा का उच्च स्तरीय सप्ताह इजराइल-हमास संघर्ष और यूक्रेन युद्ध के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन, असमानता और गहरे भू-राजनीतिक विभाजन की चुनौतियों के बीच हो रहा है। समझौते के पांच व्यापक फोकस क्षेत्रों में सतत विकास, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी युवा और भावी पीढ़ियां तथा वैश्विक शासन में परिवर्तन शामिल हैं। यह कल की पीढ़ियों के लिए अधिक सुरक्षित, अधिक शांतिपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी दुनिया की दिशा में सदस्य देशों द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों और प्रतिबद्धता के लिए आधार तैयार करता है।

पूरी दुनिया के लिए काम करता रहेगा भारत : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के सम्मेलन में कहा कि वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए एक तरफ आतंकवाद बड़ा खतरा है, तो दूसरी तरफ साइबर खतरे जैसी कई नई चुनौतियां भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं जोर देकर कहूंगा कि वैश्विक कार्रवाई, वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खाती हुई होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि हमें ऐसी ग्लोबल डिजिटल गवर्नेंस चाहिए, जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रहे। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रचर एक ब्रिज की तरह होना चाहिए, न कि अवरोध की तरह। उन्होंने कहा कि भारत के लिए वन अर्थ, वन फैमिली और वन फ्यूचर एक समर्पण है और भारत पूरी दुनिया की समृद्धि के लिए मन, जुबान और कर्म से काम करता रहेगा।

खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

नई दिल्ली। एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

तिरुमला, एजेंसी

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।

प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम

मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

पटाखों और पराली जलाने पर सख्ती से लगाएं रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने राज्यों के मुख्य सचिवों को दिए निर्देश

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में सोमवार को वायु प्रदूषण को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। जिसमें वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एनसीआर में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और चार्जिंग बुनियादी ढांचे को विकसित करने की तत्काल जरूरत पर जोर दिया गया। राज्यों से पराली जलाने और पटाखों पर सख्ती से रोक लगाने की बात कही गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पीके मिश्रा ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों से चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) का सख्ती से और समय पर क्रियान्वयन का आह्वान किया। जीआरएपी सर्दियों में लागू किया जाने वाला प्रदूषण-रोधी उपाय है।

प्रधान सचिव ने पंजाब, हरियाणा और यूपी के मुख्य सचिवों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने और पराली के उपयोग में छोटे उद्योगों को सहायता देने के निर्देश दिए।

छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई।

भविष्य की चिंता

कौशल विकास मिशन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह, उप्र. के 2677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक निराश

बजट 150 करोड़ का, केंद्र-राज्य का ड्रीम प्रोजेक्ट फिर भी बेपटरी

अजय दयाल, लखनऊ

- लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित, लेकिन अभी अवसर नहीं
- दस लाख रुपये की एफडी लगाई, सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने बेरोजगारी का संकट

> अभी हमें टारगेट नहीं मिला है, टारगेट मिलते ही ट्रेनिंग शुरू कर दी जाएगी। बजट की कोई समस्या नहीं है। संभवत: अगले माह इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मूर्त रूप दे दिया जाएगा। – **अभिषेक सिंह**, मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन, उप्र.

अमृत विचार : लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये का बजट है, किंतु निर्धारित लक्ष्य नहीं। लगभग ढाई हजार प्रशिक्षण केंद्र हैं, लेकिन वहां सिर्फ सन्नाटा। लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित हैं, पर अभी अवसर नहीं। स्टार्टअप और ट्रेनिंग पार्टनर्स को भविष्य की चिंता सताने लगी है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में बेपटरी हो रहा है। यह ड्रीम प्रोजेक्ट है कौशल विकास मिशन का। इसका प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दिलाना या स्वरोजगार में मदद करने का है।

फिलहाल स्थिति यह है कि वर्ष 2024-25 में 01 अप्रैल से आरंभ हुए सत्र में एक भी नई ट्रेनिंग शुरू नहीं हुई। ऐसे में उप्र. के 2,677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक गहरी निराशा में हैं। सत्र 2022-23 में इन्हीं ट्रेनिंग सेंटर की संख्या 2,276 थी जिसमें 2023-24 में 400 की बढ़ोत्तरी हो गई थी। आईटीआई और पॉलिटेक्निक सेंटर को छोड़ ऐसे निजी प्रशिक्षण केंद्र जो किराए पर हैं, उनके सामने आर्थिक संकट है। यही नहीं, दस लाख रुपये की एफडी जमाकर न्यू स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम पाने वाले सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने अब बेरोजगारी का संकट खड़ा होने वाला है। इनमें अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर दस लाख की एफडी मिशन में जमा की है। हालांकि 2022-23 और 2023-24 के सत्र उपलब्धि वाले रहे। उन सत्रों में क्रमशः 3.48 लाख पंजीकृत युवाओं में से 1.55 ने ट्रेनिंग ली और 97,286 को अलग-अलग क्षेत्रों में नियुक्ति भी मिल गई। इसके बाद 3.49 लाख युवाओं ने ट्रेनिंग हासिल करने को पंजीकरण कराया। इनमें से 2.23 ने प्रशिक्षण पूरा किया और 1.30 को रोजगार भी मिला।

अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को नहीं मिला लक्ष्य

वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए प्रशिक्षणदाताओं को लक्ष्य फरवरी 2022 में ही दे दिया गया था। इससे प्रशिक्षणदाताओं को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल गया था और जिन लोगों ने किराए आदि पर प्रशिक्षण केंद्र बनाएं हैं, उन्हें भी पर्याप्त समय मिल गया था। वह बताते हैं कि इस बार अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं दिया गया है।

आज का मौसम

तेज हवा के साथ बारिश का अनुमान

34.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- क्षत्रिय महासभा के 15 वें स्थापना दिवस बदायूं रोड स्थित प्रयागो बरातघर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे से।
- माहौर वैश्य धर्मशाला नवदुर्गा मंदिर रोहली टोला में श्रीमद् भागवत कथा शाम 6 बजे
- श्री द्वारकाधीश सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नैनीताल रोड पर अनिल शहीद गेट के समीप शिव पार्वती मंदिर में श्रीराम कथा शाम 5 बजे
- अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर महिला जिला अस्पताल में पौधरोपण पूर्वाह्न 11 बजे
- श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर के कथा स्थल पर रासलीला सुबह 9 से 12 और रामलीला का मंचन 6 बजे से।
- नगर निगम के मीटिंग हाल में जनसुनवाई सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक
- श्री भागवत अमृत वर्षा वर्षा मिनी बायपास रोड स्थित कृष्ण होम्स कॉलोनी में शाम 5 बजे से

नगर निगम ने लीला रच दी... अब रामलीला होना मुश्किल

वनखंडीनाथ मंदिर के पास जिस जमीन पर 52 साल से लग रहा था दशहरा मेला, उस पर चारदीवारी बनवाकर लगवा दिए सैकड़ों पौधे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अब नगर निगम से अनुमति के लिए चक्कर काट रहे हैं मेला समिति के पदाधिकारी
- कई चक्कर लगाने के बाद भी अभी नहीं बनी बात, पुरानी परंपरा तोड़ने का आरोप

अमृत विचार : जोगी नवादा में वनखंडी नाथ मंदिर के पास इस बार 52 साल पुराने रामलीला दशहरा मेले के आयोजन पर विराम लगने की आशंका गहरा गई है। लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा यह मेला अब तक नगर निगम की जिस 25 बीघा जमीन पर लगता था, उसे नगर निगम ने अपने कब्जे में ले लिया है। उस पर चारदीवारी बनवाने के साथ जमीन पर सैकड़ों पौधे भी लगा दिए हैं। अब स्थिति यह है कि रामलीला कमेटी के लोग मेयर से लेकर नगर निगम के अफसरों तक चक्कर काट रहे हैं लेकिन मेला लग पाने की अब तक कोई सूरत नहीं निकल पाई है।

चूंकि नगर निगम की अनुमति के बगैर अब दशहरा मेला लगना मुमकिन नहीं रह गया है, इसलिए वनखंडी नाथ मंदिर से संबद्ध श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों ने 20 सितंबर को मेयर उमेश गौतम से मिलकर उन्हें मेला लगाने की अनुमति के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। सोमवार को समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर, संरक्षक हरिओम राठौर समेत कई पदाधिकारी फिर मेयर उमेश गौतम और नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से मिले लेकिन मेला लगाने की अनुमति के बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया। रामलीला समिति के पदाधिकारियों में इस वजह से नाराजगी का भी माहौल है।

समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर का कहना है कि 1972 में श्री रामलीला समिति रजिस्टर्ड हुई थी। दशहरा मेला यहां उससे पहले से ही लगता आ रहा है। सैकड़ों साल पुरानी परंपरा को तोड़ने की जिस तरह कोशिश की गई है, वैसा नहीं होना चाहिए। यह दशहरा मेला लाखों लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है। नगर निगम की इसी जमीन पर लगता आ रहा है, लेकिन इस बार नगर निगम ने उसके चारों तरफ दीवार खड़ी कराने के साथ सैकड़ों पौधे लगवा दिए हैं। सैकड़ों एकड़ जमीन आसपास पहले खाली पड़ी थी लेकिन अब उस पर ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हो गई हैं। मेयर से अनुमति दिलाने और पौधों की सुरक्षा कराने के लिए अपनी मांगें रखी हैं।

वनखंडी नाथ मंदिर के पास इस मैदान में लगता था मेला। ● फाइल फोटो

> श्री रामलीला समिति के लोग मिले थे। अपर नगर आयुक्त को मौका मुआयना कर मेला लगाने की संभावनाएं तलाशने को कहा है। उनकी रिपोर्ट आने पर ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। - **संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

उम्मीद के सहारे प्रशासन से एनओसी लेने के लिए आवेदन

श्री रामलीला समिति के पदाधिकारियों को उम्मीद है कि नगर निगम से अनुमति मिल जाएगी और दशहरा मेले की 52 साल पुरानी परंपरा जारी रहेगी। इसी उम्मीद के सहारे उन्होंने एनओसी लेने के लिए आवेदन कर दिया है। समिति के संरक्षक हरिओम राठौर ने बताया कि दशहरा मेला के लिए पुलिस-प्रशासन से अनुमति लेने की प्रक्रिया चल रही है। उम्मीद है कि एक-दो दिन में अनुमति मिल जाएगी। नगर निगम को भी यह पुरानी परंपरा बचाने के लिए अपनी जमीन पर दशहरा मेला लगाने की अनुमति दे देनी चाहिए।

कर्मचारियों ने कहा- अब कोई मेला नहीं लगेगा

पदाधिकारियों के मुताबिक 20 सितंबर को समिति के अध्यक्ष सुरेश चंद्र राठौर, उपाध्यक्ष दीपक राठौर, संरक्षक धर्मेंद्र राठौर रिंकू, संरक्षक हरिओम राठौर, सुनील दत्त शर्मा, मंत्री अजय मौर्य और वार्ड 48 के पार्षद डॉ. बनवारी लाल शर्मा और वार्ड 65 के पार्षद अभिषेक गुप्ता ने संयुक्त रूप से मेयर को दिए प्रार्थना पत्र में कहा था कि इस वर्ष 26 सितंबर से 13 अक्टूबर तक श्रीरामलीला समिति बाबा वनखंडीनाथ मंदिर में दशहरा मेला होना है लेकिन दशहरा मेला ग्राउंड को नगर निगम ने चारदीवारी बनवाकर बंद कर दिया है और उसमें पौदे लगा दिए हैं। कहा गया है कि मेला समिति के पदाधिकारी मेला ग्राउंड पर तैनात किए गए चौकीदार ौर कर्मचारियों से मिलने गए तो उन्होंने साफ कह दिया कि यहां अब कोई मेला नहीं लगेगा।

बरेली कॉलेज के जल्द खुल सकते हैं सीज खाते

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में नगर निगम के करोड़ों के टैक्स के बकाया होने से सीज खाते खुलवाने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। कॉलेज में मंगलवार को नगर निगम की टीम पैमाइश के लिए पहुंच सकती है।

बरेली कॉलेज पर 1998 से 2024 तक करीब 27 करोड़ रुपये का टैक्स बकाया है। लंबे समय से बरेली कॉलेज की ओर पत्राचार कर बताया जा रहा था कि कॉलेज सरकारी और ऐतिहासिक धरोहर है, निगम को इस पर टैक्स नहीं लगना चाहिए, जबकि नगर निगम का तर्क था कि निगम के 100 मीटर दायरे में आने के चलते टैक्स लगाया जा रहा है। टैक्स जमा न होने पर निगम ने कॉलेज के खाते सीज कर दिए थे। इससे कॉलेज के तमाम काम अटक गए। मामले के निस्तारण के लिए 10 सितंबर को तत्कालीन नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स से कॉलेज प्रबंधन समिति के सचिव देवमूर्ति, प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने मुलाकात कर फ्रीज खाते खुलवाने के लिए चर्चा की थी। बताते हैं कि कॉलेज की दोबारा पैमाइश कर न्यूनतम कर के साथ रिअसेसमेंट किया जाएगा। 14 सितंबर को नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स का स्थानांतरण हो गया। इससे पैमाइश अटक गई।

पैमाइश के लिए बनी टीम

अब नए नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से पत्राचार किया गया है, जिसमें मंगलवार को चार सदस्यीय टीम को नामित कर पैमाइश के लिए भेजने की बात पर सहमति बनी है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि पैमाइश में टीम का सहयोग किया जाएगा। न्यूनतम दर पर कर को किस्तों में जमा करने की प्रक्रिया प्रबंधन के सहयोग से करेंगे।

एक नजर

विश्वविद्यालय में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 53 लाख मिले

बरेली, अमृत विचार : शासन ने राज्य के आठ राज्य विश्वविद्यालयों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना के लिए 3 करोड़ 88 लाख 77 हजार आठ सौ रुपये जारी किए हैं। इसमें एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय को 53 लाख 95 हजार रुपये मिले हैं। उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के एक्सपर्ट पैनल की रिपोर्ट के बाद प्रदेश के 58 शिक्षकों के प्रोजेक्ट को स्वीकृति मिली है, इसमें रुहेलखंड विश्वविद्यालय के आठ शिक्षक शामिल हैं। इनमें प्रो. मदनलाल के प्रोजेक्ट कम्युटेशनल फ्लुइड्स डाइनामिक्स के लिए 9 लाख 40 हजार, डॉ. अतुल सरोज के प्रोजेक्ट ट्रेन कॉलिजन एवाइडेंस के लिए 11 लाख, प्रो. एसके पांडेय के कोरोना महामारी के प्रोजेक्ट के लिए एक लाख 50 हजार, डॉ. सौरभ मिश्रा के प्रोजेक्ट के लिए नौ लाख 40 हजार, डॉ. देश दीपक शर्मा के प्रोजेक्ट के लिए 12 लाख, डॉ. मुकुल कुमार गुप्ता के सेंटर ऑफ रोबोटिक्स ऑटोमेशन एंड कंट्रोल के लिए 11 लाख 40 हजार, प्रो. विनय ऋषिवाल के प्रोजेक्ट के लिए तीन लाख 85 हजार और डॉ. आभा त्रिवेदी के प्रोजेक्ट के लिए चार लाख 80 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं।

हर तरफ बरपा है हंगामा...क्योंकि बिजली गुल

ज्यादातर इलाकों में छह से सात घंटे तक की कटौती से लोग बेहाल, कई जगह विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : शासन और पावर कॉरपोरेशन के 24 घंटे सप्लाई के दावों के बीच शहर में भारी कटौती से लोगों पर काफी बुरी बीत रही है। चुनिंदा इलाके छोड़कर ज्यादातर इलाकों में रोज छह से सात घंटे की कटौती हो रही है। इससे लोग परेशान हैं। बिजली विभाग के आठ महीने बाद भी थमने में नहीं आ रहे मरम्मत कार्य भी शहर के लिए सिरदर्द बने हुए हैं।

लोगों का दुखड़ा यह भी है कि लगातार कटौती के बावजूद बिजली विभाग के अफसर इस दावे से टस से मस होने को तैयार नहीं हैं कि शहर में 24 घंटे सप्लाई की जा रही है। पिछले दिनों सुभाषनगर में कई दिन तक बिजली गुल रहने के बावजूद 24 घंटे सप्लाई की रिपोर्ट शासन को भेजे जाने का मामला उजागर हुआ था।

इससे साफ हो गया था कि पब्लिक की परेशानी की चिंता के बजाय विभागीय अफसरों का पूरा जोर फर्जी रिपोर्टिंग पर है। हद यह है कि जिले के जनप्रतिनिधियों की ओर से भी बड़े पैमाने पर बिजली कटौती के मुद्दे हाल ही में हुई कई बैठकों में उठाए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद इसमें कोई सुधार होने में नहीं आया है।

महानगर सबस्टेशन से घंटों बंद रखी बिजली, लोग पहुंचे तो बोले- खंभे बदलवा रहे हैं

बरेली, अमृत विचार : छोटी विहार में जर्जर खंभे बदलने के लिए महानगर उपकेंद्र से दोपहर में बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई। कई घंटे बाद भी बिजली नहीं आने से लोग भीषण गर्मी में परेशान हो गए। लोगों ने उपकेंद्र के अधिकारियों से बात की तो बताया खंभे बदलने का पता चला। करीब साढ़े 4 घंटे बाद शाम को पौने 6 बजे सप्लाई शुरू हुई। वहीं सोमवार को कई इलाकों में लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। किला के कई मोहल्ले में फाल्ट और केबल जलने से 3 से 4 घंटे तक सप्लाई बाधित रही। सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, सिविल लाइंस आदि इलाकों में भी यही हाल रहा।

बरेली कॉलेज की कक्षाओं में गर्मी से उबले छात्र

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज की कक्षाओं में बिजली न आने की वजह से छात्र सोमवार को काफी देर तक गर्मी से उबलते रहे। वाणिज्य विभाग में पसीने से तरबतर कई विद्यार्थियों ने चक्कर आने की शिकायत की। कुछ अध्यापकों ने भी बिजली समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की स्थिति से छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि बिजली की समस्या का जल्द ही समाधान कराया जाएगा।

आज भी कई इलाकों में गुल रहेगी बिजली

एसडीओ सीबीगंज रोहित सिंह ने बताया कि मंगलवार को सीबीगंज के बरेली वन फीडर पर मरम्मत कार्य की वजह से सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। इसकी वजह से स्वालेनगर, लीची बाग, राजा कॉलोनी, मिनी बाईपास, किला छावनी, चंदन नगर, आनंद विहार, जागृति नगर आदि आदि इलाके प्रभावित होंगे। जर्जर खंभे बदलने की वजह से महानगर उपकेंद्र से महानगर कॉलोनी की सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। वहीं हरूनगला उपकेंद्र के फीडर रामगंगानगर के आशीष रॉयल पार्क कॉलोनी में मंगलवार को कंडक्टर डालने के काम की वजह से सुबह 9 से शाम 5 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

तीन सौ बेड अस्पताल में घंटे भर ठप रही सीटी स्कैन यूनिट, हंगामा

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल में बिजली गुल होने के कारण एक घंटे तक सीटी स्कैन यूनिट ठप पड़ी रही। जांच नहीं हुईं तो गुस्साए मरीजों और तीमारदारों ने हंगामा किया। कई रोगी स्ट्रेचर पर दर्द से कराहते रहे। इनमें कई बुजुर्ग मरीज भी थे। सोमवार को आम दिनों की तुलना में सीटी स्कैन यूनिट के बाहर मरीजों की संख्या ज्यादा थी। इनमें पांच मरीज स्ट्रेचर पर लेटे थे। दोपहर साढ़े बारह बजे बिजली चली गई और करीब एक घंटे तक बिजली नहीं आई। इस बीच जांच नहीं हो पाई तो परेशान होकर मरीजों और तीमारदारों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्टाफ से भी उनकी नोकझोंक हुई। कई मरीजों ने सीएमएस से भी शिकायत की। अस्पताल में शासन की ओर से कोविड काल में भेजे गए दो बड़े जेनरेटर भी हैं लेकिन वे धूल फांक रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार डीजल न मिलने से उसका उपयोग नहीं हो पा रहा है।

बिजली के बकाया बिल पर मीटर उखाड़ा तो सबस्टेशन पहुंची भीड़

बरेली, अमृत विचार: कटघर मोहल्ले में सोमवार को बकाया बिल पर बिजली मीटर उखाड़ने पर उपभोक्ता ने हंगामा किया। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ किला उपकेंद्र पर पहुंचकर भी हंगामा किया। अधिकारियों ने किसी तरह मामले को शांत कराया।

बिजली विभाग की टीम सोमवार को कटघर मोहल्ले में बकाया बिल पर कनेक्शन चेक करने के लिए गई थी। एक उपभोक्ता पर लगभग 50,000 रुपये का बकाया होने पर टीम ने मीटर उखाड़ लिया। इस पर उपभोक्ता ने हंगामा किया। टीम ने फोन कर उपकेंद्र से साथियों को बुलाया। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह से मामले को शांत किया। इसके बाद उपभोक्ता ने अपने साथियों के साथ उपकेंद्र पर पहुंचकर हंगामा किया। इस दौरान जमकर कहासुनी हुई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। अधिकारियों ने किसी तरह से मामले को शांत किया। उपभोक्ता के मुताबिक उनका बिल गलत आ रहा है जिसे सही करने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रहा था। पिछले महीने उसने 20,000 रुपये भी जमा किए थे लेकिन पत्नी की तबीयत खराब होने की वजह से वह बचा हुआ बिल जमा नहीं कर सके। एसडीओ किला राम खिलावन ने बताया कि उपभोक्ता पर 50000 का बकाया बिल था, जिसकी वजह से कनेक्शन काटा गया।

जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर पर भीड़ की वजह से कड़ी धूप में मरीजों को पसीना बहाना पड़ा। ● अमृत विचार

मंडल में बदायूं में मलेरिया के सबसे ज्यादा केस, डेंगू के सर्वाधिक केस बरेली में

अंकित चौहान, बरेली

- मलेरिया के केसों में बरेली दूसरे नंबर पर, पीलीभीत में सबसे कम
- मंडल में आठ महीने में मलेरिया के 5657 केस सामने आ चुके
- एडी हेल्थ ने शासन को भेजी डेंगू और मलेरिया के बारे में रिपोर्ट

अमृत विचार : मंडल में बदायूं और बरेली में मलेरिया का प्रकोप अधिक है। विभागीय आंकड़े भी यही बता रहे हैं। मलेरिया के सबसे ज्यादा केस बदायूं में सामने आ चुके हैं। जबकि दूसरे नंबर पर बरेली है। पीलीभीत में सबसे कम मरीजों की संख्या है। वहीं डेंगू के केस सबसे ज्यादा जिले में हैं। एडी हेल्थ ने पिछले आठ महीने की रिपोर्ट शासन को भेजी है। प्रभावित इलाकों में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम को अभियान चलाया जा रहा है। दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार जनवरी से 20 सितंबर तक मंडल के चारों जिलों में मलेरिया के कुल 5657 मरीज सामने आ चुके हैं। बदायूं में 2619 , बरेली में 2118 , शाहजहांपुर में 522 और पीलीभीत में 398 लोगों में मलेरिया की पुष्टि हो चुकी है। वहीं, मंडल में बरेली में डेंगू के केस सबसे ज्यादा हैं। यहां 35 मरीज सामने आ चुके हैं। बदायूं में 9, पीलीभीत में 10 और शाहजहांपुर में 7 लोगों में डेंगू की पुष्टि हो चुकी है। जैसे जैसे मौसम में ठंडक का असर बढ़ेगा, वैसे-वैसे डेंगू के मामलों की संख्या में और इजाफा होगा।

तराई क्षेत्र में ज्यादा नहीं पनप पाते हैं मच्छर

मंडलीय सर्विलांस ऑफीसर डॉ. अखिलेश्वर सिंह के मुताबिक पीलीभीत में मलेरिया और डेंगू के प्रकोप कम होने का कारण वहां का मौसम भी है। तराई क्षेत्र होने से मच्छर अधिक प्रभावी नहीं होते हैं। संचारी रोगों से बचाव के प्रति जागरूकता भी बड़ा कारण है।

2018 में मलेरिया के केसों में टॉप पर था जिला

वर्ष 2018 में मलेरिया के मामलों में जिला प्रदेश में पहले स्थान पर काबिज हो चुका है। जिसके बाद संचारी रोगों की रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं, इसकी निगरानी शासन स्तर से की जा रही है। हालांकि, बीते वर्षों की तुलना में जिले में मलेरिया के मरीजों की संख्या में कमी आई है।

रेडिएशन हीट छुड़ा रही है पसीना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से चार दिन गर्मी से लोगों को मिल सकती है राहत
- सितंबर में 31-34 डिग्री रहने वाला औसत तापमान इस वर्ष बढ़कर 33-35 डिग्री सेल्सियस

अमृत विचार: सितंबर में खुशनुमा रहने वाला मौसम इस वर्ष गर्माहट का अहसास करा रहा है। औसतन पारा भी सामान्य से 2 से 2.5 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञानी इसकी वजह उष्मीय विकरण को मान रहे हैं। इसके अलावा पिछले कई दिनों से बारिश नहीं होने की वजह से भी सितंबर में अधिक गर्मी हो रही है। सितंबर में औसतन अधिकतम तापमान 31-34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है लेकिन इस वर्ष यह 33-35 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज हो रहा है।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई दिनों से उष्मीय विकरण यानी रेडिएशन हीटिंग की वजह से गर्माहट बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि सूर्योदय के समय बादल नहीं होने से सोलर रेडिएशन हो जाता है यानी सूर्य की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं। ये किरणें अधिक तीक्ष्ण होने से पारे में अधिकतम का अहसास कराती हैं। इनको रात तक ठंडा होने में समय लगता है, इसलिए दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म हो रही हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव होगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी। चार दिन तक बारिश के आसार हैं। इससे अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट होगी। जिले में सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक 35.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस अधिक 25.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिला अस्पताल में मरीजों के लिए दवा बाद में, पहले कड़ी धूप

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल में सोमवार को पर्चा काउंटर से लेकर ओपीडी तक मरीजों की भीड़ दिखी। टीनशेड के नीचे जगह नहीं बची तो मरीज बाहर धूप में खड़े हो गए। इसकी वजह से उनहें काफी परेशानी हुई। 800 मरीजों ने रजिस्ट्रेशन कराया। सबसे अधिक बुखार के रोगियों की संख्या रही। सुबह 7 बजे ही अस्पताल परिसर में मरीजों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। 8 बजे जैसे ही पर्चा काउंटर खुले, वैसे ही मरीजों की लंबी लाइनें लग गईं। मरीजों को ओपीडी और फिर दवा काउंटर पर भी काफी देर तक लाइन में लगना पड़ा।

सीएमओ कार्यालय में लगी दिव्यांगों और उनके तीमारदारों की लंबी कतार।

दिव्यांग भी जूझे दिक्कतों से

सीएमओ कार्यालय में सोमवार को आयोजित दिव्यांग शिविर में अव्यवस्थाएं हावी रहीं। इस वजह से दिव्यांगों को परेशानी हुई। यहां दिव्यांगों के लिए बैठने का इंतजाम नहीं किया गया था। थक कर कई दिव्यांग जमीन पर ही बैठ गए, मगर अफसरों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

पार्षदों के ढेर सवाल... जवाब देने के लिए सिर्फ 30 मिनट

थमे विकास कार्यों से सवालों में घिरे नगर निगम में बोर्ड की बैठक आज, कई पार्षदों ने की भड़ास निकालने की तैयारी

कार्यालय संवाददता, बरेली

अमृत विचार : काफी समय से शहर में विकास कार्यों के थमे होने से सवालों में घिरे नगर निगम बोर्ड की मंगलवार को होने जा रही बैठक के एजेंडे ने पार्षदों की त्योरियां चढ़ा दी हैं। कई पार्षदों की ओर से तमाम प्रमुख मुद्दों पर सौंपे गए प्रश्नों के जवाब उपलब्ध कराने के लिए सिर्फ 30 मिनट का समय एजेंडे में निर्धारित किया गया है। माना जा रहा है कि प्रश्नों का समुचित ढंग से जवाब न मिलने पर बैठक में हंगामा हो सकता।

नगर निगम में नई कार्यकारिणी के गठन के बाद मंगलवार सुबह 11 बजे नगर निगम के सभागार में बोर्ड की बैठक बुलाई गई है। सोमवार को इस बैठक का एजेंडा पार्षदों तक पहुंच गया। एजेंडे में 11 प्रस्ताव शामिल हैं। इन पर चर्चा के अलावा पार्षदों की ओर से पूछे गए प्रश्नों के जवाब देने और दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। कई पार्षद इतना कम समय निर्धारित करने पर संतुष्ट नहीं हैं। हालांकि नगर निगम के अलग-अलग विभाग सोमवार को उनके प्रश्नों का जवाब तैयार करने में जुटे रहे। एजेंडे में शामिल प्रमुख प्रस्ताव एलईडी लाइटों की खरीदारी, पालतू कुत्तों के लिए लाइसेंस लागू करने पर विचार, 40 कर्मचारियों को रखने की अनुमति, हाउस टैक्स में छूट 31 अक्टूबर तक बढ़ाने और 133 निर्माण कार्यों को स्वीकृति देने पर विचार किए जाने से संबंधित हैं।

- हाउस टैक्स में छूट की अवधि बढ़ाने और कुत्तों पर लाइसेंस लागू करने का भी प्रस्ताव
- एलईडी लाइटों की खरीदारी और 133 निर्माण कार्यों की स्वीकृति पर भी होगा विचार

बोर्ड की बैठक के लिए किस पार्षद के क्या-क्या प्रश्न

राजेश अग्रवाल

- विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पटल और कार्यक्षेत्र बताया जाएं, किस शासनादेश के तहत उनकी नियुक्ति हो रही है।
- विज्ञापन एजेंसी के यूनिपोल के लिए स्वीकृत किराए दर की क्या स्थिति है। इस समय किन जगहों पर किस साइज के यूनिपोल लगे हैं, उनका कितना किराया है।
- टैक्स निर्धारण के दौरान शहर में कितने भवनों का फोटो नहीं मिला और कितने भवनों की मैचिंग नहीं हो पाई। इसकी सूची भी उपलब्ध कराई जाए।

छंगालाल मौर्य

- कुतुबखाना और शहामतगंज सब्जी मंडी में उगाही के लिए कितने कर्मचारी हैं, उन पर एक महीने में कितना खर्च होता है। हर महीने आय की कितनी राशि नगर निगम में जमा हो रही है।

सर्वेश रस्तोगी

- निर्माण विभाग में कुल कितने रिपेयर गैंग है और कितने कर्मचारी लगे है। मार्च 2023 से मार्च 2024 तक इनके वेतन के लिए कितनी धनराशि दी गई है। इनके वाहनों और ड्राइवरों पर कितना पैसा खर्च हुआ है।

गौरव सक्सेना

- नए बोर्ड के गठन के बाद प्रत्येक पार्षद के नाली-सड़क आदि कितने काम कितनी धनराशि से पूरे कराए गए है। टेंडर होने के बाद भी जिन कामों के वर्क ऑर्डर जारी नहीं किए गए हैं, उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए।
- जलकल सुविधा, लाइट और हैंडपंप पर हुए खर्च के साथ पौधरोपण के लिए उद्यान विभाग को किए भुगतान और हाउस टैक्स के बारे में जानकारी दी जाए।

सतीश कातिब

- टैक्स विभाग में कितने नामांतरण लंबित हैं और डबल डिमांड की फाइलों की क्या स्थिति है। भवनों को मिलने वाली छूट के बारे में जानकारी दी जाए।
- कोर्ट में विचाराधीन भूखंड उदयपुर खास की वर्तमान हालत क्या है।
- जलकल विभाग ने अब तक सभी वार्डों कितने मीटर लगाए हैं। वार्ड 23 में निर्माण कार्यों की स्थिति क्या है।

चाय पत्ती में मिले लोहे के कण और सिंथेटिक रंग

बरेली, अमृत विचार : चायपत्ती, बूंदी और बर्फी के नमूने जांच में असुरक्षित निकले हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से पिछले महीने लिए गए नमूनों की जांच रिपोर्ट शनिवार को आयी। 10 में से तीन नमूने असुरक्षित और दो नमूने मिथ्याछाप निकले हैं।

बर्फी और बूंदी लड्डू भी असुरक्षित पाए गए हैं। तेल, मिल्क केक, पेड़ा, सोनपापड़ी के नमूने अधोमानक पाए गए हैं। छेना मिठाई और बेसन के लड्डू मिथ्याछाप निकले हैं। खाद्य सहायक आयुक्त अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया ये सभी नमूने अगस्त में लिए गए थे। अब इनकी जांच रिपोर्ट आई है।

इससे पहले भी कई खाद्य पदार्थों के सैंपल जांच में सही नहीं पाए गए हैं। ऐसे में साफ है कि बाजार में हर चीज में मिलावट की जा रही है।

झोलाछाप के गलत इलाज से बच्चे की मौत, हंगामा

भुता, अमृत विचार : गांव कुआडांडा में एक झोलाछाप के गलत इलाज से बच्चे की मौत हो गई है। इसके बाद परिजनों ने उसकी दुकान पर जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ते देख आरोपी झोलाछाप दुकान बंद करके भाग गया। गांव कंजा चकरपुर निवासी नवल किशोर के 25 दिन के बच्चे को बुखार आया उसे वह गांव कुआडांडा में गांव बुधौली निवासी झोलाछाप को दिखाया। उसने भर्ती करके इलाज शुरू किया। दो दिन इलाज चलने के बाद रविवार को शाम लगभग 7 बजे बच्चे की मौत हो गई। इस विषय में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी कुआडांडा, प्रकाश चंद्र गुप्ता का कहना है कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है ,यदि ऐसा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

फिर निशाने पर रहे बिजली विभाग और पीडब्ल्यूडी के अफसर

प्रभारी मंत्री की समीक्षा बैठक में विधायकों ने कहा- जिले ने इस बार झेला अभूतपूर्व बिजली संकट, अफसरों ने फोन तक नहीं उठाए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले भर में खराब सड़कों का मुद्दा भी उठाया, पीडब्ल्यूडी अफसरों को बताया बेपरवाह
- मंत्री बोले, सड़क-बिजली सरकार की छवि का मामला, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार: प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर की पहली बैठक में बिजली और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी जनप्रतिनिधियों के सीधे निशाने पर रहे। विधायकों ने कहा कि जिले में इस बार अभूतपूर्व बिजली संकट रहा, अधिकारियों ने राहत दिलाने की कोशिश के बजाय लोगों के फोन उठाने बंद कर दिए। जिले में सड़कों की खराब हालत पर भी भारी नाराजगी जताई गई। प्रभारी मंत्री ने कहा कि अच्छी बिजली सप्लाई और सड़कें सरकार की छवि प्रदर्शित करती हैं, इसमें कोई लापरवाही हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने जिले का प्रभारी बनने के बाद सोमवार शाम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। वनमंत्री एवं शहर विधायक डॉ. अरुण कुमार ने शहर में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए संवेदनशील इलाकों में पुलिस चौकियां बनाने पर जोर दिया। कहा, अति संवेदनशील क्षेत्र बानखाना के साथ चौपुला रोड के नीचे जहां थाना किला, कोतवाली और सुभाषनगर की सीमा मिलती हैं, वहां भी पुलिस चौकी बननी चाहिए। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने यह कहते हुए उनका समर्थन किया कि चौपुला पुल के नीचे ज्यादा भीड़ रहती है और दो पुल जुड़ते है, इसलिए पुलिस चौकी जरूरी है।

विधायकों ने परसाखेड़ा स्थित ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रेक पर तकनीकी दिक्कतों की वजह से स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस न बनने का भी मामला उठाया। प्रभारी मंत्री ने एआरटीओ को वहां व्यवस्था दुरुस्त कराने का निर्देश दिया। बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने रामगंगा पर अधूरे बैराज को पूरा कराने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह परियोजना पूरी होने से बरेली और बदायूं दोनों जिलों को लाभ मिलेगा। उन्होंने छुट्टा गोवंशीय पशुओं के लिए और वृहद गोशालाएं बनवाने की मांग भी की। अस्पतालों में होने वाली मौतों की सूचना मेल के जरिए पुलिस को उपलब्ध कराने का भी सुझाव दिया।

डूडा जैसे महत्वपूर्ण विभाग में विभागाध्यक्ष की तैनाती न होने का मुद्दा उठा तो जिलाधिकारी ने बताया कि उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी को डूडा का चार्ज दिया गया है। पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 10 मंदिरों का जीर्णोद्धार चल रहा है। नाथ सर्किट में सात नाथ मंदिरों की 11 सड़कों का निर्माण पीडब्ल्यूडी करा रहा है। सभी छह द्वार भी निर्माणाधीन हैं। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, विधायक डॉ. श्याम बिहारी लाल, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, बीडीए उपाध्यक्ष मणिकंडन ए, नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, डीएफओ दीक्षा भंडारी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर। ● अमृत विचार

पशुधन मंत्री आपके जिले के, छुट्टा पशुओं के बारे में उन्हीं से पूछिए

बिथरी सीएचसी पर मीडिया से रूबरू हुए प्रभारी मंत्री से पत्रकारों ने छुट्टा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ने पर सवाल पूछा तो उन्होंने दोटूक जवाब दिया कि पशुओं के विभाग के मंत्री तो बरेली के ही हैं, आप लोग ये सवाल उन्हीं से पूछिए। सीएसची पर एक्सरे मशीन और हेल्थ एटीएम चलाने के लिए टेक्नीशियन की तैनाती न होने के सवाल पर बोले स्वास्थ्य सेवाएं पहले से बेहतर हुई हैं। विभाग में जल्द स्टाफ की समस्या का समाधान किया जाएगा। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड में छह यूनिट की बाध्यता को गंभीर समस्या बताते हुए कहा, इस बारे में ऊपर बात करेंगे।

प्रभारी मंत्री के निर्देश

रोजगार पाने वालों यूनिक आईडी बनाएं

प्रभारी मंत्री ने अफसरों को सुझाव दिया कि जनपद के जिन युवाओं को रोजगार मिल चुका है, उनके लिए एक यूनिक आईडी बनाई जाए ताकि जानकारी रहे कि कितनों को रोजगार मिल चुका है और कितनों को देना है।

एआरटीओ अनधिकृत बसों पर कार्रवाई करें

वाणिज्य कर, आबकारी, स्टाम्प/रजिस्ट्रेशन, परिवहन विभाग की समीक्षा की। विधायकों ने जनपद में डग्गामार बसों की समस्या रखी तो एआरटीओ को 15 दिन में जो अनधिकृत बसों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मेगा फूड पार्क पर डीएम से रिपोर्ट मांगी

डॉ. अरुण कुमार ने बहेड़ी के मेगा फूड पार्क की दीवार और दिल्ली की कंपनी के प्लाट को किच्छा नदी से खतरा बताते हुए वहां बांध बनवाने की मांग की। पुल की भी जरूरत बताई। मंत्री ने डीएम से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

तीन सौ बेड अस्पताल में स्थाई डॉक्टर तैनात कराएं

वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, संजीव अग्रवाल, ड. राघवेंद्र शर्मा ने तीन सौ बेड अस्पताल का मुद्दा उठाया। कहा, अस्पताल में डॉक्टरों की स्थाई तैनाती नहीं है, न उसकी बिल्डिंग हैंडओवर हुई है। इससे लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल का नया नामकरण करने का सुझाव दिया। बताया गया कि डीएम की ओर से शासन को इस अस्पताल के संबंध में एक प्रस्ताव भेजा गया है। प्रभारी मंत्री और संजीव अग्रवाल ने डीएम से प्रस्ताव की कॉपी मांगी ताकि उसे मंजूर कराने के लिए शासन में पैरवी की जा सके।

आरसीसी रोड बनाकर साइड में नहीं डाल रहे मिट्टी

पीडब्ल्यूडी अफसरों ने बताया कि जनपद में 45 कार्यों में से 35 पूरे हो चुके हैं। बरसात के कारण लेपन कार्य नहीं हो पाया है। जनपद में 529 किमी सड़क गड्ढामुक्त की गई थीं, बारिश के बाद 31 दिसंबर तक दोबारा अभियान चलाया जाएगा। मंत्री ने अफसरों को आगाह किया कि सड़कों गुणवत्ता से समझौता न करें। विधायकों ने कहा कि आरसीसी रोड बनाने के बाद साइडों में मिट्टी न डालने से दुर्घटना की आशंका रहती है।

आयुष्मान भुगतान में बरेली प्रदेश में नंबर वन

सीडीओ जग प्रवेश ने बताया कि जिले मं तीन लाख 13 हजार परिवारों में आयुष्मान कार्ड बने हैं। इसका लक्ष्य 77 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आयुष्मान कार्ड के तहत चिकित्सा भुगतान में बरेली प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। मंत्री ने पात्रों को सूची में जोड़ने के लिए शासन को पत्र भेजने को कहा।

पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर 7.27 लाख की ठगी की

बरेली, अमृत विचार : साइबर ठगों ने टेलीग्राम आईडी से पार्ट टाइम नौकरी का झांसा देकर एक महिला के साथ सात लाख 27 हजार रुपये ठग लिए। महिला ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पवन विहार निवासी अंजलि सब्बरवाल के मुताबिक उनके व्हाट्सएप नंबर पर प्रिया नाम की युवती का मेसेज आया था। प्रिया ने पार्ट टाइम नौकरी देने का झांसा दिया और टेलीग्राम आईडी का लिंक भेजा। लिंक के माध्यम से उन्हें एक वेबसाइट से जोड़ा गया। इसमें उन्हें काम दिया गया और काम के बदले पैसे दिए गए। उन्हें शुरुआत में 150 से 300 रुपये का फायदा हुआ तो उन्हें और काम दिया गया लेकिन इसके बाद मोटे मुनाफे का झांसा देकर उनके खाते से सात लाख 27 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। ठगी का एहसास होने पर अंजलि ने रुपये लौटाने को कहा तो ठगों ने साफ मना कर दिया। इस पर उन्होंने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं। ऑनलाइन जॉब के नाम पर भी ठगी की जा रही है।

एक नजर

पंखे की मरम्मत कर रहे युवक की करंट से मौत

भमोरा, अमृत विचार : थाना भमोरा क्षेत्र के चमपतपुर गांव में घर में लगे पंखे की रिपेयरिंग करते समय करंट लगने से युवक झुलस गया। परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। चमपतपुर गांव निवासी उत्तर देवी ने बताया रविवार शाम को उसके पति श्यामबाबू घर में लगे पंखे को ठीक कर रहे थे। अचानक करंट की चपेट में आने से पति बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। उत्तर देवी ने बताया उसके नौ वर्षीय बेटा है, पति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करते थे। सोमवार सुबह परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना अंतिम संस्कार कर दिया।

सिगरेट पीने के विवाद में दो पक्ष भिड़े, चार घायल

बरेली, अमृत विचार : थाना किला क्षेत्र में सोमवार रात सिगरेट पीने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस ने छह लोगों को हिरासत में लिया है। चंदन नगर निवासी रोहित ने बताया कि उसका भाई रजा कॉलोनी में एक जिम में कसरत के लिए जाता है। वह शनिवार को जिम से बाहर आकर सिगरेट पीने लगा तभी बिलाल, मुस्तकीम आदि ने मारपीट की थी। उस दौरान आसपास के लोगों ने समझौता करा दिया। सोमवार को रात 9 बजे वह लोग जिम से बाहर निकले कि तभी बिलाल, मुस्तकीम ने मारपीट की, जिसमें उनके, आनंद और सागर को चोटें आईं। वहीं बिलाल और मुस्तकीम का कहना है कि जिम से बाहर आते वक्त रोहित, मोहित और सागर और उनके अन्य साथियों ने हमला किया था।

मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

बरेली, अमृत विचार : थाना कोतवाली और एसओजी ने मोबाइल लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गए नौ मोबाइल, दो तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बदमाशों की पहचान संजय नगर निवासी संगम गुप्ता और मढ़ीनाथ निवासी अनीस उर्फ विजय के रूप में हुई है।

होटल में आग लगने से भगदड़ मची

बरेली, अमृत विचार : बारादरी में ईंट पजाया चौराहा के पास एक होटल में आग लगने से भगदड़ मच गई। खाना खा रहे लोग जान बचाने के लिए बाहर को भागे। अग्निशमन विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाई। अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि ईंट पजाया चौराहा के पास मोहम्मद सगीर का दिल्ली चिकन बिरयानी सेंटर के नाम से होटल है। होटल में सोमवार दोपहर 2 बजे अचानक आग लग गई, जिससे खाना खा रहे लोगों में अफरातफरी मच गई। लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया, कोई जनहानि नहीं हुई है।

व्यापारियों ने इंस्पेक्टर आंवला के खिलाफ मोर्चा खोला

आंवला, अमृत विचार : कस्बे में चोरी की वारदातों पर लगाम न लगने पर व्यापारियों ने इंस्पेक्टर आंवला के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने इंस्पेक्टर आंवला सिद्धार्थ सिंह तोमर को हटाने आदि मांग कर एसएसपी कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। प्रदेश संगठन मंत्री सुनील गुप्ता के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया कि नगर में आये दिन चोरी, लूट की घटनाएं हो रही हैं। जिससे व्यापारियों में रोष व्याप्त है। इंस्पेक्टर आंवला घटनाओं को रोक पाने में पूर्णत: असमर्थ प्रतीत हो रहे है। संगठन ने विभिन्न मांगे कर इंस्पेक्टर को तत्काल हटाने की मांग की है। इस दौरान अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

पशु तस्कर गाय के पैर काटकर भागे

बरेली, अमृत विचार : थाना बिथरी चैनपुर के दलतपुर में पशु तस्करों ने गाय के पैर काटकर भाग गए। बरेली पुलिस के एक्स अकाउंट पर मामले की शिकायत की गई है।

अरविंद श्रीवास्तव के डिबार आदेश पर बार काउंसिल ने लगाई रोक

बरेली, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश बार काउंसिल प्रयागराज ने अनुशासन समिति के 22 अगस्त को बरेली बार के पूर्व अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव को डिबार करने के निर्णय पर रोक लगा दी है। अरविंद श्रीवास्तव ने समिति के समक्ष उपस्थित होकर रिकॉल एप्लीकेशन दी। अरविंद श्रीवास्तव की दलीलों को सुनने के बाद बार काउंसिल ने 22 अगस्त को डिबार किए जाने के निर्णय पर रोक लगाते हुए आदेश के प्रति ईमेल के जरिए जिला जज, डीएम और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी है। काउंसिल के आदेश पर अधिवक्ताओं ने अरविंद श्रीवास्तव को बधाई दी।

खून का अवैध कारोबार करने वालों पर खुद पुलिस ने लिखाई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तीन दिन इंतजार करने के बाद भी ब्लड बैंक के अधिकारियों ने नहीं दी तहरीर

अमृत विचार : खून के सौदागर के खिलाफ सूचना देने के बाद आईएमए ब्लड बैंक के अधिकारी बैक फुट पर आ गए। तीन दिन तक पुलिस ब्लड बैक के अधिकारियों की ओर से तहरीर मिलने का इंतजार करती रही। आखिर में कोतवाली पुलिस को ही रिपोर्ट दर्ज करानी पड़ी।

शुक्रवार को खुदागंज क्षेत्र का एक व्यक्ति पत्नी के लिए आईएमए ब्लड बैंक में खून लेने के लिए गया था, लेकिन डोनर के खून में हिमोग्लोबिन की कमी पाई गई। इस पर डोनर का खून लेने से मना कर दिया गया। इसी दौरान व्यक्ति को भमोरा थाना क्षेत्र के गांव रुद्रपुर का कल्याण मिल गया। कल्याण राजमिस्त्री का काम करता है। संपर्क करने पर कल्याण ने खुदागंज के व्यक्ति को बताया कि वह चार हजार रुपये में एक यूनिट ब्लड दिला देगा। इसके बाद कल्याण ने चार मजदूरों को बुला लिया था। जानकारी मिलने पर ब्लड बैंक के अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने चारों मजदूरों और कल्याण को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने चारों मजदूरों को छोड़ दिया। जबकि कल्याण को बुलाकर पूछताछ करती रही। वहीं, ब्लड बैंक के अधिकारियों की ओर से तहरीर नहीं मिली। सोमवार को कोतवाली पुलिस ने खुद ही रिपोर्ट दर्ज कराने का फैसला लिया। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी कल्याण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

संविदा सफाईकर्मी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पत्नी ने लगाया अश्लीलता का भी आरोप, एडीजी के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

अमृत विचार : सफाईकर्मी की आत्महत्या मामले में बारादरी पुलिस ने एडीजी के आदेश पर सूदखोरी के दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सफाईकर्मी की पत्नी ने शिकायत की थी कि दोनों आरोपी ब्याज समेत रकम वापस कर देने के बावजूद उसके पति का उत्पीड़न कर रहे थे। दोनों ने घर में घुसकर उसके साथ अश्लील हरकतें की तो पति अवसाद में आकर फंदे पर लटक गए।

बारादरी में रहने वाली महिला के मुताबिक उसके पति ने अपने छोटे भाई की शादी में हरुनगला निवासी हरिओम महाजन और मोहल्ला खदना निवासी दीपक महाजन से 1.50 लाख रुपये उधार लिए थे। कुछ समय बाद उसके पति ने ब्याज समेत पूरी रकम चुकता कर दी लेकिन इसके बाद भी दोनों और पैसा मांग रहे थे और अक्सर तकाजा करने जबरन घर में घुस आते थे। दोनों सूदखोरों ने उसके पति का एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक भी छीनकर रख ली थी। उसका वेतन भी छीन लेते थे।

आरोप है कि दीपक और हरिओम ने 10 अगस्त को घर पर आकर रकम मांगी। पति ने हिसाब पूरा होने की बात कही तो दोनों ने उससे मारपीट की। उसने उन्हें को बचाने की कोशिश की तो उसके साथ भी मारपीट करते हुए अश्लील हरकतें की। इससे बाद अवसाद में आए उसके पति ने 26 अगस्त को दोपहर 3 बजे फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। उसने थाना बारादरी में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

हाईवे पर गाय की टक्कर से एक ही बाइक पर सवार पांच घायल

गाय की टक्कर के बाद घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजते लोग।

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज में पीलीभीत हाईवे पर अचानक गाय की चपेट में आन से बाइक सवार दो बच्चे और दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी नवाबगंज भेजा गया। पीलीभीत के थाना क्षेत्र जहानाबाद के गांव नूरपुर का रहने वाला नवाबगंज से परिवार के साथ बाइक से नवाबगंज जा रहा था। वह गांव गरगईया के पास पहुंचा कि तभी उसकी बाइक के सामने अचानक गाय आ गई और बाइक टकराने से सभी जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को इलाज के लिए भेजा।

दहेज नहीं मिला तो सऊदी अरब से फोन पर दे दिया तलाक

कैंट, अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी न होने पर सऊदी अरब से पति ने फोन पर महिला को तीन तलाक दे दिया। इसके बाद ससुरालियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि देवर और जेठ ने अश्लीलता करते हुए कपड़े फाड़े और दुष्कर्म की कोशिश की। महिला ने कैंट थाने में पति समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला ने बताया कि उसकी शादी जून 2023 में इसी थाना क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। उसके ससुराल वाले उससे खुश नहीं थी, उसे बाइक और जेवर के लिए प्रताड़ित करते थे। ससुराल से मिले जेवर को गिरवी रखकर उसका पति सऊदी अरब चला गया। वहां से फोन पर उसे तीन तलाक दे दिया। इसके बाद 18 सितंबर 2024 को अन्य आरोपित ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की।

आबकारी विभाग ने ट्रक से भारी मात्रा में शराब पकड़ी

संवाददाता, फरीदपुर

अमृत विचार : आबकारी टीम और राज्य कर सचल दल बरेली की संयुक्त टीम ने फरीदपुर टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में शराब बरामद की है। शराब को खली के बीच में छिपाया गया था।

टीम ने टोल प्लाजा के पास चेकिंग के दौरान दिल्ली की ओर से आने वाले एक ट्रक को रोका गया। तलाशी में ट्रक से खली की बोरियों के बीच से नकली विदेशी शराब, ब्रांड नेवी क्लब ब्लू प्रीमियम ब्लेंडेड व्हिस्की की कुल 750 पेटी बरामद हुई।

इन पेटियों पर नॉट फॉर सेल लिखा हुआ था। इनमें से 250 पेटी 180मिली, 250 पेटी 375मिली और 250 पेटी 750मिली की बोतलों की थी। पूछताछ में पता चला कि यह ट्रक अवैध शराब लेकर दिल्ली से असम जा रहा था। आबकारी विभाग ने ट्रक मालिक, ट्रक चालक, ट्रांसपोर्टर के खिलाफ थाना फरीदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

इसी ट्रक में रखी थी शराब।

तीनों छात्राएं बरेली वापस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बोलीं- घूमने गई थीं ऋषिकेश, मंगलवार को कोर्ट में कराए जाएंगे बयान

अमृत विचार : द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज से लापता हुईं तीनों छात्राओं को थाना किला पुलिस ने ऋषिकेश से बरामद कर लिया और उन्हें बरेली लेकर आई। सोमवार को तीनों का मेडिकल कराया गया। पुलिस छात्राओं के मंगलवार को कोर्ट में बया कराएगी। इसके बाद ही उन्हें परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

शुक्रवार को द्रौपदी कन्या इंटर कॉलेज की कक्षा नौ की तीन छात्राएं कॉलेज से छुट्टी होने के बाद लापता हो गईं थी। जब 3 बजे तक तीनों घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने तलाश शुरू की और शाम को थाना किला में सूचना दी। पुलिस को छात्राओं की शनिवार की लोकेशन लखनऊ में मिली थी। तब एक टीम लखनऊ के लिए गई, लेकिन तब तक छात्राएं दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। दिल्ली से तीनों ऋषिकेश पहुंची। वहां से अपने परिचित को सकुशल ऋषिकेश में लक्ष्मणझूला के पास होने की सूचना दी। इसके ऋषिकेश पुलिस की मदद से तीनों को वहीं रोक लिया। रविवार रात को किला पुलिस की टीम ऋषिकेश पहुंची और सोमवार को बरेली ले आई। इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह ने बताया कि तीनों छात्राएं मिल गईं है। मेडिकल परीक्षण कराया गया है। छात्राओं ने पुलिस को बताया कि वे अपनी मर्जी से घूमने के लिए गईं थीं। उनके साथ उन तीनों के अलावा कोई नहीं था।

पुलिस का खेल... पीड़ित को अंदर पहुंचाया, आरोपी को छोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हत्या की कोशिश के चार महीने पुराने मामले में इज्जतनगर पुलिस का खेल
- खुला घूमने के बाद भी न पकड़ने पर पीड़ित पक्ष ने ही पकड़कर सौंपा था

> फिलहाल मैं बरेली से बाहर हूं। वापस लौटने के बाद पूरा मामला खुद देखूंगा।
> – मानुष पारीक, एसपी सिटी

अमृत विचार : हत्या की कोशिश के आरोपी को इज्जतनगर पुलिस ने चार महीने तक गिरफ्तार नहीं किया। गैरजमानती वारंट भी दबाए बैठी रही। पीड़ित पक्ष ने उसे पकड़कर सुपुर्द किया तो पहले उल्टे उसी पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर उसे जेल भेजा, फिर आरोपी को छोड़ दिया।

दिलचस्प यह है कि यह पूरा घटनाक्रम शहर के सट्टा कारोबार से जुड़ा हुआ है। गांव मुड़िया अहमदनगर के मुकेश यादव ने अपने ही गांव के पंकज यादव के खिलाफ बड़े पैमाने पर सट्टा कराने की शिकायत की थी। आरोप है कि पंकज ने इसके बाद अजयपाल समेत अपने कई साथियों के साथ 8 मई को मुकेश के ऊपर स्कॉर्पियो चढ़ाकर उसकी हत्या की कोशिश की थी। यह घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ था। मुकेश के भाई रविंद्र पुलिस को वीडियो सौंपने के साथ पंकज और अजयपाल समेत कई लोगों के खिलाफ हत्या की कोशिश के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस ने दोनों में से किसी को गिरफ्तार नहीं किया। आरोप है कि दोनों खुलेआम गांव आते-जाते रहे, पुलिस को इसकी कई बार सूचना भी दी गई लेकिन उसे भी अनसुना कर दिया गया।

रविवार को मुकेश पक्ष के लोगों ने अजयपाल को गांव में ही पकड़ लिया और पीटने के बाद पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने इसके बाद अजयपाल को अस्पताल में भर्ती कराकर उसकी मां की ओर से मुकेश पक्ष पर हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज की और आननफानन मुकेश और जगपाल समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अजयपाल जो पहले से हत्या की कोशिश का आरोपी था और जिसके खिलाफ गैरजमानती वारंट भी था, उसे सोमवार को अस्पताल से ही छोड़ दिया। इस पर सवाल उठे तो बहाना बना दिया कि केस क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर किया जा चुका है इसलिए क्राइम ब्रांच ही आरोपी को गिरफ्तार करेगी।

बहाना... अब क्राइम ब्रांच कर रही है जांच

इज्जतनगर पुलिस की आरोपी पंकज यादव और अजयपाल से साठगांठ से परेशान मुकेश यादव ने कुछ समय पहले अफसरों से शिकायत कर अपने केस की विवेचना क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर करा ली थी। अजय पाल को छोड़ने के बाद इंस्पेक्टर इज्जतनगर धनंजय पांडेय ने कहा कि क्राइम ब्रांच के विवेचक ने उन्हें तहरीर हुक्म नहीं भेजा था, इसलिए आरोपी को छोड़ दिया। लेकिन पुलिस इस बात पर खामोश है कि अजयपाल के हिरासत में होने की जानकारी क्राइम ब्रांच को क्यों नहीं दी गई।

क्राइम ब्रांच ने फिर पकड़ा, विवेचक ने कहा- छोड़ने से पहले पूछ तो लेते

अजयपाल इज्जतनगर पुलिस के छोड़ने के बाद जिला अस्पताल से डिस्चार्ज होकर एक निजी अस्पताल में भर्ती हो गया, जहां से क्राइम ब्रांच ने सोमवार शाम को उसे हिरासत में ले लिया। मामले की विवेचना कर रहे क्राइम ब्रांच के विवेचक अवनीश यादव ने कहा कि अजयपाल के खिलाफ थाना इज्जतनगर में ही मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके खिलाफ गैरजमानती वारंट भी थाने की पुलिस के पास पहुंचा था, इसके बावजूद उसे छोड़ने से पहले इंस्पेक्टर इज्जतनगर को क्राइम ब्रांच से कम से कम एक बार पूछ तो लेना चाहिए था।

पंकज यादव की भी लिखा पढ़ी हत्या की कोशिश के मामले में नहीं

मुकेश की हत्या की कोशिश का मुख्य आरोपी पंकज यादव रविवार रात जिला अस्पताल में भर्ती अजयपाल को देखने पहुंचा था, जहां अजयपाल की निगरानी कर रहे एक सिपाही ने कोतवाली पुलिस की मदद से उसे दबोच लिया। पंकज पीलीभीत बाईपास गोलीकांड जैसी सनसनीखेज वारदात का भी आरोपी है लेकिन इज्जतनगर पुलिस उस पर भी कितनी मेहरबान थी, यह तब जाहिर हुआ जब अदालत में पेश करते वक्त की गई लिखापढ़ी में हत्या की कोशिश के आरोप का जिक्र नहीं किया गया।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक

सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय
प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक

गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन

फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

SHIKHAR NURSING HOME
शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा

पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma — M.D., P.D.C.C. Critical Care, Fellowship in Diabetes (General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya — M.S. (Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta — M.S. (General Surgeon)
Dr. T. Singh — M.S. (Orthopaedic Surgeon)

सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी. (साँस सम्बन्धी रोगो की कम्प्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशुल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री

पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम. (A.N.M.) For Females only
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065
कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com,
shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध का एलान

पुरानी पेंशन की बहाली के लिए अटेवा 26 को करेगा आक्रोश मार्च

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : केंद्र सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) के विरोध में शिक्षक और कर्मचारी संगठन लामबंद हैं। एनएमओपीएस (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम) और अटेवा (ऑल टीचर्स एंड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन) की अगुवाई में 26 सितंबर को प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आक्रोश मार्च निकाला जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को पुरानी पेंशन बहाली मंच अटेवा बरेली ने एसवी इंटर कॉलेज में बैठक की।

- **तैयारियों के लिए पदाधिकारियों ने एसवी इंटर कॉलेज में की बैठक**

इस मौके पर जिला संयोजक डॉ. मुनीष कुमार गंगवार ने कहा कि सभी शिक्षकों और सरकारी विभागों के कर्मचारियों को एक आवाज बनकर एकीकृत पेंशन योजना का विरोध करना होगा। इस योजना को एनपीएस से भी ज्यादा घातक बताया। पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रखने का एलान किया। मंडल अध्यक्ष जगदीश गंगवार ने जिले के सदस्यता अभियान की समीक्षा करते हुए अधिक सदस्यता करने वाले पदाधिकारियों को प्रोत्साहित किया। जिला महामंत्री रूप किशोर ने बताया कि आक्रोश मार्च 26 सितंबर को दोपहर ढाई बजे से सेठ दामोदर स्वरूप पार्क से शुरू होगा, जो चौकी चौराहा से होते हुए जिला मुख्यालय पर पहुंचेगा। पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष नहीं रुकेगा। जिला उपाध्यक्ष पुष्पा गंगवार ने सभी शिक्षक और कर्मचारी संगठनों से अधिक से अधिक संख्या में आक्रोश मार्च में शामिल होने का आह्वान किया है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राम लाल कश्यप ने बैठक में उपस्थित होकर अटेवा को समर्थन दिया। कहा कि भविष्य में निरीह हो जाने से अच्छा है कि आज योद्धा बन जाइए। नीतू वर्मा, पुष्पा गंगवार, प्राची शर्मा, सीमा मलिक ,तस्नीम ,भूप सिंह , वीरेंद्र गंगवार, हेमपाल, अनिल गंगवार, चित्रसेन, सनोज वर्मा, सौरभ गुप्ता, जसवीर, प्रमोद, केवेन्द्र सिंह , जितेन्द्र श्रीवास्तव, कुमुद कांत यादव, हीरालाल, चन्द प्रकाश, नीरज शाक्य, कमलेश चन्द, आशीष सिंह, मोहन सिंह, कृष्णा राठौर, सरफराज अहमद, मोहन सिंह, अनुज सिंह, विनोद आदि उपस्थित रहे।

एसवी इंटर कॉलेज में पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्रदर्शन करते अटेवा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

अटेवा की बरेली कॉलेज इकाई ने भी विरोध की शुरू की तैयारी

बरेली, अमृत विचार : ऑल टीचर्स इम्प्लाई वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) की बरेली कॉलेज इकाई ने सोमवार को कॉलेज परिसर में बैठक कर न्यू पेंशन स्कीम और यूनिफाइड पेंशन स्कीम को धोखा बताते हुए रोष जताया। पदाधिकारियों ने 26 सितंबर को आक्रोश रैली में भी अधिक से अधिक शिक्षक शामिल होने की अपील की। अटेवा के जिला संयोजक डॉ. मुनीष कुमार गंगवार ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा देश के शिक्षकों और कर्मचारियों की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का है जो उसे भारतीय संविधान ने सेवानिवृत होने के बाद सम्मान पूर्वक जीवन व्यतीत करने का अधिकार स्वरूप दिया है, जिसे सरकार को समझना होगा। डॉ. टीएस चौहान ने कहा कि यूपीएस पेंशन स्कीम का विरोध भी मुखर रूप से हो रहा है। इस दौरान अटेवा की उपाध्यक्ष पुष्पा गंगवार, डॉ. इंदीवर सिंह चौहान, डॉ. पंकज यादव, डॉ. कोमल मित्तल, डॉ. अमित चिंकारा, डॉ. विवेक डागर, डॉ. आशा सिंह, डॉ. विशु, डॉ. गजेन्द्र, डॉ. राम अवध, डॉ. विवेक त्रिपाठी समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

जनता के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रही कांग्रेस

बरेली, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक सोमवार को रोटरी भवन में हुई, जिसमें भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र से राहुल गिहार ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अजीत सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष कर रही है। राहुल गांधी देश के हर तबके की आवाज मजबूती से उठा रहे हैं। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग की समस्याओं को दूर करने के लिए संघर्षरत है। प्रदेश प्रवक्ता केबी त्रिपाठी, हाजी इस्लाम बब्बू, सरदार खां, कृष्णकांत शर्मा, प्रवक्ता राज शर्मा, जिला उपाध्यक्ष इलियास अंसारी, दिनेश दद्दा, जुनैद हसन, राजन उपाध्याय, सुरेश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

दरगाह शाहदाना पर उर्स का पोस्टर जारी

दरगाह पर उर्स का पोस्टर जारी करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : सरकार शाहदाना वली का सालाना उर्स 4 से 10 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इस संबंध में दरगाह परिसर में सोमवार को उर्स का पोस्टर जारी किया गया। दरगाह के मुतवल्ली अब्दुल वाजिद खा नूरी बब्बू मियां ने बताया कि उर्स की कमेटी गठित कर जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने पुलिस-प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि उर्स में आने वाले जायरीन को कोई परेशानी न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। नगर निगम से सफाई, पथ प्रकाश व्यवस्था और दरगाह के आसपास खराब रोड को ठीक कराने को कहा। वसी अहमद, युसूफ इब्राहिम, गफूर पहलवान, मिर्जा शाहाब बेग, अब्दुल सलाम नूरी, खलील कादरी, मो सलीम रजा, शीरोज, सैफ कुरैशी, शान खां, सईद खां, मुकर्रम बेग, इरफान गोसी, परवेज खां, जावेद खां, सलीम रजा आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी-स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
8077344353
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

PRIME HOSPITAL प्राइम हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेन्टर
नरियावल बाजार के सामने, बिथरीचैनपुर रोड, नरियावल, बरेली
• मेडिसिन विभाग • सर्जरी विभाग • स्त्री एवं प्रसूति विभाग
• मानसिक रोग विभाग • हड्डी रोग विभाग
• न्यूरो विभाग • बाल रोग विभाग
24 घण्टे इमरजेन्सी सुविधा उपलब्ध
डॉ. मिनहाज अली खान
एम.डी.
7302532226, 9758044442

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

पहलवान साहब की जिंदगी पर रोशनी डाली

बरेली, अमृत विचार : दरगाह पहलवान साहब पर चार रोजा उर्स के दूसरे दिन सोमवार को भी जायरीन के आने का सिलसिला जारी रहा। रात में तकरीर का आयोजन हुआ, जिसमें उलमा ने पहलवान साहब की जिंदगी पर रोशनी डाली। अध्यक्षता कारी फुरकान रजा नूरी और निजामत शहर इमाम मुफ्ती खुर्शीद आलम ने की। मुफ्ती अफाक बरकाती, मौलाना मंसूब आलम और मौलाना सनाउल्लाह ने खिताब किया। वहीं, मोहम्मद शर्फ आलम और मुहम्मद खुर्शीद ने नाते पाक पढ़ी। उर्स के सभी कार्यक्रम मौलाना तौकीर रजा खां की सरपरस्ती और डॉ. नफीस खान की सदारत में हो रहे हैं। उर्स प्रभारी नोमान रजा खान, फरहान रजा खान, इमरान खान, मो. शफी, रिजवान हुसैन अंसारी, शाहजाद पठान नियाजी, रहबर अंसारी, सूफी जुबेर मियां, वासिफ यार खान, आरिफ नूरी, निजाम अजहरी, आरिश खान आदि मौजूद रहे।

श्रमिक संगठनों ने काला दिवस मनाया

बरेली, अमृत विचार : श्रम कानूनों की बहाली की मांग कर श्रमिक संगठनों ने सोमवार को काला दिवस मनाया। उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन, सीटू, इंटक ने श्रम कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप श्रमायुक्त को सौंपा। इस दौरान खेत मजदूर यूनियन के प्रदेश सचिव राजीव शान्त, सीटू के मो. निसार, मो. शाहिद, इंटक के सतीश मेहता और असरार अहमद समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कमिश्नर के सामने पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों की समस्या रखी

बरेली, अमृत विचार : जनता ठेला रेड़ी पटरी समिति के पदाधिकारी सोमवार को मंडलायुक्त से मिले और पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों की समस्याएं रखीं। इस दौरान कुमार टॉकीज एवं पंजाबी मार्केट के पंजीकृत स्ट्रीट वेंडरों को वेंडिंग जोन में समायोजित करने की मांग की गई। सैयद तकी अहमद के अनुसार नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त, अतिक्रमण हटाओ प्रभारी, महापौर, डोडा परियोजना अधिकारी आदि को कई बार प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं मगर अभी तक वेंडिंग जोन के समायोजन के संबंध में कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। शिवम देवल, मोहम्मद यूसुफ, मोहम्मद सलीम, सरदार गुरु दर्शन सिंह, सरदार हरजीत सिंह, अजय कन्नौजिया, मोहम्मद सुभान, मोहम्मद शरीफ, मोहम्मद ताज आदि मौजूद रहे।

अभियान के बारे में यूटा ने बैठक कर बनाई रणनीति

बरेली, अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में स्टाफ शौचालय और सफाई कर्मचारी की नियुक्ति को लेकर यूटा (यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन) ने गांधी उद्यान में सोमवार को बैठक कर अभियान की रणनीति तैयार की गई। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि अगले सप्ताह पोस्ट कार्ड अभियान चलाया जाएगा। बताया कि शौचालय की मांग के लिए जिले से मुख्यमंत्री को संबोधित कम से कम पांच हजार पोस्ट कार्ड प्रत्येक दिन भेजे जाएंगे। हरीश बाबू, हेमंत कुमार, राजपल्याल, प्रदीप सिंह यादव, राजेश गंगवार, अभिषेक कुमार सिंह, लखमीचंद्र अहेरिया, जसवीर, क्षेत्रपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है श्रीमद्भागवत कथा

बरेली, अमृत विचार : रोहिली टोला स्थित प्राचीन माहौर वैश्य नवदुर्गा मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को कथावाचक आचार्य मुकेश मिश्रा ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। यही साक्षात कृष्ण हैं और जो कृष्ण हैं, वही साक्षात भागवत हैं। उन्होंने बताया कि शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को भागवत कथा का श्रवण कराकर उनकी अकाल मृत्यु के भय को समाप्त कर दिया। इस दौरान भजनों की धुन पर श्रद्धालु थिरकते रहे। राजेश गुप्ता, पवन गुप्ता, संजय वर्मा, उमेश गुप्ता, रूपेंद्र गुप्ता, रमाकांत शास्त्री आदि मौजूद रहे।

कथा में भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया

बरेली, अमृत विचार : राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में सोमवार को कथा व्यास पंडित गोपाल कृष्ण मिश्रा ने श्री रामचरित्र और भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भरत जब अयोध्या आए तो उन्हें पता चला कि श्रीराम वन में हैं। उन्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया गया है। उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वह श्री प्रभु से मिलने के लिए वन की ओर चल दिए। मार्ग में निषाद राज से उनकी भेंट होती है। वन में भरत श्रीराम से मिलते हैं। उनकी चरण पदुका को लेकर वह अयोध्या लौट आते हैं। सिंहासन पर उनकी पादुका रख देते हैं। 14 वर्षों तक वह नंदीग्राम में निवास करते हैं। भरत सत्ता का त्याग कर राज्य की देखभाल करते रहे। मनोहर धीरवानी, अश्वनी अरोरा, सुनील गुप्ता, विनोद ग्रोवर, विजय गुप्ता, विजय बंसल, जगदीश भाटिया आदि मौजूद रहे।

इन्वर्टिस के छात्रों ने सीमेंट प्लांट का भ्रमण किया

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के सेंट्रल एक्सीलेंस डिपार्टमेंट ऑफ सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों ने सोमवार को अलीगढ़ स्थित एक कंपनी के सीमेंट प्लांट का भ्रमण किया। भ्रमण कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारिणी अध्यक्ष पार्थ गौतम के निर्देश में कराया गया। छात्रों को सीमेंट निर्माण, परीक्षण और पैकेजिंग के बारे में जानकारी दी गई। विभागाध्यक्ष अवधेश कुमार, प्रोफेसर आरके शुक्ला, मैनेजर नमन कपूर, रीजनल सीनियर हेड विपिन चौधरी, रिजवान खान, जीनत बी समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए

बरेली, अमृत विचार : सिद्धि विनायक इन्स्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल स्टडीज और श्री सिद्धि विनायक स्कूल आफ नर्सिंग में सोमवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए। डीन एकेडमिक डॉ. सुधाकर जैन ने कहा कि टेबलेट का उपयोग पढ़ाई में करें। चेयरमैन अनुपम कपूर, मैनेजिंग डायरेक्टर अनमोल कपूर, डॉ. मनीष वाष्णेय, डॉ. विमल, नवीन चौधरी, देवेन्द्र उपाध्याय, डॉ. सोनल अग्रवाल, मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

कौशलानंद मंडल संरक्षक और अजय बने प्रदेश मंत्री

बरेली, अमृत विचार : अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की मंडलीय बैठक जीजीआईसी रोड स्थित महानगर महिला मोर्चा के कार्यालय पर सोमवार को कौशलानंद पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिलाध्यक्ष पीलीभीत अशोक बाजपेई ने मंडल अध्यक्ष के लिए ब्रह्मानंद शर्मा के नाम का प्रस्तावित किया। इसका अनुमोदन जिलाध्यक्ष बदायूं अश्विनी भारद्वाज ने किया। संचालन महानगर अध्यक्ष महिला आभा तिवारी ने किया। बैठक में कौशलानन्द पांडेय को मंडल संरक्षक, अजय मिश्रा को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव सुरेन्द्र पांडेय ने कहा कि विस्तार सतत प्रक्रिया है जिससे नए-नए सृजन होते हैं। प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन शर्मा ने कहा कि वर्तमान में समाज को सक्रियता प्रदान करने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष गजेंद्र पांडेय, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नवल किशोर त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल, श्रीधर पांडेय, समन्वयन समिति अध्यक्ष रमेश तिवारी, महेश पाठक, शिवदत्त शर्मा, प्रमोद शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों की समस्याओं का किया जाएगा समाधानः मेयर

बरेली, अमृत विचार : बधिर एसोसिएशन बरेली ने संजय कम्युनिटी हाल में सांकेतिक भाषा दिवस मनाया। इस दौरान सभी दिव्यांगजनों के मध्य राष्ट्रपति का बधाई संदेश डिजिटल तौर पर प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि मेयर डॉ. उमेश गौतम ने दिव्यांगजनों से उनकी समस्या के समाधान का वादा किया। उन्होंने रोजगार मिलने में आ रही समस्या को दूर करने का भी भरोसा दिया। मेयर की महापौर की बातों को इंटरप्रेटर आरुषि ने सभी मूकबधिरों को सांकेतिक भाषा में समझाया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया कि मूकबधिरों की भाषा समझने, उनके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में अपर जिला अधिकारी दिनेश मिश्रा, डेफ एसोसिएशन के अध्यक्ष विमल शर्मा, उपाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष गुरुवेंद्र गंगवार, महासचिव अदनान खान, संरक्षक अनिल त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

नर्सिंग और प्रोफेशनल कोर्स की परीक्षा 4 अक्टूबर से शुरू होंगी

बीएससी और एमएससी कृषि की परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने नर्सिंग, कृषि समेत कई परीक्षाओं का कार्यक्रम सोमवार को जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक स्नातक और परास्नातक की व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की सुधार परीक्षा 4 से 18 अक्टूबर तक होगी। बीएससी नर्सिंग प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ वर्ष की पूरक 4 से 24 अक्टूबर तक होगी। एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष की पूरक परीक्षा 4 अक्टूबर से होगी। एमएससी नर्सिंग द्वितीय वर्ष की पूरक परीक्षा 4 और 5 अक्टूबर, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी द्वितीय सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा 4 से 9 अक्टूबर तक, एमएससी कृषि एनिमल हसबेंडरी द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 1 से 7 अक्टूबर, बीएससी ऑनर्स प्रथम वर्ष की बैक परीक्षा 4 से 9 अक्टूबर तक, द्वितीय वर्ष की 4 से 15 अक्टूबर और तृतीय वर्ष की 17 अक्टूबर तक होगी।

कल से भरे जाएंगे बीटेक के बैक परीक्षा फॉर्म

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीटेक-2024 मुख्य परीक्षा के सप्तम और अष्टम सेमेस्टर के बैक परीक्षा के फार्म भरने की तिथि निर्धारित कर दी है। छात्रों को 25 से 29 सितंबर तक ऑनलाइन फार्म भरकर विभाग में जमा करने होंगे। विभाग को 30 सितंबर तक फार्म ऑनलाइन सत्यापित करने होंगे।

बीएससी और एमएससी कृषि परीक्षा के लिए चार नोडल केंद्र बनाए

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 25 सितंबर से शुरू होने वाली बीएससी और एमएससी कृषि सम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए चार नोडल केंद्र बनाए हैं। इन केंद्रों से गोपनीय पत्राचार महाविद्यालयों को मिलेंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक लाला सिपट्टर लाल डिग्री कॉलेज बल्लिया का नोडल केंद्र बरेली कॉलेज, दीक्षित कॉलेज रामपुर का नोडल केंद्र राजकीय राजा कॉलेज रामपुर, रामचंद्र सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज मिर्जापुर शाहजहांपुर का नोडल केंद्र प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद और श्री राम गोपाल सिंह महाविद्यालय सुल्तानपुर मुरादाबाद का नोडल केंद्र जीएसडी कॉलेज ठाकुरद्वारा मुरादाबाद होगा।

जीआईसी में राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से

बरेली, अमृत विचार : स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने पहली बार जिले को राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी सौंपी है। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर 6 से 10 अक्टूबर तक होने वाली प्रतियोगिता की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 बालक- बालिका और अंडर- 19 बालक वर्ग के मुकाबले होंगे। स्कूल में राष्ट्रीय मानकों के अनुसार छह कोर्ट तैयार कराए जा रहे हैं। प्रतियोगिता में 90 टीमें प्रतिभाग करेंगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक राकेश कुमार ने सोमवार को कॉलेज में तैयारियों का जायजा लिया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता की जिम्मेदारी संभाल रहे मंडलीय क्रीड़ा सचिव नईम अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में अनुमानित करीब एक हजार से अधिक खिलाड़ी देश के कोने-कोने से पहुंचेंगे। सभी खिलाड़ियों के ठहरने के लिए जिले के विभिन्न होटलों में प्रबंध किया गया है। बताया कि पूरे मैदान में लाइटिंग की व्यवस्था भी जल्द ही पूरी करा ली जाएगी।

शिक्षक वरिष्ठता सूची : साल भर से नहीं हुई आपत्तियों पर सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने 2023 में जारी की थी शिक्षक वरिष्ठता सूची
- अकेले बरेली कॉलेज के शिक्षकों की ओर से दर्ज हुई थीं 100 आपत्तियां

अमृत विचार : एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों के लिए जारी की गई वरिष्ठता सूची पर आपत्तियों का निस्तारण अभी तक नहीं हो सका है। करीब एक साल पहले सूची जारी की गई थी। अकेले बरेली कॉलेज के शिक्षकों की ओर से सूची पर 100 आपत्तियां आई थीं।

2023 को अंतरिम वरिष्ठता सूची की जारी की गई थी। इसमें कई शिक्षक वरिष्ठा में नीचे चले गए थे। बरेली कॉलेज में कई का प्रभारी पद भी जा सकता था। इस पर शिक्षकों ने विरोध जताया था। इसके बाद विश्वविद्यालय ने 30 दिन के अंदर आपत्तियां मांगी गई थीं। बरेली कॉलेज के शिक्षकों के मुताबिक न तो आपत्तियां पर सुनवाई हुई और न ही किसी कार्यवाही की जानकारी दी गई। सूची में लॉन्ग स्टैंडिंग सीनियरिटी की अनदेखी की गई।

शिक्षकों के अनुसार 1 मई 1975 को सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से निर्णय दिया गया कि लॉन्ग स्टैंडिंग सीनियरिटी को परिवर्तित नहीं किया जा सकता है, तब से आज तक किसी भी न्यायालय ने इसके विपरीत निर्णय नहीं दिया, जबकि विश्वविद्यालय ने मनमाने तरीके से 30 साल से भी अधिक समय के बाद वरिष्ठता सूची परिवर्तित कर दी। इस संबंध में 25 सितंबर को विश्वविद्यालय में बैठक भी हो सकती है। मीडिया प्रभारी प्रो. अमित सिंह ने बताया कि शिक्षक वरिष्ठता सूची का वर्ष पुराना मामला है। इस संबंध में अन्य जानकारी जुटाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

रोजगार मेला: वाणिज्य विभाग के 22 कमरे रिजर्व, तैयारी शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली कॉलेज में 26 सितंबर को लगेगा मेला, 40 से अधिक कंपनियां आएंगी

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में 26 सितंबर को लगने वाले रोजगार मेले की तैयारियों के लिए जिला सेवायोजना अधिकारी और प्राचार्य ने सोमवार को बैठक की। मेले के लिए वाणिज्य विभाग के 22 कमरों को रिजर्व किया गया है।

जिला सेवायोजना अधिकारी त्रिभुवन सिंह ने बताया कि मेले में 40 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। ये कंपनियां मार्केटिंग, फाइनेंस, आईटी और प्रबंधन आदि क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। मेले में उपस्थित अभ्यर्थियों को सीधे कंपनियों के प्रतिनिधियों से मिलने और साक्षात्कार देने का अवसर मिलेगा।

प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि इस मेले का उद्देश्य छात्रों को रोजगार के प्रति जागरूक करना और उन्हें संभावित नियोक्ताओं से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि छात्रों को मेले में भाग लेने के लिए अपना बायोडेटा और अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने की सलाह दी गई है।

प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डॉ. राजीव यादव ने बताया कि रोजगार मेले की तैयारी की जा रही है। छात्रों को परेशानी न हो, इसके लिए सभी सुविधाओं का ध्यान रखा जाएगा। उम्मीद है कि छात्र इस अवसर से अपने करियर की शुरुआत कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि रोजगार मेला स्थानीय छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म साबित होगा।

15 अक्टूबर से होगी प्रदेशीय विद्यालयीय वालीबॉल प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार : 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयीय वालीबॉल प्रतियोगिता इस बार राजकीय इंटर कॉलेज में 15 से 19 अक्टूबर तक होगी। पहले प्रतियोगिता 23 से 26 सितंबर तक होनी थी लेकिन बारिश की संभावना की वजह से इसमें परिवर्तन किया गया है।

संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार ने सोमवार को मंडलीय उप शिक्षा निदेशक और जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर बताया कि बालक-बालिका की अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग की प्रतियोगिता में कई जिलों से खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। बालिकाओं की प्रतियोगिता 15 अक्टूबर से शुरू होगी और उन्हें 14 अक्टूबर शाम को 4 बजे तक रिपोर्टिंग करना होगा। बालकों की 17 अक्टूबर से प्रतियोगिता शुरू होगी।

छात्र संगठनों के हंगामे के बाद परीक्षा भवन में शुरू कराई गई प्रवेश प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली कॉलेज में सोमवार से परीक्षा भवन में बीए तृतीय और पंचम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने परीक्षा भवन में जाकर निरीक्षण किया और शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए।

कॉलेज में 17 सितंबर से बीए, बीकॉम, बीएससी के तृतीय और पंचम सेमेस्टर के प्रवेश हो रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान क्रीड़ा विभाग में विद्यार्थियों को परेशानी हो रही थी। एक छात्रा के बेहोश होने के बाद छात्र संगठनों ने विरोध किया था तो प्राचार्य ने परीक्षा भवन में प्रवेश प्रक्रिया कराने के निर्देश दिए थे। इसके बाद से सोमवार को प्रवेश फार्म और आईडी कार्ड कार्यालय से वितरित किए गए। वहीं बीए के प्रवेश परीक्षा भवन, बीकॉम के वाणिज्य विभाग और बीएससी के विज्ञान संकायों में हुए। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि वाणिज्य विभाग और परीक्षा भवन में प्रवेश प्रक्रिया का निरीक्षण किया। यहां विद्यार्थियों के प्रवेश सुगमता से कराए गए। 28 सितंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है।

परीक्षा भवन में प्रवेश प्रक्रिया का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो. ओपी राय। ● अमृत विचार

- प्राचार्य भी निरीक्षण करने पहुंचे क्रीड़ा विभाग में दो दिन पहले गर्मी से बेहोश हो गई थी एक छात्रा

भाजपा विरासत नहीं विचारधारा की पार्टी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में बोले प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी
- सपा-कांग्रेस के वारिस तय, भाजपा में कोई पहुंच सकता है किसी पद पर

अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि 1992 में बनी सपा अब तक मुलायम सिंह यादव से अखिलेश यादव तक पहुंची है। कांग्रेस में राहुल गांधी के बाद कौन उत्तराधिकारी होगा, यह भी तय है, लेकिन भाजपा में कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद पर पहुंच सकता है, क्योंकि वह विरासत नहीं विचारधारा की पार्टी है। प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को एक होटल में हुई सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में 2014 के पहले रसीदें काटी जाती थीं, लेकिन अब डिजिटल माध्यम से सदस्य बनाया जा रहा है। सभी संगठनों के लिए प्राथमिक सदस्य बनाए जाने जरूरी हैं। विपक्षी दल आरक्षण की बात करते हैं, हम तो संगठन में पदों के दायित्व में इसका पालन करते है। इसलिए सभी वर्ग और धर्म के लोगों को सक्रिय सदस्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर पहला चरण पूरा हो रहा है। इस भी सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होने के बजाय सभी जनप्रतिनिधि हर बूथ पर पहुंचे। जयंती मनाने के बाद दो-तीन घंटे हर घर संपर्क करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी का सदस्य बनाएं। दूसरे चरण के इंतजार के बजाय पहले ही चरण में लक्ष्य पूरा करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी देखते भूपेंद्र चौधरी। ● अमृत विचार

बदमाशों के एनकाउंटर को देखने का समाजवादी एंगल

प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में कहा कि सपा बदमाशों के एनकाउंटर को समाजवादी एंगल से देख रही है। अखिलेश यादव अपने अनुभव के आधार पर बोल रहे हैं, जब पूरा प्रदेश दंगाइयों के हवाले रहता था। भाजपा सरकार अपराधियों के खिलाफ बिना भेदभाव कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस लगातार हार रही है। यूपी, बिहार में कांग्रेस की दुर्गति हो रही है। कई प्रदेशों में शून्य हो गई है। भाजपा की अधिकांश प्रदेश में सरकार है या वह सहयोगी के रूप में है।

मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन

प्रदेश अध्यक्ष ने आईएमए हॉल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य, संतोष सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह, पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, प्रो. श्याम बिहारी, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अंकित माहेश्वरी, बंटी ठाकुर, अंकित शुक्ला, डॉ. केएम अरोरा, उमेश कटेरिया, पुष्पा पांडेय, संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

बरेली कॉलेज परिसर में वाहनों पर रोक नहीं लग पा रही है। प्रॉक्टोरियल बोर्ड और प्राइवेट सुरक्षा कर्मियों की तैनाती के बावजूद छात्रनेता और बाहरी लोग वाहनों से फर्राटा भर रहे हैं। इसकी वजह से दूसरे छात्रों को परेशानी होती है। सोमवार को भी कई कार और बाइक फर्राटा भरती रहीं। वहीं चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक के मुताबिक प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने चेकिंग कर वाहन लेकर आने वालों को बाहर किया। ● मोहित कुमार सिंह

संकेत विद्यालय : 120 बच्चे, शिक्षक सिर्फ दो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक स्थाई तो दूसरा अटैचमेंट के सहारे
- प्रधानाचार्य पर दूसरे विद्यालय का भी चार्ज

अमृत विचार : राजकीय संकेत विद्यालय में शिक्षकों की कमी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। दो शिक्षकों के कंधों पर 120 बच्चों की पढ़ाई का जिम्मा है। विशेष शिक्षक अटैचमेंट के सहारे है। 11 शिक्षकों और दो इंटरप्रिटेर के पद रिक्त हैं। पिछले पांच वर्षों से रिक्त पदों पर तैनाती नहीं हुई है। प्रधानाचार्य की ओर से रिक्त पदों को भरने के लिए अफसरों को लिखा जा चुका है।

शहर में नावल्टी चौराहे के समीप राजकीय संकेत विद्यालय स्थापित है। विद्यालय में 120 बच्चे हैं। 10 बच्चों पर एक शिक्षक की तैनाती का मानक है। वर्तमान में स्थाई तौर पर एक शिक्षिका तैनात है। जबकि बेसिक शिक्षा विभाग से अटैचमेंट के रूप में एक विशेष शिक्षक को यहां तैनात किया गया है, लेकिन वह दूर से आने के कारण बच्चों को पढ़ाने में ज्यादा समय नहीं दे पाते हैं। बच्चे सांकेतिक भाषा तो सीख लेते हैं, लेकिन हर विषय के कान्सेप्ट समझाने के लिए शिक्षक न होने से समस्या आती है। विद्यालय में एक से आठवीं तक की कक्षाएं संचालित होती हैं। शिक्षक कम होने से बच्चों की सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, हिंदी आदि विषयों की पढ़ाई ठीक से नहीं हो पाती है, जबकि प्रधानाचार्य बलवंत सिंह पर फर्रुखाबाद के एक अन्य संकेत विद्यालय का भी चार्ज है। वह भी स्थाई रूप से विद्यालय में नहीं रह पाते हैं।

विद्यालय में एक कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

टोटल कम्युनिकेशन सीखते हैं छात्र

छात्रों को स्टैंडर्ड सांकेतिक भाषा नहीं सिखाई जाती, उन्हें टोटल कम्युनिकेशन सिखाया जाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य के मुताबिक विद्यालय में पांच वर्ष से ऊपर का बच्चा आता है। छोटे बच्चे आसानी से अपनी बात कह सकें, यही प्राथमिकता रहती है। टोटल कम्युनिकेशन में होंठ पढ़ना, सामने वाली के चेहरे के हाव-भाव समझना, एक या दो शब्द बोलना सिखाया जाता है। प्रधानाचार्य के अनुसार शिक्षकों की कमी

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शिवनगर जूनियर हाईस्कूल का रहा दबदबा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गुलाबराय इंटर कॉलेज में हुई मंडलीय प्रतियोगिता

अमृत विचार: गुलाब राय इंटर कॉलेज में सोमवार को माध्यमिक विद्यालयीय मंडलीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता बालक वर्ग हुई। प्रतियोगिता में अंडर 14, 17 और 19 आयु वर्ग की 54 टीमों ने भाग लिया। अंडर-14 के 35 किलोग्राम भार वर्ग में पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवनगर के देव कुमार, 23 किलो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवनगर के रजनीकांत, 38 किलो में पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवनगर के ही अंश बाबू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अंडर 17 आयु वर्ग में 51 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज बरेली के रोहन पांडे, 63 किलो में राजकीय इंटर कॉलेज के ही विजय, 45 किलो में इस्लामिया इंटर कॉलेज के अमान अहमद ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्डर-19 आयु वर्ग में 41 किलोग्राम भार वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज के सजत और 51 किलो में एमबी इंटर कॉलेज के सचिन मुर्लिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ. एसपी पांडेय, उप- प्रधानाचार्य ओमवीर सिंह और जिला कीड़ा सचिव नईम अहमद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। संचालन विद्यालय के कीड़ा अध्यक्ष गौरव वशिष्ठ ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक संजीव शर्मा, कोच अकमल खान, कोच भानु प्रताप ने सहयोग दिया। वरिष्ठ प्रवक्ता एवं क्षेत्रीय सह संयोजक भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ ब्रज क्षेत्र के महेश चंद्र पांडे, माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के मंडलीय मंत्री संजय सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता एवं परीक्षा इंचार्ज अजय कुमार अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

माखन चोरी और धनुष यज्ञ लीला का मंचन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रही कृष्ण लीला में सोमवार सुबह श्रीकृष्ण की माखन चोरी और शाम को रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया।

स्वामी देवकी नंदन महाराज ने बताया कि मथुरा का राजा कंस गोकलवासियों से कर के रूप में मक्खन लिया करता था। कृष्ण को यह पसंद नहीं था। वह घर - घर जाकर माखन चोरी करते थे और मटकियां फोड़ देते थे। गोपियां उन्हें बांधने का प्रयास करती थीं तो वह गोपियों को ही बांध देते थे। इससे गोपियां बहुत प्रसन्न होती थीं।

शाम को रामलीला मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि श्रीराम जनकपुरी पहुंचे तो सभी नगरवासी उन्हें देखते रह गए। मन ही मन सीता के साथ उनके विवाह की कामना करने लगे। धनुष तोड़ने के लिए तमाम राजा वहां पहुंचे थे। जब कोई राजा धनुष को हिला तक नहीं पाया तो राजा जनक चिंतित हो उठे। विश्वामित्र के कहने पर राम ने धनुष को तोड़ा और सीता ने उनके गले में वरमाला डाली। इस दौरान जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। अनिल अग्रवाल, सौरभ मेहरोत्रा, राजीव बूबना, अनुपम कपूर, सुरेश अग्रवा, जुगल किशोर साबू, मोहन गुप्ता, कैलाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

धनुष यज्ञ की लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

- सुबह कृष्ण लीला तो शाम को हुई रामलीला

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

किशोरी को बंधक बनाने और बेचने के जुर्म में सात साल कैद

बिहार से पंजाब जाते समय घरवालों से बिछुड़ गई थी पीड़िता

विधि संवाददाता, बरेली:

अमृत विचार: बिहार से पंजाब जाते समय लखनऊ स्टेशन पर परिवार से बिछड़ी 16 वर्षीय लड़की को बंधक बनाकर बेचने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश कुमार सिंह ने भमोरा के गांव पड़वी निवासी सतीश उर्फ बाबू को दोषी करार देकर सात वर्ष सश्रम कारावास और 16 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सुरेश बाबू साहू के मुताबिक बिहार की रहने वाली पीड़ित किशोरी ने थाना भमोरा में 6 फरवरी 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह तीन महीने पहले परिवार के साथ ट्रेन से बिहार से पंजाब जा रही थी। लखनऊ रेलवे स्टेशन पर पानी लेने के लिए उतरी कि तभी ट्रेन चल पड़ी। वह वहीं स्टेशन पर बैठ गईं, जहां मिली एक महिला उसे बहला फुसलाकर अपने साथ गांव पड़वी ले गई और सतीश उर्फ बाबू के हाथ बेच दिया। सतीश बंधक बनाकर मारपीट करता था और कई बार दुष्कर्म की कोशिश की। मौका पाकर वह भागकर थाने आ गई। शासकीय अधिवक्ता ने सात गवाह पेश किए।

युवक को चाकू मारने पर दो भाइयों को 10 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली ,अमृत विचार : सात साल पहले युवक को चाकू मारने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश हरेन्द्र बहादुर सिंह ने संजयनगर की जोशी गली निवासी दो सगे भाई राहुल और अतुल को परीक्षण में दोषी पाया और प्रत्येक को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 10-10 हजार रुपये जुर्माना डाला है। डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत ने बताया कि वादी मनोज कुमार ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया था कि 12 मार्च 2017 की शाम 4 :30 बजे उनका भाई करण कुमार मां को लेने संजयनगर बहन के घर जा रहा था। संजयनगर में जोशी गली में कुछ लड़के रास्ता रोक कर डांस कर रहे थे। रास्ता छोड़ने के लिए कहने पर गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। राहुल और अतुल ने जान से मारने की नियत से करण पर चाकू से वार किये, जिससे उसे जगह जगह गंभीर चोटें आयीं। करण के शोर मचाने पर बहनोई सचिन और हेमन्त मौके पर आ गए और आरोपियों को ललकारा तो गालीगलौज करते हुए भाग गये। करण को गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। शासकीय अधिवक्ता ने 10 गवाह पेश किये थे।

तीन ट्रांसपोर्टरों के खिलाफ 43 लाख हड़पने के आरोप में रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ट्रकों में डीजल डलवाकर पेट्रोल पंप मालिक को नहीं दिए पैसे जान से मारने की धमकी दी

अमृत विचार : एक पेट्रोल पंप मालिक से तीन पार्टनर ट्रांसपोर्टरों ने ट्रकों में 43 लाख रुपये का डीजल डलवाया और फिर आना बंद कर दिया। जब पंप मालिक ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की शिकायत पर तीनों के खिलाफ थाना सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर कॉलोनी निवासी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि भमोरा के गांव सिरोही में उनके सास-ससुर के नाम से पेट्रोल पंप है, जिसे वह चलाते हैं। आरोप है कि बरेली तीन ट्रांसपोर्टरों करगैना निवासी विवेक चौहान, राहुल चौहान और मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने उनके पंप से अपनी गाड़ियों में डीजल डलवाने के लिए संपर्क किया। तीनों लंबे समय तक गाड़ियों में डीजल डलवाते रहे। आरोप है कि इस बीच 50 लाख रुपये की उधारी हो गई। पैसे मांगने पर आरोपियों ने कुछ रकम दी लेकिन 43 लाख रुपये देने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मामले की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोप है कि राहुल चौहान के ऊपर गैंगस्टर जैसी गंभीर धाराओं में पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। वह जिला कारागार रामपुर में भी बंद रह चुका है।

युवक की लाठी-डंडों से की पिटाई

बरेली, अमृत विचार : मुड़िया अहमदनगर निवासी बबलू 22 सितंबर को काम कर घर लौट रहा था। तभी आसपुरा नहर के पास उसकी तीन लोगों ने पिटाई कर दी। युवक के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एसएसपी से शिकायत की है।

बरेली कॉलेज में दो छात्र भिड़े, समझौता

बरेली, अमृत विचार: बरेली कॉलेज में सोमवार सुबह एनसीसी बटालियन के सामने दो छात्रों में आपसी विवाद हो गया। गेट पर तैनात सुरक्षा कर्मी दोनों छात्रों को पकड़ कर चीफ प्रॉक्टर कार्यालय लेकर गए।

सुरक्षा कर्मियों के अनुसार सुबह करीब 10 बजे छात्र आयुष मिश्रा और सौरभ मिश्रा की किसी बात पर नोकझोंक हो गई और हाथापाई की नौबत आ गई। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि दोनों छात्रों ने एकदूसरे को दोस्त बताया है। दोनों की तरफ से समझौता करने पर हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। इसके बाद चीफ प्रॉक्टर ने कॉलेज परिसर में छात्रों के परिचय पत्र चेक किए और बाहरी लोगों को बाहर किया।

दुष्कर्म के बाद शादी से मुकरा, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पीड़िता की शिकायत पर आरोपी समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

अमृत विचार : शादी का झांसा देकर प्रेमी ने युवती से कई बार दुष्कर्म किया और बाद में दूसरी युवती से रिश्ता तय कर लिया। जब युवती ने इसका विरोध किया तो युवक ने अपने भाई और पिता के साथ मिलकर मारपीट की। युवती की शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने तीन नामजद समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

युवती के मुताबिक उसकी मढ़ीनाथ निवासी आकाश से कई साल से जान पहचान है। आकाश ने कहा कि वह उसके साथ शादी करेगा। इसके बाद कई बार आकाश ने उसके साथ संबंध बनाए। कुछ दिन पहले आकाश का रिश्ता दूसरी जगह तय हो गया, तब वह आकाश के घर पहुंची और उनके पिता राकेश से बात की। राकेश ने कहा कि एक वर्ष रुक जाओ तो दोनों की शादी कर देंगे। 2 सितंबर को आकाश ने फोन करके उसे अपने घर बुलाया। जब वह आकाश के घर पहुंची तो वह गालीगलौज करने लगा और कहा कि शादी नहीं करूंगा। इसके बाद आकाश, उसके पिता राकेश और भाई सुमित ने मारपीट की। मारपीट में उनका मोबाइल गिर गया।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

बरेली, अमृत विचार : एक युवक ने शादी का झांसा देकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया। कोतवाली पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कैंट थाना क्षेत्र की छात्रा ने बताया कि 2017 में वह नकटिया स्थित एक कंप्यूटर कोचिंग सेंटर में जाती थी। वहां उसकी मुलाकात गोकुलपुर नकटिया निवासी गोविंद से हुई। जान पहचान के बाद दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे। गोविंद ने उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। इसके बाद गोविंद उसे कचहरी के पास एक होटल में ले गया। वहां उसके साथ संबंध बनाए। गोविंद ने उसे कई बार उसी होटल में बुलाया और संबंध बनाता रहा। 14 अप्रैल 2024 को आरोपी उसे डाकखाना के पास एक होटल में ले गया। वहां भी शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। आरोपी ने 30 अगस्त को शादी करने की बात कही। युवक के दूसरे समुदाय का होने के बाद भी छात्रा के परिजन शादी के लिए तैयार हो गए। एक लाख रुपये का सामान खरीद लिया। आरोपी ने 5 अगस्त को शादी करने से मना कर दिया। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

शाही में हुए विवाद में भीड़ पर मुकदमा दर्ज कराने को कोर्ट में अर्जी

विधि संवाददाता, बरेली : शाही के गांव गौसगंज में हुए विवाद में गांव की नत्थो बेगम ने गांव के दूसरे समुदाय के 61 और ग्राम मकड़ी खेया के 12 नामजद और 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्वेता तिवारी की अदालत में अर्जी दी है। वादिनी ने वकील अवधेश कुमार सक्सेना के जरिए अर्जी देकर बताया कि 19 जुलाई की रात 8 बजे गौसगंज के करीब 60-65 और ग्राम मकड़ी खोया के 50 से अधिक लोग लाठी सब्बल, भाला लेकर घर में घुस आए और लूटपाट शुरू कर दी है। इस दौरान तोड़फोड़ भी की गई। आरोप है कि इन लोगों ने गांव के 40-45 मुसलमानों के घरों में लूटपाट की। महिलाओं से अभद्रता और मारपीट की। अदालत ने शाही थाना पुलिस से मामले में रिपोर्ट तलब कर सुनवाई को 30 सितंबर की तिथि नियत की है।

मोबाइल छीनने का विरोध करने पर बदमाशों ने सिर फोड़ा

बरेली, अमृत विचार : बदायूं रोड पर पेट्रोल पंप के पास युवक से चार-पांच लुटेरों ने मोबाइल छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर ईंट और बेल्टों से पिटाई की, जिससे युवक का सिर फट गया। शिकायत पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अनुपम नगर निवासी किशोर कश्यप ने बताया कि रविवार रात 11.30 बजे उनका बेटा दोस्त की जन्मदिन पार्टी से घर आ रहा था। बदायूं रोड पर पेट्रोल पंप के पास उनके बेटे को चार पांच लड़के मिले और मोबाइल छीनने लगे। विरोध करने पर लड़कों ने उनके बेटे को ईंट और बेल्टों से मारा, जिससे उसका सिर फट गया। इंस्पेक्टर सुभाषनगर धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से लुटेरों की पहचान की जा रही है।

बच्चा चोर की अफवाह पर दौड़ी पुलिस

बरेली, अमृत विचार : थाना कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम को बच्चा चोर पकड़ने की अफवाह फैल गई। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन कोई नहीं मिला। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि सोमवार शाम को जिला अस्पताल के पास बच्चा चोर के पकड़ने की सूचना मिली। जब मौके पर पुलिस पहुंची तो वहां पर कुछ नहीं मिला। पुलिस को सूचना देने वाले ने मोबाइल फोन भी बंद कर लिया।

किशोर की हत्या के मामले में दो आरोपी हिरासत में

कस्बा शीशगढ़ में मृतक किशोर के घर के बाहर लोगों की भीड़।

कार्यालय संवाददाता, बरेली/ शीशगढ़

अमृत विचार : शीशगढ़ में बहन के लिए आपत्तिजनक बात कहने के विरोध पर किशोर की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। एहतियातन गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

शीशगढ़ के दर्जी चौक निवासी वकील अहमद के 14 वर्षीय बेटे अर्सिल की रविवार को मोहल्ला बहेड़ी बस अड्डा निवासी अफगान ने अपने भाइयों कामरान, अदनान और नजरान के साथ मिलकर पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। अर्सिल के मामा तौफीक अहमद की तहरीर पर पुलिस ने अफगान, कामरान, अदनान और नजरान के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सोमवार पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया। शव जब मोहल्ले में पहुंचा और भीड़ जुट गई। सोमवार रात पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अर्सिल का अंतिम संस्कार किया गया।

पहले भी आरोपियों ने कई बार किया था बवाल

इससे पहले भी कई बार आरोपियों ने अर्सिल से विवाद किया था और विरोध पर मारपीट भी की थी लेकिन हर बार गांव वालों ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। इसके पहले भी आरोपी उसकी बहन से छेड़छाड़ कर चुकी थी।

> किशोर की हत्या में दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। -**मुकेश चन्द मिश्रा**, एसपी उत्तरी

विद्यार्थियों का अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का सोमवार को अभिविन्यास कार्यक्रम हुआ। विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक खरे ने शिक्षकों ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय और विभाग के इतिहास की जानकारी दी और छात्रों से नियमित रूप से कक्षाओं और प्रयोगशालाओं मे उपस्थित होने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. आशा रानी, डॉ. राजीव यादव, डॉ. नीरज मालिक, डॉ. संजय सिंह, डॉ. गौरव कुमार, डॉ. विनय कुमार सिंह, डॉ. रागिब हुसैन, डॉ. ब्रजेश शर्मा, डॉ. राजेश कुमार, संध्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हुनर और कौशल खोजने के लिए टैलेंट हंट ऑडिशन

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक केंद्र ने विद्यार्थियों के हुनर और कौशल को तलाशने के लिए टैलेंट हंट ऑडिशन किया। एकल, युगल और समूह नृत्य, ड्रामा, एकल, युगल और समूह गायन, बांसुरी वादन, फोटोग्राफी, नुक्कड़ नाटक, हस्तकला, गजल, उर्दू, हिंदी और अंग्रेजी भाषा में स्वरचित कविता पाठ, पोस्टर, पेंटिंग, मेहंदी, रंगोली, भाषण, वाद विवाद, प्रबंधन, एंकरिंग, कैंडल मेकिंग, कोलाज में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने ऑडिशन दिया। सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय ने बताया कि ऑडिशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने का मौका मिलेगा।

एनएसएस के छात्रों ने भाभा पार्क में की सफाई

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई प्रथम ने सोमवार को भाभा पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने पार्क में घास की कटाई की। यह अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई के साथ एकल उपयोग की प्लास्टिक भी एकत्रित की जाएगी। अभियान में स्वयंसेवक शशांक गंगवार, सचिन कुमार, आशुतोष, सुरजीत वर्मा, शोएब अख्तर, गीताशं शुक्ला, सोम राठौर, पुनीत शर्मा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

बेसिक स्कूलों में स्टाफ शौचालय बनवाने की मांग

बरेली, अमृत विचार : प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान ने सोमवार को सहकारिता विभाग मंत्री जेपीएस राठौर को ज्ञापन देकर सभी परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों के लिए अलग से स्टॉफ शौचालय का निर्माण कराने की मांग की। संगठन के जिला मंत्री शिव स्वरूप शर्मा ने बताया कि सभी स्कूलों में बालक-बालिकाओं के लिए भी अलग-अलग शौचालय नहीं है। इससे बालिकाओं को परेशानी होती है।

किसानों को मिलेगा लाही का बीज

- जिले में शासन से 21 क्विंटल बीज पहुंचा, ब्लॉकों में भेजी गईं किट

बरेली, अमृत विचार: शासन ने कृषि विभाग को जिले में 21 क्विंटल तोरिया (लाही) का बीज उपलब्ध कराया है। बीज की मिनी किट सभी ब्लॉक में भेज दी गई हैं। किसान ब्लॉक से बीज लेकर बुवाई कर सकते हैं। अधिकारियों के अनुसार तोरिया का ये बीज उन्नत कोटि का है।

जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी के अनुसार सभी ब्लॉक में 40-40 किट भेज दी गईं है। एक किट में दो किलो बीज है। वर्ष 2023-2024 में कृषि विभाग की ओर से किए गए सर्वे के अनुसार जिले में 14650 हेक्टेयर क्षेत्रफल में तोरिया की खेती हो रही है। इस वर्ष प्रयास है कि इसका क्षेत्रफल बढ़े। बताया कि शासन के आदेश पर पहले आओ पहले पाओ स्कीम के तहत 12 क्विंटल बीज का वितरण पंजीकृत किसानों को निशुल्क किया जाएगा। वहीं इसके बाद आवेदन करने वाले किसान ब्लॉक से बीज ले सकते हैं। इसके लिए उन्हें भी बीज खरीद शुल्क में 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। बीजों का वितरण पाश मशीनों से किया जाएगा।

जल्द आएंगे सरसों गेंहू और चने के बीज

कृषि अधिकारी के अनुसार रबी का सीजन शुरू होने वाला है। अक्टूबर के पहले सप्ताह तक अन्य फसलों सरसों, गेंहू और चना समेत अन्य के बीज भी जल्द आने की संभावना है। बीज आते ही किसानों के लिए तुरंत ईकाइयों पर भेजे जांऐगे।

गोष्ठी में कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं

बरेली, अमृत विचार: शुभम मेमोरियल साहित्यिक सामाजिक जनकल्याण समिति ने बिहारीपुर खत्रियान में साहित्यकार मनोज कुमार और गजेंद्र कुमार का अभिनंदन किया।

काव्य गोष्ठी में ब्रजेंद्र अकिंचन, दीपक मुखर्जी दीप, मनोज दीक्षित टिंकू, राम धनी निर्मल, राजकुमार अग्रवाल, एके सिंह तन्हा, विशाल शर्मा, बिंदु सिंह, मदन शर्मा, अरुण शुक्ला, नरेंद्र पाल सिंह ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनय सागर, कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यवती सत्या और इंद्रदेव त्रिवेदी, शायर गजलराज आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

साहित्यकार डॉ. लवलेश कानपुर में हुए सम्मानित

बरेली, अमृत विचार : 22 सितंबर को कानपुर की साहित्यिक-सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था डॉ. सुजाता वर्मा स्मृति समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में बरेली के साहित्यकार डॉ. लवलेश दत्त को प्रेम प्रसाद वर्मा स्मृति साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनकी अब तक की साहित्यिक यात्रा के लिए दिया गया। डॉ. लवलेश की अब तक 12 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जबकि उनका उपन्यास डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या, गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय और गौतमबुद्ध नगर में एमए हिंदी के पाठ्यक्रम में पढ़ाया जा रहा है। वह शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा स्थित राममुरारी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

सवर्ण आयोग के गठन की मांग उठाई

बरेली, अमृत विचार : क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर का स्वागत किया। प्रधान महासचिव आलोक चौहान संघर्षी ने प्रभारी मंत्री को महासभा की ओर से महाराणा प्रताप का चित्र भेंट किया। मंडल अध्यक्ष प्रमोद सिंह ने अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। वरिष्ठ नेता धर्मवीर सिंह एडवोकेट ने सवर्ण आयोग के गठन की मांग उठाई। मंडलीय महासचिव हरवीर सिंह, जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह कुशवाह, अशोक सिंह प्रधान, विजय सिंह सेंगर, नरेंद्र सिंह पंवार, सोमवीर सिंह, इंद्रेश सिंह आदि मौजूद रहे।

बाल सभा में की बाल रामायण पर चर्चा

बरेली, अमृत विचार : बाल रामायण के रचयिता डॉ. दीपंकर गुप्त ने सोमवार को एसएम इंटर कॉलेज सुभाषनगर में बाल सभा में छात्र-छात्राओं से कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार डालने के लिए बाल रामायण का पठन-पाठन आवश्यक है, तभी हम चरित्र को अच्छा बना सकते हैं। रामायण बच्चों में सदाचार, शिक्षा, अनुशासन आदि सद्गुणों को विकसित करती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभम द्विवेदी, अध्यापक कल्याण राय गंगवार, सतीश चंद्र सक्सेना, वीरेंद्र सिंह चौहान, कैलाश कुमार व सचिन यादव आदि उपस्थित रहे। इससे पहले उन्होंने सर्किट हाउस में प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर को बाल रामायण भेंट की।

यूपीएचसी जगतपुर में लगा निशुल्क शिविर

बरेली, अमृत विचार : यूपीएचसी जगतपुर में आयुष्मान पखवाड़े के तहत निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ, जिसका उद्घाटन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया। शिविर में 80 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। सभी की बीपी, शुगर, डायबिटीज आदि की निशुल्क जांचें की गईं। प्रभारी चिकित्साधिकारी जगतपुर डॉ. श्वेता भारद्वाज, पार्षद पूनम राठौर, तृप्ति गुप्ता व स्टाफ मौजूद रहा।

मकान का फोटो खींचने पर रोजगार सेवक से अभद्रता, मोबाइल भी छीना

नाराज रोजगार सेवकों ने एसडीएम से की कार्रवाई की मांग

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी के चनेटा गांव में सोमवार को क्राप सर्वे के दौरान चिन्हित गाटा संख्या की जमीन पर बनाए गए मकान का फोटो खींचने से नाराज ग्रामीण ने रोजगार सेवक के साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अभद्रता की, उसका मोबाइल भी छीन लिया।

रोजगार सेवकों की शिकायत पर एसडीएम के आदेश के बाद थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव चनेटा निवासी विनोद कुमार अनुसूचित जाति के है। गांव अपने गांव में रोजगार सेवक है। क्रैप कटिंग योजना के तहत सोमवार को वह धनेटा पर चिन्हित गाटा संख्या का सर्वे कर रहे थे। चिन्हित गाटा संख्या 1041 क और 1041 ख पर फसल की जगह मकान बना हुआ था। रोजगार सेवक विनोद मकान का फोटो खींचकर अपलोड कर रहे थे।आरोप है इससे नाराज होकर गांव के देशपाल चौधरी उनके भतीजे अंकित ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए। विनोद से अभद्रता करने लगे। मोबाइल भी छीन लिया। विनोद ने भागकर जान बचाई। एसडीएम तृप्ति गुप्ता के आदेश पर स्थानीय थाना पुलिस जांच कर रही है।

एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे नाराज रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

> रोजगार सेवक के साथ किसी ग्रामीण ने अभद्रता की है फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए है।
>
> **तृप्ति गुप्ता**, एसडीएम मीरगंज

अलग-अलग बैंकों के 12 एटीएम कार्ड के साथ दो गिरफ्तार

आंवला, अमृत विचार : एक माह पहले एटीएम कार्ड बदलकर रुपये निकालने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 4 हजार 40 रुपये नकदी, 12 एटीएम कार्ड और एक मोबाइल बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है।

भजा गौंटिया गांव निवासी गोकुल ने लिखाई रिपोर्ट में बताया था कि वह 17 अगस्त को रामनगर की एसबीआई शाखा के एटीएम में रुपये निकालने गया था। वहां खड़े एक युवक ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदलकर अगले दिन उसने 12 बार में करीब 71 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने जांच में राम भरोसे और रामनिवास उर्फ बुंदल निवासी कमालपुर थाना अलीगंज का नाम सामने आया। पुलिस ने रविवार रात दोनों को मऊचंदपुर गांव की शराब की दुकान से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को सोमवार को जेल भेज दिया गया।

प्रभारी मंत्री ने बिथरी के गांवों का किया निरीक्षण

बिथरी चैनपुर, अमृत विचार : प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर ने बिथरी ब्लॉक की मॉडल ग्राम पंचायत भरतौल में बने आंगनबाड़ी केंद्र पर उपस्थित बच्चों की गोद भराई और अन्नप्राशन कार्यक्रम में भाग लिया। जूनियर हाईस्कूल में स्मार्ट क्लास और गांव में बने अन्नपूर्णा स्टोर का निरीक्षण किया। ग्राम प्रधान प्रवेश ने उनसे जूनियर हाईस्कूल बनवाने की मांग की। मंत्री यहां से फरीदापुर इनायत खां पहुंचे जहां प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट कक्षा का निरीक्षण कर मंदिर पर झाड़ू लगाई। बिथरी थाने का निरीक्षण कर लंबित केसों की जानकारी ली और जल्द उनके निस्तारण के निर्देश दिए। थाने में पुलिस कर्मियों के निर्माणाधीन आवास देखकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से कहा, कमरे बेहद छोटे बनाए गए हैं। सामुदायिक स्वस्थ केंद्र बिथरी में नवनिर्मित एनबीएसयू कक्ष का उद्घाटन कर दवाइयों के स्टोर रूम का निरीक्षण किया। बिथरी ब्लॉक के रोजगार सेवक पोथीराम मौर्य, सेवाराम गंगवार, मनोज शर्मा आदि ने सीएचसी पहुंचकर प्रभारी मंत्री को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। सीडीओ जग प्रवेश, एसडीएम गोविन्द मौर्य, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह, सीओ नितिन कुमार सीएचसी प्रभारी डॉ. उत्तरा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

सिंचाई परियोजना शुरू कराने की मांग

बरेली, अमृत विचार : किसान एकता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सहकारिता मंत्री एवं प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर से सर्किट हाउस में मुलाकात कर किसानों के हित में छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। किसान नेता डॉ. रवि नागर ने प्रभारी मंत्री को बताया कि लगभग 10 साल पहले रामगंगा चौबारी में बैराज बनाने की शुरुआत हुई थी, जिससे बरेली ही नहीं बल्कि बदायूं जिले के किसानों को भी सिंचाई का बड़ा लाभ होने वाला था लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण परियोजना अभी भी अधर में लटकी हुई है। किसान एकता संघ कई बार ज्ञापन के माध्यम से सरकार को अवगत करा चुका है लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से किसान एकता संघ आंदोलन के रास्ते पर है। उन्होंने कहा कि बरेली की आंवला तहसील में गन्ने का काफी उत्पादन होता है लेकिन आंवला में चीनी मिल नहीं है। इस कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने चीनी मिल खुलवाने की मांग की। बारिश और पहाड़ों से छोड़े गए पानी के कारण गंगा तट के किनारे के दर्जनों गांवों में पानी से भारी तबाही हुई है। फसलें भी पूरी तरीके से बर्बाद हो गईं। उन्होंने मुआवजा शीघ्र से दिलाने की मांग की। प्रभारी मंत्री से लेखपालों के भ्रष्टाचार पर विशेष तौर से लगाम लगाने की बात कही। कहा, सर्वे के नाम पर किसानों से मोटी रकम वसूली जाती है। प्रभारी मंत्री ने किसानों की दिक्कतों को सुना और विश्वास दिलाया कि शीघ्र किसान हित में कामों को कराया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय सचिव यज्ञ प्रकाश गंगवार, युवा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित राजेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष बहोरन लाल गुर्जर, जय सिंह यादव, डॉ. अंशु भारती, सुनील यादव, अवधेश गुर्जर, मैनेजर खान, दीपक पांडे, संजय पाठक, लखपत यादव सहित किसान एकता संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक बिथरी डॉ. राघवेंद्र शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पुष्पेंद्र शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

इस बार मां दुर्गा का डोली पर आगमन, हाथी पर प्रस्थान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ज्योतिषाचार्यों के अनुसार आगमन और प्रस्थान दोनों ही कष्टकारी

अमृत विचार : शारदीय नवरात्र का पर्व 3 से 11 अक्टूबर तक मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार मां दुर्गा का आगमन और प्रस्थान दोनों ही कष्टकारी हैं।सुरेश शर्मा नगर निवासी ज्योतिषाचार्य पं. रमाकांत दीक्षित ने बताया कि काशी के पंचांग के अनुसार इस बार माता रानी का आगमन डोली और प्रस्थान हाथी पर होगा।

यह दोनों शुभ नहीं हैं। बताया कि डोली पर आगमन का फल कष्ट और विपदा है, जबकि हाथी से प्रस्थान का फल भारी वर्षा है। 3 अक्टूबर को शारदीय नवरात्र की शुरुआत आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से होगी।कलश स्थापन का शुभ मुहूर्त सुबह 6:07 से 9:30 बजे है। दिन में 11:37 से 12:23 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा। कालीबाड़ी मंदिर के पुजारी पं. बृजेश गौड़ ने बताया कि नवरात्र व्रत का पारण 12 अक्टूबर को उदयकालीन दशमी में होगा। दुर्गा की स्थापित मूर्तियों को शाम तक विसर्जित किया जाएगा।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर हुई बैठक

शेरगढ़, अमृत विचार : ब्लॉक सभागार में पराली प्रबंधन एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता के लिए सोमवार को बैठक हुई। किसानों से फसल अवशेष खेतों में नहीं जलाने की अपील की गई। सोमवार को खंड विकास अधिकारी सुखपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जागरूकता बैठक में बीसीपीएम अनीता विश्वकर्मा ने 1 से 31 अक्टूबर तक होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 अक्टूबर तक चलने वाले दस्तक अभियान की सफलता को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत आशाएं घर-घर जाकर आईएलआई,क्षय रोगी,कुष्ठ रोगी,फाइलेरिया तथा कुपोषण आदि के रोगियों को खोजबीन कर सूचीबद्ध करेंगी।

बीआरसी फैजनगर में चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

भुता, अमृत विचार : बीआरसी फैजनगर पर खंड शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद गौतम के नेतृत्व में ब्लॉक के शिक्षकों और शिक्षामित्रों का चार दिवसीय एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी) प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में एआरपी रोहित शर्मा ने बताया कि इसका मूल उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान कौशल को बढ़ाना है। एआरपी अशोक शर्मा ने कहा आधारभूत साक्षरता संख्यात्मक समझ के साथ पढ़ने लिखने और बुनियादी गणित करने की क्षमता है जो बच्चों को स्कूल में सीखने और सफल होने में मदद करती है। यह बच्चों के समग्र विकास और कल्याण के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षण में शिक्षकों को हिंदी, गणित, अंग्रेजी विषय, एवं तकनीकी स्मार्ट कक्षाओं के प्रयोग के बारे में बताया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
☎ 0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

पुराना मोबाइल बेचने आए ग्राहक ने बिल मांगने पर दुकानदार को पीटा

कैंट, अमृत विचार : दुकान पर पुराना मोबाइल बेचने आए युवक से दुकानदार ने बिल और आधार कार्ड मांगे तो वह भड़क गया और दुकानदार से मारपीट की, उसके गले से सोने की चेन और गल्ले में रखे 25 हजार रुपये की नकदी लूटकर भाग गया। पीड़ित ने कैंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के नकटिया स्थित आदर्श कॉलोनी निवासी जयंत जायसवाल ने बताया कि वह दिव्यांग हैं। और नकटिया पुरानी पुलिस चौकी के पीछे मोबाइल की दुकान संचालित करते हैं। सोमवार सुबह 10 बजे जब उसने दुकान खोली तो एक युवक उनकी दुकान पर मोबाइल बेचने आया। उसने मोबाइल की खरीद का बिल और आधार कार्ड मांगा गया तो वह भड़क गया, दुकानदार को जमीन पर गिराकर पीटने लगा। दुकानदार के गले से 10 ग्राम सोने की चेन और गल्ले में रखे 25 हजार लेकर भाग गया। सारी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार का कहना है। कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। घटना की हर पहलू पर जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

कुक्कुट पालन से रूबरू हुए किसान

बरेली, अमृत विचार: केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में सोमवार को डीएपीएसटी परियोजना के तहत तीन दिवसीय कुक्कुट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक डॉ. एके तिवारी ने की।

इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के खटीमा के गांव भूड़ा किशनी से लगभग 40 किसान शामिल हुए। परियोजना की अन्वेषक डॉ. दिव्या ने बैकयार्ड मुर्गी पालन सीखने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बैकयार्ड मुर्गी पालन से होने वाले लाभ के बारे में बताया। डॉ. संदीप सरन ने डीएपीएसटी परियोजना के बारे में बताया। कार्यक्रम में डॉ. राजनारायण, डॉ. चंद्रदेव ,डॉ. एमपी सागर, सत्य राम मीणा, राकेश जैसवारा, उमेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे ।

बायोटेक विभाग में फ्रेशर पार्टी में शामिल शिक्षक और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

सागर मिस्टर, कुमकुम मिस फ्रेशर चुनी गई

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के बायोटेक विभाग में सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन हुआ। एमएससी बायोटेक से सागर मिस्टर, कुमकुम मिस, बीएससी फॉरेंसिक से करण मिस्टर, रश्मि मिस, बीटेक से वंश मिस्टर और पलक मिस फ्रेशर चुनी गईं। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या रहे। प्रो. पीपी सिंह, डॉ. पंकज राय, प्रो. आरके शुक्ला, प्रो. मनीष गुप्ता, प्रो. एसएस त्रिपाठी, प्रो. राजेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में हुआ।

क्षत्रिय महासभा का 15 वां स्थापना दिवस आज

बरेली, अमृत विचार : क्षत्रिय महासभा उप्र का 15 वां स्थापना दिवस बरेली शाखा की ओर से मंगलवार को शांति विहार बदायूं रोड स्थित प्रयागो बरात घर में मनाया जाएगा। इस मौके पर निशुल्क नेत्र परीक्षण, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जांच शिविर लगेगा। जिलाध्यक्ष जगदीश सिंह कुशवाह ने बताया कि भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह शिविर का उद्घाटन करेंगे। महानगर अध्यक्ष विजय सिंह सेंगर ने बताया कि समाज की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम डॉक्यूमेंट में Moeen Rajaa S/o Mukeem Uddin Khan है। मैं फरीदपुर मिर्धान मोहल्ला का निवासी लेकिन मेरे नाम की स्पेलिंग में त्रुटि होने के कारण मैं अपने नाम की स्पेलिंग को ठीक करवाना चाहता हूँ जो Moin Raja होगा।

सूचना
मैंने अपने पुत्र रवि व पुत्रबधु बरखा को गलत चाल चलन के कारण उन्हे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। मै व मेरा परिवार उनके किसी कृत्य व लेनदेन का जिम्मेदार नहीं होगा। **सूरजमुखी पत्नी दीनानाथ, नि. हनुमान मंदिर के पास, संजयनगर, थाना बारादरी, बरेली।**

आवश्यकता है
अस्थाई रूप से
चेतना सेवा संस्थान टी आई बरेली में
परामर्शदाता 1 पद
योग्यता MA समाजशास्त्र/MSW
मानदेय 16000+यात्रा भत्ता
कम से कम एक वर्ष का अनुभव
आवश्यक है-दो पहिया वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस
4 आउट रीच वर्कर
योग्यता-ग्रेजुएट
मानदेय 10500+यात्रा भत्ता
कम से कम 1 वर्ष का अनुभव।
आवश्यक है-दो पहिया वाहन और ड्राइविंग लाइसेंस
प्रत्यक्ष रूप या डाक से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28.09.2024 शाम 5 बजे तक
Email : bareilly.chetna@gmail.com
पता : 12 नवादा शेखान निकट गुप्ता कार बाजार, पीलीभीत बाइपास रोड बरेली 243004
संपर्क : 8799261418, 7018236674

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

तीन दिवसीय तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

मीरगंज, अमृत विचार : राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज परिसर में तीन दिवसीय ,70वीं तहसील स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सोमवार को शुरू हुई। कार्यक्रम का उद्घाटन रंगारंग प्रस्तुति के साथ मुख्य अतिथि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (सीबीआई) मीरगंज की मैनेजर कोमल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर 100 मीटर की दौड़ शुरू कराई। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने शॉल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में तहसील के छह स्कूलों टीमों ने भाग लिया। सीनियर बालक 100 मीटर दौड़ और गोला फेंक में मुजाहिद (प्रथम) केएसजी इंटर कॉलेज, बालिका में कनक चौधरी 100 मीटर में (प्रथम) स्वामी दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की रही। गोला फेंक में सीनियर बालिका सोनम (प्रथम) राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज की रही। जूनियर बालक 100 मीटर मे पवन कुमार (प्रथम) सूरज पब्लिक स्कूल, गोला फेंक में उपदेश (प्रथम) संत मंगल पूरी कॉलेज से, लंबी कूद में संजीव राजपूत (प्रथम) राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज का रहा।जूनियर बालिका 109 मीटर में रेनू (प्रथम) कुंवर ढाकन लाल,लंबी कूद में अंकिता राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज से रही। सब जूनियर बालक में 200,400, मीटर दौड़ में देवेंद्र कुमार जी आई सी अगरास (प्रथम), बालिका सब जूनियर 100 मीटर में नूरिश ब्रह्मा देवी बालिका इंटर कॉलेज (प्रथम), 400 मीटर में मोनिका ,गांधी इंटर कॉलेज (प्रथम) लंबी कूद में राखी, राजेंद्र प्रसाद इंटर कॉलेज (प्रथम) रही। मंच संचालन स्नेह कुमार कुशवाहा, अरविंद उपाध्याय ने संभाला। निर्णायक में श्रीकृष्ण यादव, मनोज पाराशरी,राजेश गिरी गोस्वामी,मनोज कुमार वर्मा, सरदार अहमद, हेमंत कुमार, नीरज, आर डी मिश्रा,अमृता आर्य, किरन, अमित कुमार, हिमांशु कुमार आदि मौजूद रहे।

तहसीलदार न्यायालय पर एक पक्षीय आदेश जारी करने का आरोप

आंवला, अमृत विचार : तहसीलदार न्यायालय ने जारी किए गए एक आदेश को एक पक्षीय बताकर अधिवक्ता ने बार एसोसिएशन को शिकायती पत्र भेजकर न्याय की मांग की है। आंवला तहसील के इंद्रभान सिंह एडवोकेट ने आंवला बार एसोसिएशन अध्यक्ष और महासचिव को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके मुवक्किल धनवीर सिंह की भूमि आसपुर गांव में है, जिसकी दो पत्रावली तहसीलदार न्यायालय आंवला में सुनवाई के लिए लंबित थी। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पत्रावली की 24 सितंबर को सुनवाई होने की तिथि लगने के बावजूद भी। 6 सितंबर को एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया गया। अधिवक्ता ने विभिन्न गम्भीर आरोप लगाकर न्याय की मांग की है। वहीं तहसीलदार आंवला आशीष कुमार ने बताया कि खतौनी में नाम न होने से नियमानुसार एक पक्षीय आदेश किया गया है। अधिवक्ता अपील भी कर सकते है लगाए गए सभी आरोप निराधार है।

गोहत्या करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

देवरनियां, अमृत विचार : देवरनियां के कठर्रा गांव में पांच दिन पहले गोवंशीय पशु की हत्या के आरोपियों पर कार्रवाई न करने और पीड़ितों की फरियाद न सुनने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। कठर्रा गांव में पांच दिन पहले यूसुफ के खेत में गोवंशीय पशु का वध हुआ था, पुलिस ने अवशेषों को दफन कराया था। कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में हो रही गोवंशीय पशुओं की हत्या पर रोक नहीं लगाने पर गोरक्षकों ने आंदोलन की चेतावनी दी हैं। वहीं कठर्रा गांव निवासी सतपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार सुबह वह अपने खेत पर गया था, वहां रखी उसकी लड़की किसी ने लकड़ी चुरा ली। वह पड़ोसियों से पुछताछ कर रहे थे, इसी बीच गांव के कुछ लोग आ गए और उनके साथ मारपीट पर आमदा हो गए, उन्हें धमकी दी।इस मामले में भाजपा नेता और अखिल भारतीय गौ रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष विपिन गंगवार और गांव कठर्रा निवासी आदेश गंगवार ने इस मामले को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इंस्पेक्टर देवरनियां मुकेश कुमार सिंह पर फरियाद न सुनने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।वहीं इंस्पेक्टर देवरनियां मुकेश कुमार सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोप को गलत बताया है। तहरीर की जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

देवकी-वासुदेव को कारावास में डालने का किया मंचन

बरेली, अमृत विचार : सौ फुटा रोड स्थित श्रीमनकामेश्वर नाथ मंदिर पार्क में श्रीराधाकृष्ण रासलीला आयोजन समिति की ओर से आयोजित रासलीला में सोमवार को देवकी-वासुदेव के कारावास का मंचन किया गया। श्रीबांके बिहारी और लाडली सरकार की आरती के साथ लीलाओं का मंचन शुरू किया गया। मंचन में दिखाया कि कंस अपने पिता मथुरा नरेश उग्रसेन को बलपूर्वक गद्दी से हटाकर सिंहासन पर कब्जा कर लेता है। इसके बाद अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को काल के डर से विवाह के बाद कारावास की सजा दे देता है। कंस एक के बाद एक नवजात शिशुओं का वध करना शुरू कर देता है। अनुपम दीक्षित, चंद्रकांत तिवारी, प्रदीप अग्रवाल, राम भोले गुप्ता, संजय चन्द्रा, प्रवेश शर्मा, श्याम कुमार अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

क्लासिक कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

बरेली, अमृत विचार : क्लासिक कॉलेज ऑफ लॉ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने सोमवार को महेशपुर ठाकुरान और उसके आसपास धार्मिक स्थलों में स्वच्छता अभियान चलाया। कॉलेज परिसर में मुख्य अतिथि एडवोकेट राशि पाराशरी ने स्वयंसेवक और सेविकाओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी कृष्ण कुमार गंगवार के निर्देशन में आयोजन किया गया।

लाल सड़न रोग से सूख रही गन्ने की पौध

तराई क्षेत्र में सर्वाधिक बोई जाने वाली 0238 और 118 प्रजाति की फसल ज्यादा प्रभावित

भानु प्रताप सिंह, भदपुरा

सूख रही फसल को उखाड़कर ले आते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : किसानों की नकदी फसल गन्ने में लाल सड़न रोग (रेड रॉट कैंसर) लग गया है, इससे उनके माथे पर चिंता की लकीरें नजर आने लगी हैं। पहले सूखा, फिर बाढ़ अब लाल सड़न रोग से लड़ते- लड़ते किसान तंग आ चुके हैं। तराई क्षेत्र में सर्वाधिक बोई जाने वाली गन्ने की प्रजाति 0238 और 118 में यह रोग लगा है। किसान परेशान हैं, क्योंकि खेतों में पानी भरे होने से यह रोग तेजी से फैल रहा है।

इस साल भी एक लाख हेक्टेयर से अधिक रकबे में किसानों ने गन्ने की फसल बोई है। अब गन्ना की फसल पकने के करीब है तो लाल सड़न रोग लगने से किसान मुश्किल में फंस गए हैं। शरद गन्ना बजाज शुगरमिल के अधिकारी ने बताया कि गन्ने में लगने वाला यह एक बीज और भूमि जनित रोग है। गन्ने की फसल में यह रोग जुलाई से लगना शुरू होता है ओर फसल के अंत तक रहता है। इसका एक ही उपाय है जो गन्ना सूख गया गया उसे जड़ सहित उखाड़ कर खेत से अलग फेंक दें और और पौध कटने के बाद उस जगह पर दूसरा बीज लगा दें । ढकिया बर्कली गांव के रहने वाले किसान संतोष कुमार, छत्रपाल,वेदपाल, महेंद्र पाल ने बताया कि उनके गांव के गन्ने के रकबे में भी काफी फसल इस रोग की चपेट में चुकी है। जिससे किसान परेशान हैं, इसके अलावा भदपुरा गांव के रहने वाले किसान हरीलाल, पप्पू लाल,राजवीर ने बताया कि इस रोग के लगने से गन्ना लगातार सूख रहा है। उन्होंने बहुत सी महंगी दवा का उपयोग किया, लेकिन कोई लाभ नही हुआ। बहर जागीर गांव के किसान प्रमोद कुमार, कृष्ण पाल,गोधन लाल,दीनदयाल,संतोष ने बताया कि महंगाई में कड़ी मेहनत कर फसल तैयार की लेकिन अब फसल में कैंसर रोग लगने से उनकी रातों की नींद उड़ी हुई है।

एक ही प्रजाति बार-बार बोने से हो रहा नुकसान

गन्ना विभाग के मुताबिक किसान सर्वाधिक गन्ना इसी प्रजाति का बोते हैं। एक अनुमान के मुताबिक गन्ने के कुल रकबे में से इस बार 30 से 50 फीसदी रकबे में 0238 और 18 प्रजाति बोई गई है। किसान लगातार एक ही प्रजाति का गन्ना खेत में बार-बार बोते हैं। इसलिए यह बीमारी तेजी से फैली है। क्योलड़िया समेत भदपुरा के तमाम गांव में गन्ने की फसल में बड़े पैमाने पर इस रोग के पनपने से किसान अभी से कोल्हू पर आधे रुपये में बेचने को मजबूर हैं। नकटी नरायनपुर के किसान मंगली प्रसाद,भुबनेश गंगवार,योगेंद्र पाल सुरेंद्र कुमार आदि ने बताया कि गन्ने की फसल में बीमारी लगने से उन्हें चिंता सता रही है।

जड़ से उखाड़कर नष्ट करें फसल

कृषि वैज्ञानिक के अनुसार रेड रॉट से बचाव के लिए लाल सड़न के लक्षण दिखने पर प्रभावित गन्ने को जड़ सहित उखाड़कर खेत से बाहर लाकर नष्ट कर दें। रेड रॉट प्रभावित गन्ने के पौधे उखाड़ने के बाद खेत के गड्ढों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करें। शेष फसल पर थियोफिनेटमिथाइल और फंगीसाइड का प्रयोग करें।

सार-संक्षेप

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में योजनाओं की दी जानकारी

बहेड़ी, अमृत विचार : सेवा सप्ताह पखवाड़े के तहत बहेड़ी सीएचसी में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को देने के लिए स्टॉफ को निर्देशित किया गया। ब्लॉक प्रमुख अमरेंद्र सिंह ने शिविर का फीता काटकर शुरू कराया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी ने 60 साल की उम्र पार कर चुके लोगों के लिए बनाई जाने वाली नई सूची के बारे में जानकारी दी और आयुष्मान कार्ड बनवाने को प्रेरित किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष पति बॉबी जायसवाल, सुरेंद्र प्रताप सिंह, सतीश राठौर, चौ. नरेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, तरुण कालरा, लाल सिंह, महेश शर्मा,नईम अहमद सहित कई अन्य भाजपाई मौजूद रहे।

राजश्री कॉलेज से जन जागरण रैली निकाली

रिठौरा, अमृत विचार : राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी में फार्माकोविजिलेंस क्षेत्र में जन जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति में प्रयुक्त औषधि और जनमानस को उनसे होने वाले उसके दुष्प्रभावों से सतर्क रहना बेहद आवश्यक है। पोस्टर प्रेजेंटेशन के तहत औषधियों के दुष्प्रभावों को चिन्हित कर इससे सतर्क रहने का संदेश दिया। जिसमें अनुराग सिंह के पोस्टर को प्रथम, अरबाव शम्सी को द्वितीय और आकाश सिंह तोमर को तृतीय स्थान मिला। रैली के दौरान निकटवर्ती क्षेत्रों के मरीजों एवं आम जन मानस के मध्य औषधियों दुष्प्रभावों पर परिचर्चा एवं परामर्श सेवायें प्रदान की। कार्यक्रम सफल बनाने में रजिस्ट्रार, दुष्यंत माहेश्वरी प्राचार्या डॉ. सुचेता सिंह, वैशाली भारद्वाज, भूपेन्द्र, रविन्द्र, राहुल रॉय, अफसर अली, वंशिका सक्सेना, सहित समस्त स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा।

पशुधन मंत्री ने स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन

आंवला, अमृत विचार : आयुष्मान भारत योजना के छह वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ मुख्य अतिथि पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने फीता काटकर किया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान पखवाड़ा) के तहत लगाए गए शिविर में 402 रोगियों का परीक्षण कर दवाएं दी गई। छह लोगों का आयुष्मान कार्ड के लिए सत्यापन किया गया। महिला उर्मिला देवी का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। जिसे मुख्य अतिथि ने सौंपा। कार्यक्रम के अंत में पशुधन मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे बने 50 शैय्या युक्त एमसीएच विंग अस्पताल की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रमाद अनुरागी, डॉ. इंद्रपाल सिंह, मीना मौर्य, वीना रस्तोगी, प्रियंका सक्सेना, हरीश चौहान एडवोकेट, पान सिंह लोधी, राकेश मोहन त्यागी, प्रभाकर शर्मा, गुलज़ारी लाल चंद्रा, धर्मपाल सिंह, डॉ. सुनील कुमार, नरेंद्र सिंह, किशन सिंह, रमेश शर्मा, रामाशीष सिंह,देवेन्द्र सिंह, शालिम कुमारी मुस्कान, छत्रपाल सिंह, मुकेश कुमार, तौफीक मियां आदि मौजूद रहे।

दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की हुई काउंसलिंग

देवरनियां, अमृत विचार : विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग ब्लाक संसाधन केंद्र रिछा में हुई। इसमें ब्लॉक दमखोदा के विभिन्न विद्यालयों से दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों ने हिस्सा लिया। दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया गया। इसके साथ-साथ होम बेस्ड एजुकेशन के अंतर्गत गंभीर एवं बहू दिव्यांग बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को मार्गदर्शन के लिए विकास क्षेत्र दमखोदा में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर अवधेश बहादुर द्वारा काउंसलिंग कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसमें ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी विवेक शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। इसके अलावा कंपोजिट विद्यालय अभयपुर के इंचार्ज और प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद वर्मा, एवं कंपोजिट विद्यालय डांडिया नगला के इंचार्ज व संकुल लीडर और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लाक मंत्री दशरथ सिंह आदि का योगदान रहा।

एक-दूसरे पर छींटाकशी से बचें, शांति से मनाएं त्योहार

सेंथल, अमृत विचार : कस्बे में शिया-सुन्नी समुदायों में हो रहे कार्यक्रमों में एक दूसरे पर हो रही छींटाकशी को लेकर पुलिस ने शांति समिति की बैठक कर दोनों समुदायों को कस्बे में शांति बनाए रखने की हिदायत दी। कस्बे में हजरत मोहम्मद साहब की यौमे विलादत के सिलसिले में सुन्नी-शिया समुदाय में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में एक दूसरे के ऊपर हो रही छींटाकशी के चलते कस्बे का माहौल खराब न हो उसको लेकर चौकी चौकी इंचार्ज रविन्द्र सिंह राना ने दोनों समुदायों को चौकी पर बुलाकर शांति समिति की बैठक की। चौकी इंचार्ज ने कहा कि कार्यक्रम की आवाज परिसर से बाहर नहीं निकलनी चाहिए। शांति व्यवस्था बनाए रखें। माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अशरफ अली, शाहीन रजा जैदी, वाहिद अली, डॉ. रजा हैदर, खुर्शीद आलम मिस्बाही, जिला पंचायत सदस्य हाजी मुन्ना अंसारी, शमीम अहमद, शाकिर अली, हाफिज साबिर, गुड्डू अल्वी आदि मौजूद रहे।

गंगा में कूदे बरेली के युवक को गोताखोरों ने बचाया

अमरोहा, अमृत विचार : बरेली का रहने वाला युवक सोमवार को आत्महत्या करने के इरादे से बृजघाट पुल से गंगा नदी में कूद गया। हालांकि गोताखोरों ने उसे सकुशल बचा लिया। इसी तरह हसनपुर क्षेत्र की एक महिला भी आत्महत्या करने के लिए बृजघाट पहुंची, उसे भी बचा लिया गया। बरेली निवासी अमित सोमवार को बृजघाट पहुंचा और आत्महत्या करने के लिए पुल से गंगा नदी में कूद गया। पुल से कूदने के लिए पहले वह लोहे की जाली पर चढ़ा। गंगाघाट के किनारे मौजूद नाविकों और गोताखोरों ने उसे जाली पर चढ़ते देखा तो वे गंगा में पुल के नीचे पहुंच गए। उसके कूदते ही बाहर निकाल लिया। इस बीच बृजघाट चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उससे उसके परिवार के बारे में जानकारी ली। मौके पर पहुंचे परिजनों को उसे सौंप दिया गया।

अधिवक्ताओं ने किया न्यायिक कार्य का बहिष्कार

मीरगंज, अमृत विचार : अधिवक्ताओं ने तहसील के कुछ न्यायालयों में अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाकर सोमवार को तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। वकीलों ने सुबह बार एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक उपाध्याय को कुछ न्यायालयों में मनमाने तरीके से काम करने की शिकायत की है। बार अध्यक्ष ने वकीलों की बैठक कर सदन की राय लेकर समस्या का निस्तारण कराने का निर्देश सचिव भगवान सिंह गंगवार को दिए। उसके बाद न्यायिक कार्य से विरत करने का निर्णय लिया। प्रदर्शन करने वालों में अशोक उपाध्याय, भगवान सिंह, अरविंद कुमार, हाजी हबीबुल खां, चंद्रपाल गंगवार, राकेश रोहिला, नसीमुल हसन, संजीव कुमार, मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

शरीफ नगर की गोशाला में अव्यवस्थाओं की भरमार

देवरनियां, अमृत विचार : शरीफ नगर में बनी गोशाला में अव्यवस्थाओं की भरमार है। देखरेख के अभाव में गोशाला में गाये भूख से तड़प रही है। गौरक्षा हिंदू दल की टीम में पशु चिकित्सा अधिकारी शेरगढ़ डॉ. समर के साथ गोशाला का निरीक्षण किया तो पता चला कि गोशाला में भरपूर चारा न होने से गायें भूख से तड़प रही। गौरक्षा दल के कार्यकर्ताओं बताया कि उन्हें शरीफ नगर गोशाला का एक वीडियो मिला जिसमें ट्रैक्टर से खींच कर गाय के शव को दफनाया जा रहा था । इसके बाद वह प्रधान धर्मराज सिंह और पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ गोशाला पहुंचे और अव्यस्थाओं पर नाराजगी की जताई। आरोप लगाया कि मृत गायों को बिना पोस्टमार्टम के ही ट्रैक्टरों से खींचकर दफनाया गया है। इसकी सूचना कर्मचारी अधिकारियों को नहीं देते हैं। गौरक्षकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द गोशालाओं में की व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। एसडीएम बहेड़ी से भी इसकी शिकायत की। इस दौरान गौरक्षा हिंदू दल के जिला प्रभारी रविंद्र प्रताप, तहसील अध्यक्ष रजत पंडित, मंत्री विष्णु मौर्य, उपाध्यक्ष संजीव कश्यप, जिला सुरक्षा प्रमुख सोनू मोदी, गिरीश मौर्य, संतोष गंगवार , नेम चंद मौर्य, सौरभ गंगवार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीएचसी पर शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू

भमोरा, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा पर सोमवार सुबह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के (राष्ट्रीय किशोर सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत)शिक्षा विभाग के प्रत्येक विद्यालय से नोडल शिक्षक के प्रशिक्षण का प्रथम बैच शुरू हुआ। सेंटर ऑफ नॉलेज एंड डेवलपमेंट भी प्रशिक्षण में सहयोग करेगा। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ कार्यक्रम के तहत हुआ। जिसमें चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी रोली कुमारी और अनु ने प्रशिक्षण दिया।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्रों का किया मार्गदर्शन

रिठौरा, अमृत विचार : मैस्कॉट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में सोमवार को नए प्रवेश लेने वाले बीएड, बीए ,बीएससी, बीफार्मा ,डीफार्मा के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । बतौर मुख्य अतिथि प्रो. संतोष अरोड़ा , प्रोफेसर राजेश यादव , मोहम्मद अली जौहर और संस्थान के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल, डॉक्टर मोहित अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुरू कराया।

डॉ. संतोष अरोड़ा ने छात्रों को बताया आप किस तरह से अपने प्रोफेशन से समाज का निर्माण कर सकते हो , बदलते परिवेश में व्यक्ति के प्रोफेशन का प्रभाव संपूर्ण समाज पर पड़ता है। आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. जयकरन माथुर, डॉक्टर सोमा गौड़,प्रेमपाल गंगवार,संध्या पटेल, कुलदीप, मंगेश, सचिन श्रीवास्तव, राजपाल, संजीव कुमार ,तान्या गंगवार, तनु पांडे , शक्ति गंगवार, फार्मेसी के विभाग अध्यक्ष डॉ. विकास रस्तोगी आदि स्टार किया ।

गन्ना विकास समिति के चुनाव में अव्यवस्थाओं की भरमार

- उसी दिन मिलेंगे पर्चे और उसी दिन होगा नामांकन, चस्पा नहीं की गई मतदाता सूची

संवाददाता, नवाबगंज

अमृत विचार: नवाबगंज सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव को लेकर यहां पूरी तरह अव्यवस्थाओं का आलम है। समिति के अधीन आने वाले 198 गांवों में से गन्ना विकास प्रबन्ध समिति के 311 प्रतिनिधियों का चुनाव होना है, जिनमें से प्रबन्ध कमेटी के 9 सदस्य चुने जाएंगे , एक सदस्य शासन से नामित किया जाएगा।

तयशुदा कार्यक्रम के अनुसार सामान्य निकाय के 311 प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए अनन्तिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन सोमवार दोपहर 2 बजे किया गया। मंगलवार को आपत्तियां दाखिल होने के बाद दूसरे दिन 25 को आपत्तियों के निस्तारण के बाद उसी दिन अंतिम मतदाता सूचियों का प्रदर्शन होने के बाद 26 को नामांकन पत्रों की बिक्री के साथ ही, इसी दिन नामांकन दाखिल भी होंगे। इसका जवाब किसी के पास नहीं है कि 40 हजार मतदाताओं की मतदाता सूची के प्रकाशन और आपत्ति के लिए एक - एक दिन तो नामांकन पत्रों की बिक्री और दाखिले के लिए एक ही दिन मिलना है। ऐसे में 311 पदों के प्रत्याशियों के लिए नामांकन पत्र मिलने और उसी दिन नामांकन करना एक टेड़ी खीर है जो एक सामान्य व्यक्ति के भी गले नहीं उतरेगा । इस मामले में गन्ना समिति सचिव मेधा चतुर्वेदी और चुनाव अधिकारी तहसीलदार बहेड़ी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि ये शासन के निर्देश है हम इसमें कुछ नहीं कर सकते हैं।

श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज में ही होगा चुनाव

गन्ना समिति प्रतिनिधियों के चुनाव स्थल को लेकर असमंजस की स्थिति अब साफ हो गई है। चुनाव अधिकारी ने पहले की तरह ही श्रीकृष्ण इंटर कॉलेज परिसर में ही चुनाव कराने की संस्तुति की है। लोगों का मानना है कि मतदान के लिए उपमंडी का परिसर ही सर्वाधिक उपयुक्त है, फिर भी विभाग ने मंडी की जमीन होने के बाद भी निजी कॉलेज में चुनाव कराने का निर्णय लिया है।

विधवा से युवक ने की दुष्कर्म की कोशिश

आंवला, अमृत विचार : खेत गई एक विधवा से एक युवक ने छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की, उसके विरोध करने पर उसे पांच सौ रुपये देकर उसका मुंह बंद करने की कोशिश की ।जब पीड़िता ने थाने में शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। थानाक्षेत्र के एक गांव की विधवा ने बताया कि उसके दो बच्चे है वह मजदूरी करके अपना और बच्चों का पेट पाल रही है। सोमवार सुबह वह अपने खेत पर गई थी। इसी दौरान पड़ोस के खेत में सिंचाई करने वाला एक युवक उसके पास आया और उससे छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश करने लगा विरोध करने पर 5 सौ रुपये लेने को कहने लगा। शोर मचाने पर गांव का एक युवक आ गया, जिन्हे देखकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। उसने आरोप लगाया कि वह शिकायत करने के लिए थाने आ रही थी तो गांव के एक व्यक्ति ने समझौते का दबाव बनाया। इन्कार करने पर गोली मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

आज 5 घंटे बिजली सप्लाई रहेगी बाधित

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी कस्बे समेत ग्रामीण क्षेत्र के लिए स्थापित 33/11 केवी के विद्युत उप केंद्रों से जुड़े सभी उपभोक्ताओं के लिए जानकारी दी गई है कि मंगलवार को आरडीएएस योजना के तहत 11 केवी की नई लाइन के निर्माण का काम किया जाना है, इसलिए दोनों उप केंद्रों से बिजली सप्लाई सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता चमन प्रकाश ने दी।

बंटवारे के विवाद में महिला को पीटा

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : बंटवारे को लेकर दो भाइयों में हुए विवाद में महिला ने जेठ-जेठानी और उनके बेटे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके महिला को मेडिकल के लिए भेजा है। गांव चितौली निवासी धनदेई ने पुलिस को बताया उनके पति राजपाल मौर्य ने सोमवार को पैतृक मकान में हिस्सा मांगा तो उसके जेठ नेतराम,जेठानी मुन्नी देवी और उनके बेटे गुड्डू ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके धनदेई को मेडिकल को भेजा है।

पितृ पक्ष में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

फरीदपुर अमृत विचार : पितृपक्ष में फरीदपुर के मिनी बाइपास कर्मचारी नगर स्थित कृष्णा होम्स कॉलोनी में भागवत अमृत वर्षा का आयोजन सोमवार से शुरू हुआ। वृंदावन से पधारे कथा व्यास श्री दिव्य कृष्ण शास्त्री रोज शाम 5 से 8 बजे तक लोगों को कथा सुनाएंगे। कथा शुरू होने से पहले मंशा देवी मंदिर से कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई, इसके बाद वेदी पूजन किया गया। पहले दिन कथा व्यास श्री दिव्य कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को भागवत कथा का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष में भागवत कथा सुनने का बहुत बड़ा महत्व है। शास्त्रों के अनुसार यदि पितृ रुष्ट होते हैं तो व्यक्ति का परिवार सुखमय जीवन नहीं व्यतीत कर सकता। इस दोष को दूर करने के लिए अनेक विधि विधान हैं लेकिन यदि व्यक्ति पितृपक्ष में भागवत कथा सुनता है तो पितृ आनंदित होते हैं और पितरों की कृपा दृष्टि से आपके परिवार में सुख शांति और समृद्धि बनी रहती है। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक नत्थू लाल शर्मा, सचिन शंखधार, संजय सिंह, कुलभूषण शर्मा, अंकित, मुदित ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की लोगों से अपील की है।

श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया गया वर्णन

आंवला, अमृत विचार : कस्बे में श्री लाडली कृपा भागवत सेवा समिति आंवला की ओर से श्रीमद भागवत कथा कराई जा रही है। कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। श्रीमद भागवत कथा के 16वें आयोजन के दौरान कथा व्यास बरसाना से पधारे नित्यानंद ने कृष्ण जन्म और उनकी बाल लीलाओं का वर्णन कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। आयोजकों ने बताया कि 20 से 26 सितंबर तक चलने वाली कथा में मंगलवार को गोवर्धन पूजा, बुधवार को रुक्मिणी विवाह, और गुरुवार को सुदामा चरित्र की कथा का वर्णन किया जाएगा।

किराना की दुकान में चोरी करते तीन पकड़े

आंवला, अमृत विचार : किराना की दुकान में काम करने वाले एक युवक ने अपने दो साथियों के साथ सामान की चोरी कर ली। दुकानदार ने तीनों को मौके पर पकड़ लिया। एक युवक को उसके परिजन छुड़ा कर ले गए, जबकि दो लोगों को पुलिस को सौंप दिया गया है। दुकानदार ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के गंज त्रिपोलिया निवासी सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि वह किराना का थोक व्यापारी है। उसने आरोप लगाया कि सोमवार की शाम करीब 5 बजे उसकी दुकान पर काम करने वाला युवक अपने दो अन्य साथियों के साथ उसकी दुकान में सामान की चोरी कर रहा था। उसने उन लोगों को सामान के साथ पकड़ लिया। शोर शराबा सुनकर वहां भीड़ एकत्रित हो गई। व्यापारी बताया कि एक काम करने वाले युवक के परिवार को घटना की जानकारी हो गई। वह लोग उसकी दुकान पर आए और उसे जबरन छुड़ाकर ले गए। व्यापारी अन्य लोगों के साथ पकड़े गए दो लोगों को पुलिस को सौंप दिया।

गन्ने के खेत में नाबालिग के साथ मिला युवक

भोजीपुरा, अमृत विचार : घर से सोमवार सुबह किशोरी को गांव का दूसरे समुदाय का युवक बहलाकर ले गया ।खोजबीन करने पर युवक किशोरी के साथ गांव इटौआ केदारनाथ में एक गन्ने के खेत में मिले। परिजनों ने युवक को पकड़कर भोजीपुरा पुलिस को सौंप दिया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भोजीपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी को सुबह 8 बजे उसी गांव का रहने वाला युवक बहलाकर ले गया। किशोरी घर नहीं पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने खोजबीन की तो एक इटौआ केदारनाथ गांव में गन्ने के खेत में किशोरी और युवक मिल गए। पुलिस ने आरोपी सुनील के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवक से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लड़की नाबालिग है जब कि लड़का बालिग है। दोनों अलग -अलग समुदाय के हैं।

पीएम आवास और आयुष्मान कार्ड का लाभ पात्रों को दिलाएं

बिशारतगंज, अमृत विचार : पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक मुख्यालय मझगवां पर सोमवार को बैठक हुई, जिसमें प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा ग्राम पंचायत सचिवों को सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। पशुधन मंत्री ने बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत हर ग्राम पंचायत में गरीब वर्ग के पात्र लाभार्थियों को ही प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराए जाएं किसी तरह का यदि कोई भ्रष्टाचार सामने आया तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले सभी वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड भी ब्लॉक स्तर पर बनने शुरू हो गए हैं ।बैठक में ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह, आंवला विधानसभा संयोजक भाजपा राकेश मोहन त्यागी, खंड विकास अधिकारी हरसेंद्र कुमार यादव, एडीओ पंचायत अभय कुमार आर्य के अलावा बीडीसी और ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।

कार और 20 लाख के लिए महिला को निकाला

कैंट, अमृत विचार : ससुरालियों ने महिला को कार और 20 लाख रुपये के लिए मारपीट कर घर से निकाल दिया, पीड़िता ने रविवार रात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कैंट थाना क्षेत्र के लालफाटक स्थित गोकुलधाम कॉलोनी निवासी महिमा सिंह ने बताया कि उसकी शादी 7 दिसंबर 2020 को शाहजहांपुर निवासी सिद्धार्थ कुमार से हुई थी। शादी में उसके पिता ने 30 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके बाद भी पति सिद्धार्थ कुमार, ससुर दिनेश सिंह, सास बीना सिंह शादी में दिए गए दहेज से खुश नहीं थे। उसे और दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे, उस पर मायके से 20 लाख नकद और एक कार लाने के लिए दबाव बनाने लगे। असमर्थता जताने पर मारपीट करते। 15 नवंबर 2023 को रात 9 बजे आरोपियों ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। धमकी दी कि मांग पूरी किए बिना आई तो जान से मार देंगे। तब से वह मायके में ही रह रही है। समझौते के काफी प्रयास किए गए। लेकिन कोई हल नहीं निकला। महिला ने कैंट थाने में आरोपियों के खिलाफ रविवार देर रात रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छात्रों को दिलाई गई स्वच्छता की शपथ

फरीदपुर , अमृत विचार : कस्बे के छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज एवं किशोर चंद कन्या इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से छत्रपति शिवाजी इंटर कॉलेज में कार्यक्रम हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को शिक्षकों ने शपथ दिलाई । राज्य प्रशिक्षक अमित कुमार सिंह तोमर ने कहा कि हमारा स्वभाव स्वच्छता और संस्कार भी स्वच्छता होना चाहिए। प्रति सप्ताह दो घंटा श्रमदान करते हुए स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने की शपथ ली गई। छात्रों ने शपथ ली कि मैं ना गंदगी करूंगा ना किसी और को करने दूंगा।

सम्मन आमतौर

न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय, बरेली
प्रकीर्ण वाद सं0 52 सन् 2024
ओमप्रकाश उम्र करीब 63 वर्ष पुत्र स्व. श्री लेखराज निवासी ग्राम रजपुरा माफी विकास खण्ड बिथरी चैनपुर परगना तहसील सदर व जिला बरेली..निगरानीकर्ता
बनाम 1.मोहम्मद हनीफ उम्र करीब 51 वर्ष पुत्र अब्दुल रहमान 2.आबिद अली उम्र करीब 41 वर्ष पुत्र प्यारे अली 3.राजेश चन्द्र उम्र करीब 36 वर्ष पुत्र रामदास 4. अमीनुल इस्लाम उम्र करीब 33 वर्ष पुत्र मो. हनीफ 5. संतोष कुमार उम्र करीब 31 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासीगण ग्राम रजपुरा माफी, विकासखण्ड बिथरी चैनपुर परगना तहसील व जिला बरेली। 6.उ0प्र0 राज्य द्वारा जिलाधिकारी बरेली। 7.पंचायत चुनाव अधिकारी ग्राम पंचायत रजपुरा माफी विकासखण्ड बिथरी चैनपुर जिला बरेली 8.पंचायत चुनाव रिटर्निंग अधिकारी ग्राम पंचायत रजपुरा माफी, विकास खण्ड बिथरी चैनपुर जिला बरेली 9. सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री चरन सिंह जे0ई0 लघु सिंचाई विभाग, ब्लाक क्यारा, तहसील सदर जिला बरेली ग्राम पंचायत चुनाव 2021 ग्राम पंचायत चुनाव 2021 ग्राम पंचायत रजपुरा माफी विकास खण्ड बिथरी चैनपुरा जिला बरेली 10. श्री चरन सिंह वल्द नामालूम बालिग जे0ई0 लघु सिंचाई विभाग, क्यारा क्यारा ब्लाक, तहसील सदर जिला बरेली ।
.. विपक्षीगण चूंकि मुसम्मी ओमप्रकाश उम्र करीब 63 वर्ष पुत्र स्व0 श्री लेखराज निवासी ग्राम रजपुरा माफी विकास खण्ड बिथरी चैनपुर परगना तहसील व जिला बरेली ने आपके नाम एक नॉलिश वास्ते सिविल निगरानी के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्त दिया जाता है कि आप व बतारीख 05.10.2024 असालतन या मारफत किसी वकील के जो मुकदमा हाजा से वखूबी वाकिफ हो और जो मुकदमा हाजा की जवाबदेही कर सके मय कागजात मुतलका के हाजिर हो वरना आपकी गैर हाजिरी मुकदमा हाजा फैसला होगा। आज बतारीख 12.09.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से जारी किया गया। जज

पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूरज पाल सिंह यादव पुत्र श्री रामचरन लाल यादव निवासी भवन सं.- 230-ए पवन बिहार कॉलोनी, बरेली (243006) ने एक किता सम्पत्ति गाटा संख्या- 377, 378, प्लाट नं.- 230-ए ग्राम हरूनगला तहसील व जिला बरेली को चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री दिनांक 28.05.2003 को वही सं. 1 जिल्द संख्या- 474 पृष्ठ संख्या 175-194 तक क्रमांक 3735 बरेली में हुई। उक्त रजिस्ट्री बीसलपुर चौराहे पर फोटो स्टेट कराते समय खो गयी है। जिसकी सूचना 21.09.2024 को पुलिस को दी जा चुकी है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से समस्त दस्तावेजों साक्ष्यों सहित मेरे कार्यालय में सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुये कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। उपरोक्त लोन जारी कर दिया जायेगा।

सुशान्त सक्सेना (एडवोकेट)
कार्यालय- बगिया, चैम्बर नं. 01
बड़ा वकालतखाना, सिविल कोर्ट बरेली
मो. 9837205613 सूबीबद्ध अधिवक्ता
चोला मण्डलम इन्वेस्टमेन्ट एण्ड फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड

कार्यालय ग्राम पंचायत पीताम्बर पुर वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पीताम्बर पुर की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजानिक शौचालय मरम्मतः जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

दीक्षा गंगवार — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय नगर पंचायत पकड़िया नौगवां, पीलीभीत

पत्रांक: 178/मै.नि./रा.वि./नं.पं.पक.नौ.पी./2023-24 दिनांक: 23.09.2024

निविदा सूचना

समस्त निविदाताओं को सूचित किया जाता है आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां द्वारा राज्य वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्यो को नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसके क्रम में मैनुअल निविदा की दिनांक 25.09.2024 से 16.10.2024 तक मैनुअल निविदाएं आमंत्रित की जाती है, इच्छुक फर्म / निविदादाता अपनी-अपनी निविदा फार्म पर स्पष्ट निविदा दरों को भरकर दिनांक 25.09.2024 से 16.10.2024 तक समय अपरान्ह 12 बजे तक सीलबन्द लिफाफे में नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में जमा कर सकते है। जो उसी दिनांक सायं 03:00 बजे खोले जायेंगे।

क्र.सं.	कार्य का नाम	निविदा मूल्य रू. में	आगणन की धनराशि मय 18 प्रतिशत जी.एस.टी. रूपये	कार्य अवधि
1.	इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य इश्तकार के मकान से भाईयन के मकान तक वार्ड संख्या 9	120	1,20,000	1 माह
2.	उच्चीकरण सड़क निर्माण कार्य अटल मिश्रा के मकान से धीरेन्द्र त्रिपाठी के मकान तक वार्ड संख्या 02	118	1,18,000	1 माह
3.	इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शल्लन भाई के मकान से हारून भाई के मकान तक वार्ड संख्या 12	203	2,03,000	1 माह
4.	अप्रोच रोड रामवाटिका मन्दिर के पार्क तक वार्ड सं. 07	186	1,86,000	1 माह
5.	इण्टरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य जगदीश श्रीवास्तव से नवल पांडे, देवेन्द्र गंगवार से देवेन्द्र मोहन के मकान तक वार्ड संख्या 07	576	5,76,000	1 माह

1. निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाए।
2. निविदा मूल्य एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां बैंक ऑफ बड़ौदा के बैंक खाता सं. 00730100028592 IFSC Code-BARB0BLYPIL NEFT/RTGS द्वारा जमा करने के उपरान्त रसीद की स्कैन कॉपी अथवा निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां पीलीभीत के नाम एवं 10 प्रतिशत जमानत धनराशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत पकड़िया नौगवां के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य है।
3. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी में निहित होगा।
4. इच्छुक फर्म निविदाता निविदा खोलते समय उपस्थित रह सकते हैं।
5. उपरोक्त से सम्बन्धित निविदा इच्छुक बोलीदाता निविदा की नियम व शर्ते कार्यालय नगर पंचायत पकड़िया नौगवां पीलीभीत में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत पकड़िया नौगवां
पीलीभीत

पकड़ा गया ग्रामीण को मारने वाला बाघ

पीलीभीत, अमृत विचार : ग्रामीण को मारने वाले खूंखार बाघ को माला जंगल में पकड़ लिया गया। वहीं शारदा सागर डैम पर एक अन्य बाघ ने ग्रामीण को बुरी तरह घायल कर दिया।

कलीनगर तहसील के जंगल से सटे गांवों में आतंक का पर्याय बने बाघ को सोमवार तड़के पीलीभीत टाइगर रिजर्व की माला रेंज में ट्रेंकुलाइज कर पकड़ लिया गया। इस बाघ ने 9 सितंबर को बांसखेड़ा निवासी केदारीलाल (50) को माला रेंज की भैरों बीट में मार डाला था। इधर सोमवार सुबह शारदा डैम पर एक बाघ ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव नगरियाखुर्द कलां निवासी सुजीत राय को घायल कर दिया।

शोहदों ने दी तेजाब फेंकने की धमकी छात्रा ने खुद को घर में किया कैद

पीड़िता की शिकायत पर पड़ोसी युवक समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र का मामला
- रास्ते में घेरकर युवती के साथ करता था अश्लील हरकत

अमृत विचार : मुगलपुरा थाना क्षेत्र में छात्रा ने शोहदे के डर से खुद को घर में कैद कर लिया। वह रास्ते में घेरकर युवती के साथ अश्लील हरकत करता था। बीते दिनों आरोपी अपने दो दोस्तों के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और तेजाब डाल कर चेहरा जलाने और जान से मारने की धमकी देने लगा।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।थाना क्षेत्र की कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय युवती बीए की छात्रा है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोस में रहने वाला सुमित कॉलेज आते-जाते उसके साथ कई बार छेड़छड़ करता था। आरोपी अक्सर पीड़िता को अश्लील इशारे भी करता था। आरोपी की हरकत से तंग आकर युवती ने जनवरी 2024 से कॉलेज जाना बंद कर दिया। आरोप लगाया कि बीते 15 सितंबर को आरोपी सुमित अपने दो साथियों केशव और विक्की के साथ उसके घर के गेट पर आ गया। आते ही उसने तेजाब डालकर चेहरा खराब करने और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी वहां से भाग निकले। इसके बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लील कमेंट करने और धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

रिश्वत लेते पकड़ा कनिष्ठ लिपिक, निलंबित

बदायूं, अमृत विचार : एंटी करप्शन टीम ने नगर पालिका परिषद, बदायूं के कनिष्ठ लिपिक मुशाहिद अली को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। पालिका अध्यक्ष ने उसे निलंबित कर दिया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नाहर खां सराय निवासी अरसलान खान ने मीट की दुकान खोलने के लिए नगर पालिका में आवेदन किया था। एनओसी के लिए नगर पालिका में कनिष्ठ लिपिक मुशाहिद अली ने 20 हजार रुपये की मांग की। व्यापारी ने इतने रुपये देने में असमर्थता जताई तो मामला 8 हजार रुपये में तय हुआ।

कमरे में सोए थे पत्नी-बच्चे तभी पहुंच गया मगरमच्छ

संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही

अमृत विचार : निगोही के गांव बिरासिन में एक ग्रामीण के कमरे में मगरमच्छ पहुंच गया। कमरे में ग्रामीण के पत्नी-बच्चे सो रहे थे। रात करीब दो बजे खेत से लौटे किसान ने कमरे में मगरमच्छ देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने किसी तरह पत्नी-बच्चों को बाहर निकालकर कमरा बंद कर दिया और वन विभाग को सूचना दी, सोमवार सुबह वन विभाग की टीम मगरमच्छ को पकड़ ले गई।गांव

बिरासिन से एक किलोमीटर दूर कैमुआ नाला है। बरसात और बाढ़ में जलभराव के चलते मगरमच्छ नाले से निकलकर गांव के करीब बड़े गड्ढों में भरे पानी में पहुंच गया। वहां से रविवार रात शिवकुमार के घर के एक कमरे में घुस गया गया। उसी कमरे में उसकी पत्नी और बच्चे भी सोए हुए थे।

ऑनलाइन ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

बदायूं, अमृत विचार : सदर कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय ठगी करने वाले युवक का गिरफ्तार कर लिया है। वह बदायूं के अलावा कई जिलों व राज्यों में लोगों को ठगी का शिकार बना चुका है। उसके खिलाफ बदायूं के अलावा राजस्थान और दिल्ली में मामले दर्ज हैं। मूल रूप से असम के गुवाहाटी के सेंजू नगर निवासी राजवीर उर्फ हरविंद सिंह वर्तमान में दिल्ली के निहाल बिहार थाना क्षेत्र की कॉलोनी चंदन विहार में रह रहा है। उसने शहर के गौरव भारद्वाज के अलावा कई राज्यों में लोगों से लाखों की ठगी की।

सार-संक्षेप

अमरोहा में 12 से अधिक क्लीनिक और अस्पताल सील

अमरोहा, अमृत विचार : जिलेभर में सोमवार को अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक और अस्पतालों पर प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान 12 से अधिक अस्पतालों को सील कर दिया गया। कई संचालकों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निर्देश पर प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को जिले में अवैध अस्पताल संचालकों एवं झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई की। एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और स्वास्थ्य विभाग की टीमें ने यह कार्रवाई की है। कहीं मेडिकल स्टोर में एक्सपायरी डेट की दवा मिलीतो कहीं मेडिकल स्टोर को क्लीनिक के रूप में प्रयोग होता पाया गया। एक जगह तो मेडिकल की कोई डिग्री नहीं मिलने पर क्लिनिक को सील कर दिया गया। कई जगह अनियमितताएं मिली।

सौतेले पिता ने किशोरी से एक साल तक किया दुष्कर्म

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में एक किशोरी ने सौतेले पिता पर एक साल तक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि एक युवक जनपद बुलंदशहर के पास ईंट भट्ठे पर काम करने वाली उसकी मां व उसे 7 साल पहले अपने साथ ले आया था। 9 वर्षीय किशोरी का कहना है कि करीब एक वर्ष पहले उसकी मां बिना बताए कहीं चली गई। किशोरी का आरोप है कि मां के जाने के बाद सौतेला पिता किशोरी को डरा धमकाकर एक साल से दुष्कर्म करता आ रहा है। पिता की हरकतों से परेशान होकर किशोरी ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि किशोरी अपने सौतेले पिता के पास रहना नहीं चाहती है। किशोरी सौतेले पिता के चाचा के पास रह रही है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

गोद से बच्चे को छीन ले गया जानवर

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार : कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव दियौरा खास के मझरा मिलक में रविवार की रात तीन बजे जंगली जानवर दादी की गोद से दो माह के बच्चे को मुंह में दबाकर ले गया लेकिन मकान की दीवार फांदते समय बच्चा जानवर के मुंह से छिटक गया। शोर शराबा होने पर जानवर भाग गया। जबकि बच्चा मामूली रूप से चोटिल हो गया। घटना से ग्रामीणों में दहशत है। वन विभाग की टीम ग्रामीण के घर पहुंची और गांव में सीसीटीवी कैमरा लगाया है। रविवार की रात गांव दियौरा खास के मझरा मिलक निवासी महिला कुसम पत्नी रामवीर यादव घर के बरामदे में अपने दो माह के पौत्र प्रियांश पुत्र राहुल के साथ सो रही थी। प्रियांश की मां विनीता और अन्य परिजन भी आसपास सोए थे। रात तीन बजे बच्चा रोने लगा तो दादी उसे गोद में लेकर चुप करा रही थी। तभी अचानक जंगली जानवर घर की दीवार फांद आया और महिला की गोद से बच्चे को छीन लिया और मुंह में दबाकर ले जाने लगा।

उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग के परीक्षा नियंत्रक बने देवेंद्र

लखनऊ, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग में परीक्षा नियंत्रक की भी नियुक्ति कर दी गई है। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक देवेंद्र प्रताप सिंह को प्रतिनियुक्ति पर तीन साल के लिए नए आयोग का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। शासन के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी की ओर से सोमवार को देवेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति का आदेश जारी करते हुए अविलंब कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले नए आयोग के गठन के सालभर बाद एक सितंबर को गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रो. कीर्ति पांडेय को अध्यक्ष बनाया गया था। 21 अगस्त 2023 को नए आयोग का अधिनियम कैबिनेट से पास हुआ था। उसके बाद 13 नवंबर 2023 को नियमावली को मंजूरी मिली। दरअसल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से परीक्षाएं आयोजित करने के लिए अब नए आयोग में परीक्षा नियंत्रक का पद सृजित किया गया है।

यूपी न्यायिक सेवा परीक्षा परिणामों पर एक और आपत्ति हुई दर्ज

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित यूपी न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा 2022 के घोषित परिणामों को चुनौती देते हुए एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें याची ने दावा किया है कि उसे मुख्य लिखित परीक्षा में लिखे गए उत्तरों के सापेक्ष कम अंक दिए गए हैं। अगर उसे दो अंक और दिए गए होते तो उक्त परीक्षा में उसका चयन हो गया होता।

हालांकि आयोग के अधिवक्ता ने याची के तर्कों का खंडन करते हुए कहा कि 20 जून 2024 को याची ने उत्तर पुस्तिकाओं के निरीक्षण के बाद अपनी संतुष्टि व्यक्त की थी और कोई आपत्ति नहीं जताई थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना विचार बदल दिया और आपत्ति जताते हुए वर्तमान याचिका दाखिल की है। अंत में कोर्ट ने 14 जून की सार्वजनिक अधिसूचना और 30 अगस्त 2024 तक उत्तर पुस्तिकाओं से संबंधित सभी शिकायतों के निवारण के मद्देनजर कहा कि वर्तमान में अंतरिम स्थगन आदेश का कोई मामला नहीं बनता है। इसके अलावा कोर्ट ने पाया कि उपरोक्त परीक्षा को लेकर अन्य आपत्तियां भी उठ रही हैं।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदेश की कौशल क्षमता को देखेगा पूरा विश्व : कपिल देव

लखनऊ,अमृत विचार : ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से शुरू हो रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2.0, में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग अपना पैवेलियन भी लगाएगा। इसमें आईटीआई और उप्र कौशल विकास मिशन की उपलब्धियों को विश्व पटल पर पहचान मिलने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। यह जानकारी सोमवार को व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि युवाओं के लिए उप्र. कौशल विकास मिशन अंतर्गत कई विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि प्रदेश के युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

कई आईएएस अधिकारी इधर से उधर

लखनऊ, अमृत विचार : शासन ने सोमवार को पांच आईएएस अधिकारियों के कामकाज में फेरबदल किया है। स्थानांतरण के इस क्रम में अम्बेडकरनगर की मुख्य विकास अधिकारी प्रनत ऐश्वर्य को विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग व संयुक्त प्रबंध निदेशक, जल निगम (ग्रामीण) के पद की ज़िम्मेदारी दी गई है। अपर निदेशक, सूडा आनंद कुमार शुक्ला को सीडीओ अम्बेडकरनगर बनाया गया है। वहीं, विशेष सचिव, भूतत्व एवं खनिकर्म उमेश प्रताप सिंह को इसी पद पर पिछड़ा वर्ग विभाग में भेजा गया है। विशेष सचिव ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत और निदेशक नेडा अनुपम शुक्ला को वर्तमान पद के साथ प्रबंध निदेशक, यूपी नवीनीकरण एवं ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी के साथ शासन ने प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव और नरेंद्र भूषण को मुख्य सचिव का वेतनमान दे दिया है। अनुराग श्रीवास्तव नमामि गंगे व ग्रामीण जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव हैं। नरेंद्र भूषण ऊर्जा विभाग के प्रमुख सचिव हैं।

उत्तराखंड

हल्द्वानी में भक्त प्रह्लाद की मूर्ति तोड़ने पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शहर के मुख्य सिंधी चौराहे पर देर रात हंगामा शुरू हो गया। सबसे पुराने होली मैदान में लगी भक्त प्रह्लाद की मूर्ति तोड़ने की खबर से हिंदुवादी संगठन के लोग बड़ी संख्या में सड़क पर आ गए।

हल्द्वानी में होली ग्राउंड पर भक्त प्रहलाद की खंडित मूर्ति मिलने के बाद लगी भीड़। (इनसेट में) टूटी पड़ी मूर्ति।

मूर्ति तोड़ने का आरोप समुदाय विशेष के लोगों पर लगाते हुए अराजकता करने लगे। समुदाय विशेष के लोग होली ग्रांउड के आसपास फलों के ठेले लगाते हैं। बवाल की सूचना पर भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। घटना से बनभलपुरा इलाके में भी तनाव की आशंका है। देर रात तक पुलिस मानमनौव्वल में जुटी रही। सिंधी चौराहे पर शहर का प्रमुख होली मैदान है। यहां शहर का मुख्य होलिका दहन किया जाता है। जुलाई माह में मैदान के एक पिलर में भक्त प्रह्लाद की मूर्ति लगाई गई थी। जिसे एक व्यक्ति ने जमीन पर गिरे देखा। अफवाह फैली की ये काम समुदाय विशेष के उन लोगों का है जो मैदान के आसपास ठेला लगाते है। करीब आधे घंटे में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। धार्मिक नारे लगने लगे और देखते देखते लोगों अराजकता शुरू कर दी। जानकारी मिलते की कई थानों, चौकियों का पुलिस बल और आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। नारेबाजी करते हिंदूवादी संगठन के लोग मूर्ति तोड़ने वाले को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग पर अड़ गए।

राज्य में एनसीसी विस्तार को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

देहरादून, अमृत विचार : राज्य में एनसीसी की चाह रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। रक्षा मंत्रालय ने उत्तराखंड में एनसीसी के विस्तार को मंजूरी देदी है। इसी के साथ अब राज्य में एनसीसी में 7500 नए कैडेट्स भर्ती किए जाएंगे। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त राज्य प्रतिनिधियों की द्विवार्षिक कार्यक्रम में रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने उत्तराखंड में एनसीसी के विस्तार को मंजूरी दी है। बैठक में प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रतिभाग कर राज्य में एनसीसी के विस्तार, बजट, एवं अवसंरचना से मुद्दों को प्रमुखता से रखा।

एक अक्टूबर से खुलेगा तराई का फाटो जोन

काशीपुर, अमृत विचार : तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन को पर्यटकों के लिए एक अक्टूबर से खोला जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने जोन के क्षतिग्रस्त रास्तों के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया है। वहीं विभाग के अधिकारियों ने जोन को एक अक्टूबर से खोलने की तैयारी पूरी कर ली है। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से सटा तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन डे विजिट सफारी के मामले में पर्यटकों की पहली पसंद है। वन विभाग के अधिकारियों ने पर्यटकों की सुरक्षा को देखते हुए जुलाई माह में जोन को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया था। अधिकारियों ने जोन को एक अक्टूबर से पर्यटकों के लिए खोलने का निर्णय लिया है।

किच्छा में पकड़ा गया बरेली का तस्कर, 161 ग्राम स्मैक बरामद

किच्छा, अमृत विचार : चेकिंग के दौरान किच्छा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बरेली के एक तस्कर को पकड़ा गया है, उसके पास से 161 ग्राम स्मैक बरामद की गई है।

इस बीच तस्कर का साथी बाइक से फरार हो गया। बरामद स्मैक की कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। जांच में दो अन्य तस्करों के बारे में भी जानकारी मिली है, पुलिस उन पर शिकंजा कसने में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा ने बताया कि दरऊ चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम कुरैया में ग्राम मिलक संपर्क मार्ग पर चेकिंग के दौरान बरेली नंबर की मोटर साइकिल को रोकने का प्रयास किया। बाइक पर दो लोग सवार थे। पुलिस के रोकने पर बाइक सवार युवकों ने बाइक सहित भागने की कोशिश की। पुलिस ने पीछा कर एक युवक को पकड़ लिया लेकिन पकड़ा गया आरोपी कमल सिंह शेरगढ़ (बरेली) का है।

कार्यालय ग्राम पंचायत रसूला तालिब हुसैन वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रसूला तालिब हुसैन की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मोर सिंह — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत दुआवट वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत दुआवट की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मो. उमर — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत मधुकरपुर वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मधुकरपुर की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

श्यामाचरण — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत खिजरपुर वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खिजरपुर की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मुन्तजर मेंहदी — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत बढ़ेपुरा वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बढ़ेपुरा की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

मुन्ने बख्श — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत कमुआ वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कमुआ की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सरन कुमार — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत सनेकपुर वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सनेकपुर की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

जन्नती बेगम — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत सदरपुर वि.ख. नवाबगंज (बरेली)

पत्रांक: मैमो/निविदा/2024-25 दिनांक:

निविदा आमंत्रण सूचना

पंजीकृत फर्मो के समस्त आपूर्तिदाताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सदरपुर की वित्त वर्ष 2024-25 की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुरूप 15वां वित्त आयोग, पंचम वित आयोग, ओ.डी.एफ. प्लस SLWM, ICDS, RGSA मनरेगा व शासन से प्राप्त अन्य धनराशि से ग्राम पंचायत में सी.सी. रोड, इंटरलाकिंग रोड निर्माण, नाली नव निर्माण/मरम्मत, खड़जा नव निर्माण/अनुरक्षण, शवदाह गृह/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, हैंड पम्प रिबोर, हैंड पम्प मरम्मत, सार्वजनिक स्थलों की भूमि पर मिट्टी कार्य, स्कूल में टाइल कार्य, दिव्यांग शौचालय निर्माण, स्कूलों का जीर्णोद्धार कायाकल्प, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का जीर्णोद्धार, जू.वि. की बाउण्ड्रीवाल निर्माण, पंचायत घर मरम्मत/जीर्णोद्धार, पंचायत घर का गेट, आंगनवाड़ी केंद्र निर्माण, सी.एस.सी. केंद्र निर्माण, राशन की दुकान निर्माण, स्कूल शौचालय निर्माण/मरम्मत, पशु शेड, RRC सेंटर निर्माण, सोक पिट, खाद के गड्ढे निर्माण, सार्वजनिक शौचालय मरम्मतध जीर्णोद्धार, अमृत सरोवर, विधुतीकरण, स्ट्रीट व सोलर लाइट स्थापना व मरम्मत, स्टेशनरी, ठेली क्रय/मरम्मत, कूडेदान क्रय, पंचायत घर में इंटरनेट स्थापना, प्रिंटर, कैमरे, मेज, कुर्सी, अलमारी, दरी, फैन, स्टेशनरी व अन्य उपकरण क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, स्प्रे नशीन, तपाई फिट प्राय, विद्यालय हेतु LED TV क्रय, रिक्शा क्रय, वॉल पेंटिंग, रूफ रेन वाटर निर्माण ओपन जिम बोट क्रय, वक्षारोपण, साफ सफाई आदि व अन्य आवश्यक कार्य कराए जाने हैं जिसके लिए प्रथम ईट, रोड़ा, इंटरलाकिंग ईट, सीमेंट, बजरी, बजरपुट, रेता, सरिया, लोहा, टीन, टाईल, पाइप, टोंटी, लोहे के तार, मिट्टी, पुट्टी, पेंट, जल आपूर्ति सामग्री व अन्य आवश्यक गुणवतापूर्ण व उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु सीलबंद निविदाएँ ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 23.09.2024 को अपरान्ह 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 26.09.2024 को 04.00 बजे आपूर्तिदाताओं के सामने खोली जाएंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

प्रेमवती देवी — ग्राम प्रधान
काजल — ग्राम विकास अधिकारी

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च!

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है। (कठोपनिषद 2-5-9)

संपादकीय

बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

प्रसंगवश

अव्यावहारिक मुद्दा

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी,जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी,जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी,जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल(यूनाइटेड)और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा,जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं,वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है,किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए,तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही;'फिर एक देश एक चुनाव'कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है,तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें;फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल,देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है ,जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।

जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था,जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी,वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही,पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी,अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है,वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार,जो पहले असंभव लगते थे,साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार,जो पहले संभव लगते थे,ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर,आश्वस्त,जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात,वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर,कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है,इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका,कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

सोशल फोरम

हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है , जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों-हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत-संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली- हरियाणा-पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।

-फेसबुक वॉल से

एक देश, एक चुनाव के मायने



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।

शुद्धता - एक दिवास्वप्न



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई,तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया,ज बकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य,जल,वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।

काम का दबाव

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।

केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना,और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।

क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।

डॉक्टरों की कमी पूरी करें, वरिष्ठ नागरिकों को दें आयुष्मान कवर

विशेषज्ञ डॉक्टरों को बेहतर मानदेय व इंसेंटिव की सुविधा से जोड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को हिदायत दी है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग प्रिंसिपल, डॉक्टरों व अन्य सहयोगी स्टाफ की भर्ती की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि अच्छे मानदेय व कार्य के अनुसार इंसेंटिव की सुविधा के साथ विशेषज्ञ डॉक्टर्स को जोड़ा जाए। कहा कि राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग व ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। प्राइवेट हास्पिटल्स के बेहतर कार्यों को देखते हुए उनके रजिस्ट्रेशन की समयावधि को कम से कम तीन से पांच वर्ष किया जाए।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की और इस संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरुप 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के संबंध में विभाग को सभी आवश्यक कार्य व प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके।

कॉर्पस फंड की व्यवस्था करें अस्पताल

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मेडिकल कॉलेज अपने यहां चिकित्सकीय उपकरणों-एक्स रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, सीटी स्कैन, एमआरआई मशीन व लिफ्ट इत्यादि के अनुरक्षण कार्यों के लिए अपने यहां एक कॉर्पस फंड की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कोरोना काल खंड में हेल्थ वॉलंटियर्स के अनुभवों का विभाग लाभ उठाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गाजियाबाद में एम्स सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने जा रही है। इसके लिये सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को समय से पूरी हो जाएं।

नीट यूजी : 2691 सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग

लखनऊ, अमृत विचार: नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मैडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट व्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। इसके बाद अभ्यर्थी कॉलेजों में सीट की उपलब्धता देकर मनपंसद कॉलेज की प्राथमिकताएं दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

मध्यांचल निगम ने खोला गोवा की ब्लैक लिस्टेट कंपनी का टेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पावर कॉरपोरेशन रिपोर्ट मंगाकर करे जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई : उपभोक्ता परिषद

अमृत विचार: बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में ब्लैक लिस्टेट किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गवर्मेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंसिशल बिड' खोलने की तारीख 19 सितंबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है। प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है। कंपनियों को 5 अगस्त को काली सूची में डाला गया था।

विश्व का कल्याण सनातन धर्म से संभव : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

कहा, गाय को राष्ट्र माता का दर्जा मिले

सोमवार को लखनऊ में पत्रकार वार्ता करते शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से वार्ता करते हुए जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि विश्व कल्याण के लिए सनातन धर्म की शरण में जाना होगा। विश्व का कल्याण सनातन धर्म से संभव है। सनातन धर्म को दुनिया श्रेष्ठ धर्मों में से एक है और इस धर्म की प्रासंगिकता चिर काल तक रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदू वह जो गोकशी रोके, गोरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहे। गाय को पशु सूची से हटाकर पूजनीय सूची में रखा जाना चाहिए और राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाना चाहिए। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना चाहिए।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने बताया कि गो हत्या रोकने के लिए मेरी ओर से निकाली जा रही यात्रा का सबसे पहले विरोध भाजपा ने किया। लेकिन, मुझे इसकी परवाह नहीं। गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी। यात्रा नगालैंड भी जाएगी, अभी तक कार्यक्रम में कोई संशोधन नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया कि सनातन धर्म में गो-माता की बहुत महत्ता है। देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, लेकिन किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं।

गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो यूपी में गाय नहीं कट रहीं होतीं। उन्होंने यह भी कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। क्योंकि उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने की बात सामने आई थी। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा।

भदरसा दुष्कर्म मामले में दाखिल हुआ आरोप पत्र

अयोध्या, कार्यालय

- पॉक्सो एक्ट अदालत में 26 को तय है रिमांड पेशी

अमृत विचार : सियासत के साथ शासन-सत्ता तक हलचल मचाने वाले पूराकलंदर थाना क्षेत्र निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में विवेचक ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत में प्रस्तुत कर दिया है।

अभियुक्तों के रिमांड की पेशी 26 सितंबर पहले से ही नियत की गई है। मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पुष्टि अभियुक्त मोईद खान के अधिवक्ता वाईवी मिश्रा ने किया है। थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान मोईद खान का नौकर राजू खान खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद खान के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया और इसी आपत्तिजनक वीडियो के सहारे बलैकमेल कर राजू ने पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई।

पिता ने गर्म चिमटे से बेटी को दागा किया गिरफ्तार

बांदा, एजेंसी: ललितपुर में बच्चों के साथ खेलने पर एक व्यक्ति ने अपनी 11 साल की बेटी को गर्म चिमटे से कई जगह दाग दिया। पुलिस ने सोमवार को मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के बारौन गांव में रामस्वरूप उर्फ रमसू की 11 साल की बेटी हमउम्र बच्चों के साथ शनिवार को घर में खेल रही थी। इसी दौरान बोरी में रखी पोई की भाजी बकरियों ने गिरा दी। उन्होंने बताया कि इसी से नाराज रमसू ने चूल्हे के पास रखे गर्म चिमटे से बेटी की हथेली और शरीर के कई अंगों को दाग दिया। बचाने आए बच्ची के बाबा को भी बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।

पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

- कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण
- चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

अमृत विचार : कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया।

बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं। कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र में किराए पर रहता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरैया में फेंक दिया।

रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

डॉ.सुदीप वर्मा बने औषधि निरीक्षक आयुर्वेद

लखनऊ। आयुर्वेद निदेशालय में डॉ.सुदीप वर्मा को औषधि निरीक्षक नियुक्त किया गया है। निदेशक मानवेन्द्र सिंह ने सोमवार को आदेश करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रभारी अधिकारी आयुर्वेद निदेशालय डॉ.दिनेश सिंह पूर्व की भांति कार्य करते रहेंगे।

धर्म दर्शन

शर: पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है, उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है-आचार्य, स्वामी और संत।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।

वर्ग पहेली-201

बाएं से दाएं

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

ऊपर से नीचे

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।



वर्ग पहेली -200 का हल

	1 ह	क	2 ब	क
	ल		हु	3 जे
	फ़ी		का	ली
		4 कु	लि	या
	5 लि	पि	क	6 ता
		त		नू
7 जु	ई		8 स	फ़ी	र

सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			5	7		
1			7			9		4
		3		6	1			2
			8			2		1
2		6				4		3
3		9			7			
8			1	9		3		
4		7			8			9
		1	2			5		

सुडोकू - 113 का हल

8	6	9	1	3	2	5	4	7
5	1	4	9	8	7	2	3	6
7	3	2	5	6	4	9	8	1
4	7	5	3	2	8	6	1	9
1	2	6	4	5	9	8	7	3
3	9	8	7	1	6	4	2	5
9	5	1	8	4	3	7	6	2
6	4	3	2	7	5	1	9	8
2	8	7	6	9	1	3	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

वृष — आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

मिथुन — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

कर्क — आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

सिंह — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

कन्या — आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

तुला — आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

वृश्चिक — आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

धनु — आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर — आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

मीन — आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

औलाद
सुबह : 09.24
कुली नं. 1
रात : 07.16

खिलाड़ियों का खिलाड़ी
सुबह : 10.53
तरला
रात : 08.00

2012
सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स
रात : 08.45

रक्षाबंधन
दोपहर : 12.16
स्कंदा
रात : 08.00

शिवा द सुपर हीरो 3
सुबह : 11.27
गुप्त
रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2475, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि . 2145, रविन्द्रा 2390, फॉर्चुन ली . 1975, जय जवान 1915, सचिन 1990, सूरज 1940, अवसर 2050, राग गोल्ड 2090, गृहणी ली 1990, क्लासिक (किलो) 2085, मोर 2110, चक्र टिन 2245, ब्लू 2160, आशीर्वाद मस्टर्ड 2350, स्वास्तिक 2445 । किराना-(प्रतिकु .) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31200, लाल मिर्च 18000-22000, धनिया 8000-10000, अजवायान 15500-23000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800-900, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140-180, मखाना 900-1150 । चावल - (प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9200, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10100, जेनिथ 10000, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 13700-14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050-7500 मलका दाल 7275-7900, मलका छोंटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 9600-10200, मसूर दाल छोटी 8900-9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900,चना काला 8800, दाल चना 9250, लाल हिंदुस्तान 9350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 9000, डबरा 10200-11200, सच्चा हीरा 13000, मोटा हीरा 15000, अरहर गोला मोटा 13000, अरहर पटका मोटा 13600, अरहर कोरा मोटा 14000, अरहर पटका छोटा 15300-15700, अरहर कोरी छोटी 16100 । चीनी - डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी 4040 ।

सर्राफा

बरेली

गोल्ड (पक्के जेवर)	76150
गोल्ड (गिन्नी जेवर)	75150
सिल्वर (पक्की)	888 (अनुमानित)

वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की आई कमी

सिंधिया ने बताया दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

- मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या
- 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है
- 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

नई दिल्ली। सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

- केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू

मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम

आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

क्लेम के प्रकार- मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं - कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।

कैशलेस क्लेम : इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

रीइम्बर्समेंट क्लेम : इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

तीन तरह के क्लेम

थर्ड पार्टी (टीपी) : भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

ओन डैमेज (ओडी) : दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

चोरी : अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।

डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

टीए रामलिंगम
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)

राष्ट्रीय

एक नजर

सीबीआई ने की विधायक व डॉक्टर से सात घंटे पूछताछ

कोलकाता। सीबीआई ने आर जी कर कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी में सोमवार को टीएमसी विधायक निर्मल घोष से सात घंटे पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि फोरेंसिक विभाग में डॉक्टर अपूर्ब बिस्वास से भी पूछताछ हुई। पानीहाटी से टीएमसी विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने बताया कि घोष पर मृतक डॉक्टर के जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करने में भूमिका का संदेह है। उस दिन उन्हें अस्पताल और शवदाह गृह सहित कई अन्य स्थानों पर देखा गया था। कॉल डिटेल के अनुसार पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष और निर्मल घोष में बातचीत हुई थी।

छत्तीसगढ़: महिला समेत तीन नक्सली मारे गए

नारायणपुर। जिले में सोमवार को खोजी अभियान पर निकले जवानों की मुठभेड़ नक्सलियों से हुई, जिसमें तीन नक्सली मारे गए। मृतक नक्सलियों के पास से एके 47 सहित कई हथियार मिले। इलाके में जवानों ने सघन खोजी अभियान चलाया है। पुलिस ने बताया कि जवानों को खबर मिली थी कि इलाके में नक्सली बैठक कर रहे हैं। शाम 4 बजे वह अबूझमाड़ के जंगल पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी की तो जवानों के जवाबी कार्रवाई में एक महिला समेत तीन नक्सली मारे गए।

सैन्य अधिकारी व मंगेतर के उत्पीड़न पर आयोग गठित

भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने थाने में सैन्य अधिकारी का उत्पीड़न और उसकी मंगेतर के यौन शोषण की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

तिरुपति लड्डू विवाद : याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

- टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध

मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप

तिरुपति। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वत: संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वत: संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीन चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में मौत

बदलापुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे ने हिरासत में पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

आरोपी शिंदे को तलोजा जेल से पुलिस रिमांड पर लेकर बदलापुर जा रही थी। आरोपी ने गाड़ी में पुलिसकर्मी से रिवाल्वर छीन ली और पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर फायरिंग की गई। इसमें अक्षय शिंदे को गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया।

अक्षय शिंदे की मौत को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अक्षय शिंदे की पूर्व पत्नी ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इसलिए उसे जांच के लिए ले जाया जा रहा था। शिंदे ने एक पुलिस कर्मी नीलेश मोरे पर गोली चलाई, जो घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर है। पुलिस ने आत्मरक्षा में यह कार्रवाई की है। जांच के बाद अधिक जानकारी सामने आएगी।

बदलापुर यौन शोषण

- अस्पताल में आरोपी ने तोड़ा दम, एक पुलिसकर्मी घायल

जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।

श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

श्रीनगर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

यूएपीए: मुकदमे की मंजूरी देने में समयसीमा का सख्ती से हो पालन

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत अभियोजन मंजूरी की सिफारिश और स्वीकृति के लिए निर्धारित समयसीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। ऐसी समयसीमाओं के बिना सत्ता बेलगाम हो जाएगी, जो एक लोकतांत्रिक समाज के खिलाफ है।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अन्यथा सत्ता हो जाएगी बेलगाम

यूएपीए के नियम 3-4 सात दिन की समयसीमा देते हैं, जिसके भीतर संबंधित प्राधिकारी को आईओ द्वारा एकत्रित सामग्री के आधार पर सिफारिश करनी होती है। अदालत ने प्राधिकारी की रिपोर्ट पर कहा कि ऐसे मामलों में समय का पालन महत्वपूर्ण है। कोर्ट ने फुलेश्वर गोपे की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। गोपे पर पीएलएफआई का सदस्य होने का आरोप है।

निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा

पटना, एजेंसी

बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है जो एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। प्रबीन गुप्ता ने बताया कि खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया।

- बिहार राज्य में हाल के दिनों में ढह चुके हैं एक दर्जन से अधिक पुल

महिलाओं के पवित्र वजूद की रक्षा जरूरी : अदालत

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है। इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है।

सूरत: पटरी से छेड़छाड़ में रेलवे के ही कर्मी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं। पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व पटरी से ट्रेन को उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं।

- हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय का अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट हटाना संभव नहीं था। तीनों के मोबाइल फोन की जांच की और देर रात 2.56 बजे से तड़के 4.57 बजे तक अलग-अलग अंतराल पर रिकॉर्ड किए छेड़छाड़ वाले वीडियो पाए। मिस्त्री ने अपनी खींची तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। उन्होंने बताया कि वे इस कृत्य में इसलिए शामिल हुए कि उन्हें सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा, जिससे उन्हें दिन में परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा। वह पोद्दार ही था, जिसके मन में यह विचार आया, क्योंकि मानसून में लगाई गई उसकी रात्रि ड्यूटी समाप्त होने वाली थी।

20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है

नई दिल्ली, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

गाले, एजेंसी

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

मोहन बागान ने नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को हराया

कोलकाता। सुभाशीष बोस के दो गोल की मदद से मोहन बागान ने एक गोल से पिछड़ने के बावजूद इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के मैच में सोमवार को यहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड को 3-2 से शिकस्त दी। सुभाशीष ने मैच के 61वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया और फिर स्टॉपेज समय (90 1 मिनट) में अपने दूसरे गोल से टीम को 3-2 की बढ़त दिला दी, जो निर्णायक साबित हुई। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने इससे पहले चौथे मिनट में मोहम्मद अली बेमाम्मेर के गोल से बढ़त हासिल कर ली लेकिन इसके छह मिनट के बाद दीपेंदु विश्वास के गोल से स्कोर 1-1 हो गया। अलाइद्दीन अजाराई ने 24वें मिनट में गोल कर फिर से नॉर्थईस्ट को आगे कर दिया लेकिन मध्यांतर के बाद सुभाशीष ने दो गोल कर मौजूदा सत्र में डूरंड कप का खिताब जीतने वाली टीम के मंसूबों पर पारी फेर दिया। मोहन बागान की दो मैचों में यह पहली जीत है।

द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

शारजाह। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने श्रृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

मैड्रिड। बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी

जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लार्ड्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत

चेन्नई। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ

नई दिल्ली। अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो श्रृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट श्रृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ श्रृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

बर्लिन। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा

- कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका

चेन्नई, एजेंसी

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

बॉलीवुड हलचल

मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा

जयपुर। गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी

हैदराबाद। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी

विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

अनोखी प्रतियोगिता

केरल में बैलों की दौड़ प्रतियोगिता चर्चा में रहती है। खास मौकों पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। कोझिकोड जिले में किसान अपने बैलों के साथ दौड़ता हुआ। एजेंसी

सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।

कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंततः उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

एक नजर

ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

तेहरान। ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

ट्रंप की हत्या की कोशिश करने वाले की होगी गिरफ्तारी

वाशिंगटन। अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास के संदिग्ध को बिना जमानत के गिरफ्तार करने का आदेश दिया। यह जानकारी सीएनबीसी ने सोमवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संदिग्ध, 58 वर्षीय रयान राउथ को बंदूक रखने और मिटाए गए सीरियल नंबर के साथ बंदूक रखने के आरोप में हिरासत में रखा जाएगा।

अगर हारा, तो यह चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा।

भारत में विकास की अनंत संभावनाएं : मोदी

प्रधानमंत्री ने अमेरिका की 15 प्रमुख प्रौद्योगिक कंपनियों के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई।

बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और उन्होंने कंपनियों को सहयोग एवं नवोन्मेष के मामले में भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनियां भारत में दुनिया के लिए सह-विकास, सह-डिजाइन और सह-उत्पादन कर सकती हैं। भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, अडोब के सीईओ शांतनु नारायण, एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के सीईओ शामिल हुए।

न्यूयॉर्क के एक होटल में कंपनियों के सीईओ के साथ उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

प्रधानमंत्री ने वैश्विक नेताओं से की मुलाकात

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में यह जानकारी दी।

भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध

सीईओ के साथ बैठक में मोदी ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को बायोटेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने के लिए भारत की बायो ई3 (पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने एआई के विषय पर कहा कि भारत की नीति सभी के लिए एआई को बढ़ावा देने तथा इसके नैतिक और जिम्मेदारी से उपयोग पर आधारित है।

सीईओ ने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की

सीईओ ने ऐसे वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की, जो इसकी नवोन्मेष-अनुकूल नीतियों और समृद्ध बाजार के अवसरों से प्रेरित है। उन्होंने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में भी गहरी रुचि व्यक्त की। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में बायोजेन इंक के सीईओ क्रिस विहबैकर, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब के सीईओ क्रिस बोर्नर, एली लिली एंड कंपनी के सीईओ डेविड ए रिक्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, ग्लोबलफाउंड्रीज के सीईओ थॉमस कौलफील्ड और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल थे।

इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

- लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।

ईरान के राष्ट्रपति ने इजराइल पर युद्ध भड़काने का लगाया आरोप

संयुक्त राष्ट्र। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने इजराइल पर मध्य पूर्व में व्यापक युद्ध भड़काने और उनके देश को संघर्ष में घसीटने के लिए जाल बिछाने का आरोप लगाया। मसूद पेजेशकियान ने मीडिया को बताया कि ईरान नहीं चाहता कि गाजा में मौजूदा युद्ध और इजराइल-लेबनान सीमा पर हवाई हमले बढ़े। जबकि इजराइल इस बात पर जोर देता है कि वह व्यापक युद्ध नहीं चाहता है, वह ऐसी कार्रवाई कर रहा है जो इसके विपरीत दर्शाती है।

पाकिस्तानी विमान में धुएं की चेतावनी, आपात स्थिति में लाहौर उतरा

लाहौर। पाकिस्तान के एक निजी एयरलाइन के यात्रियों से भरे विमान में सोमवार को आग लग गई, जिसके बाद उसे लाहौर हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतारना पड़ा। पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) के अनुसार, फ्लाई जिन्ना की उड़ान एफएल-846 सोमवार को चालक दल सहित 171 यात्रियों के साथ कराची से लाहौर के लिए रवाना हुई। सीएए के प्रवक्ता सैफुल्ला खान ने पीटीआई भाषा को बताया कि कैप्टन ने शाम 7:15 बजे लाहौर के पास कार्गो डिब्बे में धुआं निकलने की सूचना दी। उन्होंने कहा कि आपातकालीन लैंडिंग के दौरान किसी भी स्थिति से निपटने के लिए हवाई अड्डा प्राधिकरण का अग्निशमन विभाग घटनास्थल पर मौजूद था।

रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

मॉस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा।

ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।

इतिहास पर लेखन के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार की दौड़ में जोया व नंदिनी

लंदन। ब्रिटेन में रह रहीं शिक्षाविद जोया चटर्जी और नंदिनी दास समेत छह लेखकों को इतिहास पर उनके बेहतरीन लेखन के लिए प्रतिष्ठित वोल्फसन पुरस्कार की अंतिम सूची में शामिल किया गया है। दिल्ली में जन्मीं चटर्जी, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के इतिहास संकाय में दक्षिण एशियाई इतिहास की प्रोफेसर हैं। उनकी किताब शैडोज एट नून...द साउथ एशियन ट्वेंटिएथ सेंचुरी को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। इस किताब में ब्रिटिश राज से लेकर स्वतंत्रता और विभाजन तक के इतिहास को दर्शाया गया है। कोलकाता में जन्मीं दास ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्रारंभिक आधुनिक साहित्य और संस्कृति की प्रोफेसर हैं।

दिसानायके ने नए युग का किया वादा

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने ली शपथ, कहा- अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौंवे राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।

मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

द हेग, एजेंसी

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।

मध्यस्थता सुनावाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। एजेंसी

जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

स्क्रैंटन (अमेरिका)। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

बमाको। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

ज्ञान-विज्ञान | 466 मिलियन वर्ष पहले थे वलय, नए शोध से हुआ खुलासा

अतीत में शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी पृथ्वी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बेहद रोचक जानकारी सामने आ रही कि पृथ्वी भी कभी शनि ग्रह के समान छल्लों से घिरी हुई थी। ऑस्ट्रेलिया स्थित मोनाश यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह दावा किया है। शोध में बताया गया है कि 466 मिलियन वर्ष पहले पृथ्वी के चारों ओर वलय थे।

इसमें दो राय नहीं कि प्रकृति कभी एक समान नहीं हो सकती। बदलना इसका स्वभाव रहा है। हमारी धरती भी इससे अछूती नहीं है। कभी यह धधकती आग का गोला हुआ करती थी तो कभी भीषण हिमयुग की चपेट में रही। मगर अब जो जानकारी सामने आई है, वह आश्चर्य व्यक्त करने वाली है। हमारे सौर मंडल में रिंग सिस्टम आम हैं। शनि, बृहस्पति, यूरेनस, नेपच्यून और यहां तक कि कुछ बौने ग्रहों और क्षुद्रग्रहों में भी छल्ले हैं। अतीत में पृथ्वी के वलयों को लेकर किए गए शोध पर सच्चाई झलकती है। ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने 16 सितंबर को इसका खुलासा किया है। 466 मिलियन वर्ष पहले यानी पृथ्वी मध्य ऑर्डोविशियन काल के दौरान छल्लों से घिरी हुई थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि क्षुद्रग्रह प्रभाव से बने क्रेटर के अध्ययन से इसका पता चलता है। अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंस लेटर्स में यह शोध प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि लगभग 466 मिलियन वर्ष पहले एक बड़ा क्षुद्रग्रह पृथ्वी के रोश सीमा के भीतर से गुजरा था। रोश सीमा पृथ्वी से न्यूनतम दूरी होती है। जिसके भीतर पृथ्वी का आंतरिक गुरुत्वाकर्षण बल प्रभावी होता है। जिसके चलते पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण ने क्षुद्रग्रह को तोड़ दिया और मलबा छिटककर वलय बनकर पृथ्वी की परिक्रमा करने लगा। शोधकर्ताओं ने 466 मिलियन वर्ष पहले मध्यकाल के 21 ज्ञात क्षुद्रग्रह प्रभावों के स्थानों की जांच की। तब पता चला कि सभी क्रेटर भूमध्य रेखा के 30 डिग्री के भीतर स्थित थे। अनुसंधान दल ने अनुमान लगाया कि क्रेटर मलबे से बने हैं जो धीरे-धीरे पृथ्वी से टकराते चले गए।

दुनिया के तमाम क्षेत्रों का किया अध्ययन

वास्तव में इस पृथ्वी के वलयों का पता लगाना आसान नहीं था। जिसके लिए शोधकर्ताओं ने पृथ्वी के तलछट या बर्फ के नीचे दबे क्षेत्रों, नष्ट हुए क्षेत्रों और टेक्टोनिक गतिविधि से प्रभावित क्षेत्रों को बाहर रखा और पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, उत्तरी अमेरिकी क्रेटन और यूरोप के छोटे हिस्सों सहित विभिन्न महाद्वीपों को अध्ययन क्षेत्र बनाया। तब यह जानकारी सामने आ पाई।